फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 26 फरवरी 2024
वर्ष -2, अंक -186, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अनंत-राधिका का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन 1 से 3 मार्च तक 16
करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज 2

## हादसा टला : बिना ड्राइवर के 78 किमी. तक दौड़ी मालगाड़ी

होशियारपुर, एजेंसी



- कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान चल पड़ी मालगाड़ी
- पंजाब में ऊंची बस्सी के पास बोरियां लगाकर रोकी गई

पंजाब में जम्मू-जालंधर रेल खंड पर ऊंची बस्सी (मुकेरिया) के पास बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही एक मालगाड़ी के रुक जाने से रविवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही क्रशर से भरी मालगाड़ी को आज ऊंची बस्सी के पास रोक दिया गया।

मानवरहित ट्रेन ने बिना पायलट के 78 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की थी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान मालगाड़ी ढलान वाली पटरी पर लुढ़कने लगी। पंजाब के ऊंची बस्सी के पास रेत की बोरियों की मदद से ट्रेन को सफलतापूर्वक रोका गया। घटना की गहन जांच अभी चल रही है और जिम्मेदार लोगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस में नहीं थी इच्छाशक्ति, हमने बदल दी देश की तस्वीर

द्वारका (गुजरात), एजेंसी



- देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- स्कूबा डाइविंग कर समुद्र में डूबी द्वारका नगरी के दर्शन व पूजा-अर्चना भी की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा डाइविंग की और पानी में डूबी भगवान कृष्ण की प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करने के साथ ही वहां पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने जनसभा में कहा कि मैंने गहरे समंदर के भीतर जाकर प्राचीन द्वारका जी के दर्शन किए जो मेरे लिए एक दिव्य अनुभव था। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि पिछली सरकार में जमकर घोटाले हुए। कहा कि आपने 2014 में मुझे दिल्ली की गद्दी पर बैठाया, जिसके बाद से देश विकास के पथ पर चल पड़ा। पहले की सरकार में इच्छाशक्ति नहीं थी, आज चारों दिशाओं में निर्माण कार्य चल रहा है।

मोदी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की कर्मभूमि द्वारका धाम को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हमने वो दिन भी देखे हैं, जब सौराष्ट्र के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करते थे। जब मैं कहता था कि जिन नदियों में साल भर पानी रहता है, उनका पानी सौराष्ट्र और कच्छ में लाया जाएगा, तो कांग्रेस मेरा मजाक उड़ाती थी, लेकिन आज सौनी योजना ने सौराष्ट्र का भाग्य बदल दिया है। 1300 किमी से अधिक लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है, जो इतनी चौड़ी है कि उसमें से एक कार गुजर सकती है, सैकड़ों गांवों में अब पानी पहुंच गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- स्कूबा डाइविंग के दौरान दिव्य अनुभव हुआ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्कूबा डाइविंग कर द्वारका नगरी में प्रार्थना करना बहुत ही दिव्य अनुभव था। सफेद डाइविंग हेलमेट और गेरुआ वस्त्र पहने मोदी समुद्र तल पर पालथी मारकर बैठे और हाथ जोड़कर भगवान की प्रार्थना की। इस दौरान नौसेना के गोताखोरों ने उनकी इसमें मदद की। इससे पहले मोदी हाथ में मोर पंख लिए वहां पहुंचे और उसे भगवान कृष्ण को अर्पित किया। पानी से बाहर आने के बाद मोदी ने कहा कि साहस से कहीं अधिक, यह आस्था था। स्कूबा डाइविंग बेट द्वारका द्वीप के पास द्वारका के तट पर कराई जाती है, जहां लोग पुरातत्वविदों द्वारा खोजी गई समुद्र में डूबी प्राचीन द्वारका के मौजूद अवशेषों को देख सकते हैं। मोदी ने बाद में यहां एक सभा को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

### ओखा-बेट द्वारका को जोड़ता है सुदर्शन सेतु

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में ओखा और बेट द्वारका को जोड़ने वाले 978.93 करोड़ रुपये के अनुमानित खर्च से निर्मित देश के सबसे लंबे केबल-आधारित ब्रिज 'सुदर्शन सेतु' का रविवार को लोकार्पण किया। मोदी ने शिला पट्टिका का अनावरण कर 'विकसित भारत, विकसित गुजरात' के संकल्प को साकार करने वाले और देवभूमि द्वारका जिले सहित गुजरात की विशिष्ट पहचान बनने वाले इस सुदर्शन सेतु को आम लोगों के लिए खोला। भगवान द्वारकाधीश की पावन भूमि के सर्वांगीण विकास की गति को तेजी देने वाले सुदर्शन सेतु के थ्री-डी मॉडल को देखकर उन्होंने विस्तृत जानकारी हासिल की। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल उनके साथ मौजूद रहे।

## एक नजर

### सीएम करेंगे एम्युनेशन कांप्लेक्स का लोकार्पण





**कानपुर।** साढ़ में स्थापित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह द्वारा स्थापित किए गए एम्युनेशन कांप्लेक्स का सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय उद्घाटन करेंगे। वे 3.45 बजे साढ़ स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे और वहां से 4.50 बजे रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री और सेनाध्यक्ष यहां बनने वाले उत्पादों की जानकारी लेंगे। यह एशिया का सबसे बड़ा एन्युमेशन कॉम्प्लेक्स होगा। डिफेंस कॉरिडोर में शुरू होने वाली अडाणी समूह की यूनिट सेना में इस्तेमाल किए जाने वाले लघु शस्त्र से लेकर तोप-गोला तक बनाएगी।

### हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों को किया तलब

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में रियल एस्टेट डेवलपर हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी को पूछताछ के लिए 26 फरवरी को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि निरंजन एवं दर्शन हीरानंदानी को केंद्रीय एजेंसी के मुंबई स्थित कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है, लेकिन वे एक अधिकृत प्रतिनिधि के जरिए अपनी प्राथमिक प्रतिक्रिया देने का विकल्प चुन सकते हैं।

### वन्यजीव तस्करों पर होगी समन्वित कार्रवाई

**नई दिल्ली।** भारत, बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया ने आपराधिक खुफिया जानकारी साझा करके और वित्तीय संसाधनों के प्रवाह को रोक कर अपने-अपने क्षेत्रों में वन्यजीव तस्करी के सरगनाओं के खिलाफ समन्वित कार्रवाई की योजना बनाई है। हाल ही में यहां सीबीआई और इंटरपोल द्वारा विदेशी प्रजातियों की तस्करी पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय जांच और विश्लेषणात्मक मामले की बैठक में विशेषज्ञों ने विदेशी प्रजातियों को एक से दूसरे स्थान पर पहुंचाने के लिए तस्करों की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले चार महत्वपूर्ण मार्गों पर विचार-विमर्श किया।

# युवाओं के साथ खिलवाड़ राष्ट्रीय पाप, दोषी न घर के रहेंगे न घाट के

## पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री ने दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- योगी बोले, ऐसी कठोर नजीर पेश करेंगे कि लोग याद रखेंगे
- मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 18 सौ चयनितों को दिया नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे तत्वों को खुली चेतावनी दी है जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। योगी ने दो टूक कहा है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना राष्ट्रीय पाप है और इसमें लिप्त लोगों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि वो ना घर के रहेंगे ना घाट के। ऐसे तत्वों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई भविष्य के लिए नजीर के रूप में याद रखी जाएगी।

रविवार को लोकभवन में विभिन्न विभागों में करीब 18 सौ पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योगी ने यहां कहा कि हमारा पहले दिन से ही संकल्प है कि नियुक्ति की प्रक्रिया अगर ईमानदारी से आगे नहीं बढ़ पा रही है तो ये युवाओं के साथ खिलवाड़ है और अपनी प्रतिभा को पलायन के लिए मजबूर करता है। अगर युवा के साथ अन्याय होता है तो यह राष्ट्रीय पाप है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, हम सभी तकनीक का उपयोग करते हैं, इसी तरह ऐसे तत्व भी तकनीक का उपयोग गलत कार्य के लिए करते हैं। कई बार सोचता हूं कि वो लोग तकनीक का इस्तेमाल करके अच्छे काम करते तो आगे बढ़ते और खुशहाल होते। मगर अब वे न घर के रहेंगे न घाट के और सरकार की कार्रवाई ऐसी होगी कि जो दूसरों के लिए नजीर बनेगी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र, मयंकेश्वर शरण सिंह, दिनेश खटीक, रामकेश निषाद आदि मौजूद रहे।

### इन अभ्यर्थियों को योगी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

सिंचाई विभाग में अवर अभियंता पद पर लखनऊ के शुभम वर्मा, हरदोई की अनीता राजपूत को। आवास विकास परिषद् में अवर अभियंता पद पर अमर वर्मा और मैनपुरी की कामिनी कमल को। आयुष विभाग में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी पद पर डॉ. विजया लक्ष्मी, डॉ .रेनू यादव को। दंत चिकित्सक अनिमेष त्रिपाठी और डॉ.आशुतोष श्रीवास्तव को। समीक्षा अधिकारी सचिवालय प्रशासन में पंकज कुमार को। प्रशासनिक सुधार विभाग में निरीक्षक पद पर प्रशांत श्रीवास्तव को। पॉवर कॉर्पोरेशन में टेक्नीशियन इलेक्ट्रिकल पद पर नीलम गौतम और हर्षित सिंह चौहान को। गृह विभाग में सहायक अभियोजन अधिकारी ऋचा सोनकर और अनुज तिवारी को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

### इन विभागों में इतने पदों पर चयनित हुए अभ्यर्थी

उप्र. लोक सेवा आयोग, उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग एवं विद्युत सेवा आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 1782 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। इसमें पावर कॉरपोरेशन के विभिन्न पदों पर 852, दंत चिकित्सक के लिए 141, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के लिए 391, समीक्षा अधिकारी हिंदी/उर्दू (सचिवालय) के लिए 14, सहायक अभियोजन अधिकारी के 42, अवर अभियंता (आवास विभाग) के लिए 123, अवर अभियंता (सिंचाई) के लिए 210, निरीक्षक (राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय, प्रयागराज) के लिए 9 पदों पर अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

# कौशांबी में पटाखा फैक्ट्री में हुआ विस्फोट, आठ लोगों की गई जान

संवाददाता, प्रयागराज/कौशांबी



विस्फोट के बाद लगी आग को बुझाने का प्रयास करते अग्निशमनकर्मी।

- जनपद के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे का मामला
- धमाके से कई मकानों में भी आईं दरारें, 12 मजदूर घायल

> पटाखा फैक्ट्री में भीषण हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है और लगभग एक दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।
> -**भानु भास्कर**, एडीजी जोन, प्रयागराज

**अमृत विचार :** कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे में रविवार सुबह 11:30 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ। जिसके चलते फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिसमें फैक्ट्री मालिक शराफत समेत आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि एक दर्जन से ज्यादा मजदूर झुलस गए। विस्फोट तेज होने के चलते आसपड़ोस के कई मकानों में भी दरारें आई हैं। सूचना मिलने पर एडीजी व एसपी समेत पुलिस के आला-अफसर मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की।

पुलिस के मुताबिक कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे के वार्ड नंबर 23 में खलीलाबाद के रहने वाले शराफत अली ने अपने घर के पास पटाखा फैक्ट्री लगाई है। यह फैक्ट्री शराफत अली न्यू रंगोली फायर वर्क्स के नाम से है। फैक्ट्री में सुबह करीब 11:30 बजे जब 18-20 मजदूर पटाखा बनाने में व्यस्त थे। इसी बीच जोरदार विस्फोट हुआ। धमाके से कई लोगों के चीथड़े उड़ गए। आसपास के खेतों में उनके शरीर के अंग बिखरे मिले। चार घंटे तक रुक-रुककर धमाका होता रहा। धमाके की वजह से फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलते ही एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर और एसपी कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। हादसे में फैक्ट्री मालिक शराफत अली और उसके एक बेटे सहित आठ लोगों की मौत हुई है। वहीं बबलू पटेल, दीना पटेल, अशोक पटेल समेत एक दर्जन से अधिक झुलसे लोगों का इलाज स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज में चल रहा है। मृतकों की पहचान शिव नारायण (30) पुत्र भोलानाथ, कौशल अली और शराफत अली, शिव नारायण पटेल, शाहिद अली पुत्र शराफत अली, शिवकांत (25) पुत्र राम भवन निवासी अंबहा के रूप में की गई।

# फ्लीट हादसे में दो लोगों की हुई मौत, घायलों से मिले मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की मदद
- अर्जुनगंज में मरी माता मंदिर के पास हुआ पुलिस वाहन से हुआ था हादसा

**अमृत विचार :** अर्जुनगंज में मरी माता मंदिर के समीप शनिवार देर शाम हुए हादसे में सीएम फ्लीट की एंटी डेमो गाड़ी के सामने कुत्ता आने से हुए हादसे में 15 लोग घायल हुए थे। देर रात इलाज के दौरान ट्रॉमा में प्रिया (14) और नीलम (35) ने दम तोड़ दिया। अन्य 13 घायलों का इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह केजीएमयू ट्रामा सेंटर पहुंचे, मृतकों के परिजनों से शोक संवेदना प्रकट की और घायलों के परिजनों का ढांढस बंधाया। योगी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मृतकों के परिजनों ने 50 लाख मुआवजा, नौकरी और आवास की मांग की है।

पुलिस के अनुसार मुख्यमंत्री की फ्लीट के बीच आए कुत्ते को बचाने के चलते एंटी डेमो गाड़ी पलट गई थी। हादसे में छह पुलिस कर्मियों समेत 15 लोग घायल हो गए थे। इसमें से प्रिया और नीलम की देर रात मौत हो गई। अर्जुनगंज के गयानंद पुरा निवासी संतोष की बेटी प्रिया निजी स्कूल में कक्षा-7 की छात्रा थी जबकि नीलम अर्जुनगंज की रहने वाली थी।



**हम साथ-साथ हैं :** आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों का अभिवादन करते कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव। हाल ही में लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सीटों के बंटवारे को लेकर दोनों दलों में समझौता हुआ, जिसके बाद पहली बार अखिलेश यादव न्याययात्रा में शामिल होने आगरा पहुंचे।

## गैंगस्टर लांडा के तीन साथी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने एक खुफिया ऑपरेशन में खतरनाक गैंगस्टर लखबीर सिंह लांडा के अंतरराज्यीय हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ कर उसके तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 17 हथियार और 33 मैगजीन बरामद की है। जालंधर के पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने रविवार को कहा कि गिरफ्तार अपराधियों की पहचान कुणाल, गुरलाल और परवेज के रूप में हुई है। कुणाल फिरोजपुर का रहने वाला है और उस पर आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास और मादक पदार्थों तस्करी के सात मामले चल रहे हैं। गुरलाल और परवेज पट्टी के रहने वाले चचेरे भाई हैं। हथियारों की आपूर्ति मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी कुणाल ने की थी। गिरफ्तार गुरलाल का भाई शरणजीत, जो इस समय जेल में है, अमेरिका स्थित गैंगस्टर गुरदेव गिल और लखबीर सिंह लांडा का करीबी है। पुलिस ने बताया कि लांडा और गिल इस रैकेट के संचालक हैं, इंदौर के कुणाल को हथियार खरीदने के लिए हवाला से पैसे दिए गए थे।

## रितेश भाजपा में, बसपा के कई सांसद विकल्प की तलाश में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा कमजोर नहीं, लोग स्वार्थ साधने के लिए भटक रहे : मायावती



**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल से बड़ा झटका मिल सकता है। पार्टी के कई सांसद नए विकल्प तलाश रहे हैं। अंबेडकर नगर से बसपा सांसद रितेश पांडे ने पार्टी से इस्तीफा देने के ठीक दो घंटे बाद ही रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया। वहीं, बसपा के जौनपुर सांसद श्याम सिंह यादव के भी शीघ्र कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है। इस बीच पार्टी प्रमुख मायावती ने एक्स पर प्रतिक्रिया दी कि, बसपा कमजोर नहीं, लोग स्वार्थ साधने के लिए भटक रहे हैं।

श्याम सिंह यादव रविवार को आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए, बजट सत्र के दौरान राहुल गांधी से मिले थे। दो सांसद पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं। अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश अली को बसपा से निकाल दिया था। वहीं, गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी सपा में चले गए हैं। बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर के रालोद में शामिल होने के भी कयास लगाए जा रहे हैं। लालगंज से सांसद संगीता आजाद के भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

## सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़, छत्तीसगढ़ में तीन नक्सली मारे गए

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में रविवार सुबह तीन नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। कांकेर के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलिसेला ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी, तभी कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के तहत भोमरा-हुरतराई गांवों के बीच एक पहाड़ी पर सुबह करीब आठ बजे मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों को भोमरा, हुरतराई और मिच्छेबेड़ा गांवों में माओवादियों की कंपनी नंबर 5 के कैडर की मौजूदगी की जानकारी मिली थी।

# पुलिस ने सिंघू और टीकरी सीमा को अस्थायी तौर पर खोला

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी

- सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने और कड़ी निगरानी के निर्देश
- हरियाणा में विगत दो सप्ताह से निलंबित मोबाइल इंटरनेट सेवा बहाल की गई

किसानों के राष्ट्रीय राजधानी की ओर प्रस्तावित मार्च को रोकने के बाद दिल्ली पुलिस ने रविवार को सिंघू और टीकरी सीमाओं पर अवरोधकों के एक हिस्से को हटाकर यात्रियों के लिए एक मार्ग की व्यवस्था की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम यात्रियों के लिए पॉइंट-ए से पॉइंट-बी तक बैरियर का एक हिस्सा हटा रहे हैं। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती से 24 घंटे कड़ी निगरानी सुनिश्चित होगी। बल की तैनाती यथावत रहेगी। फिलहाल वाहनों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी । दूसरी ओर किसानों के दिल्ली चलो आंदोलन के मद्देनजर हरियाणा के सात जिलों में करीब दो सप्ताह पहले निलंबित की गई मोबाइल इंटरनेट सेवा को रविवार को बहाल कर दिया गया।

शहर की पुलिस ने रविवार को उन यात्रियों के लिए दो विशाल सीमेंट अवरोधक हटा दिए, जो सिंघू और टीकरी सीमाओं पर एक छोटे मार्ग का उपयोग करके दिल्ली की ओर आते हैं। अवरोधक के कारण लोगों को हर दिन एक किलोमीटर से अधिक की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। एक संकरा रास्ता है, जहां से केवल एक ही व्यक्ति जा सकता है। लेकिन अब पुलिस लोगों के लिए बैरियर हटा रही है। दिल्ली पुलिस ने शहर के टीकरी, सिंघू और गाजीपुर सीमा बिंदुओं पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने अभ्यास भी किया। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि तीनों सीमाओं पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने और कड़ी निगरानी रखने को कहा गया है।

हरियाणा में अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए 11 फरवरी को मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं, निलंबन की अवधि को बीच-बीच में बढ़ाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इन सात जिलों में मोबाइल सेवाओं के निलंबन की अवधि बढ़ाने के लिए कोई नया आदेश जारी नहीं किया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी एक पूर्व आदेश के अनुसार, हरियाणा के डबवाली सहित सिरसा, अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार और फतेहाबाद अधिकार क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक व्यवस्था में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रतिबंध लगाए गए थे। हरियाणा के लोगों ने सरकार के फैसले का स्वागत किया।

### शंभू, खनौरी सीमा पर डटे हुए हैं किसान

दूसरी ओर दिल्ली चलो मार्च को सुरक्षा बलों द्वारा 13 फरवरी को रोके जाने के बाद से प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा से लगी पंजाब की खनौरी और शंभू सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने शुक्रवार को कहा था कि प्रदर्शनकारी 29 फरवरी तक दोनों सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले रहेंगे। दिल्ली चलो मार्च को खनौरी में हुई झड़प में एक प्रदर्शनकारी किसान की मौत हो जाने और लगभग 12 पुलिस कर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने रोक दिया था।

## खेल डायरी

### ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 27 रन से हराया



**ऑकलैंड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में रविवार को न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 27 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर ने अपने 100वें टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में बारिश को देखते हुए टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में बारिश ने 3 बार व्यवधान डाला और अंततः 10.4 ओवर में 4 विकेट पर 118 रन के स्कोर पर उसकी पारी को खत्म करना पड़ा। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत न्यूजीलैंड को 10 ओवर में 126 रन का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में स्पेंसर जॉनसन (दो ओवर में 10 रन पर 1 विकेट), एडम जंपा (दो ओवर में 20 रन पर 1 विकेट), नाथन एलिस (दो ओवर में 11 रन) और मिशेल स्टार्क (दो ओवर में 15 रन) की गेंदबाजी के सामने 10 ओवर में 3 विकेट पर 98 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स ने 24 गेंद में 5 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 40 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

### हारिस राऊफ कंधे की चोट से पीएसएल से बाहर

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राऊफ कंधे में चोट के कारण पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पीएसएल में लाहौर कलंदर्स के लिए खेलने वाले इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज को शुक्रवार रात कराची किंग्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय कंधे में चोट लग गई थी और वह मैदान से बाहर चले गए थे। फिटनेस हासिल करने के लिए उन्हें चार से छह सप्ताह का समय लगेगा। लाहौर कलंदर्स के प्रवक्ता ने कहा कि एमआरआई स्कैन और अन्य परीक्षणों से पता चला है कि उनके कंधे में चोट है जिसे ठीक होने में समय लगेगा इसलिए वह पीएसएल से बाहर हो गए हैं। यह गत चैंपियन लाहौर की टीम के लिए बड़ा झटका है जो लगातार चार मैच हार चुकी है।

### थोनाकल ने एलीट पुरुषों की स्पर्धा जीती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व एशियाई चैंपियन गोपी थोनाकल ने रविवार को नई दिल्ली मैराथन का खिताब जीता लेकिन पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग स्तर को हासिल करने से चूक गए। एशियाई मैराथन 2017 का खिताब जीतने वाले 35 वर्षीय गोपी ने पुरुष एलीट स्पर्धा में 42.195 किमी की दूरी दो घंटे 14 मिनट और 40 सेकेंड में पूरी की। वह दो घंटे 8 मिनट 10 सेकेंड के पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग स्तर से पीछे रहे। 2017 में भी गोपी दो घंटे 13 मिनट 39 सेकेंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भी पीछे रहे। 2021 में खिताब जीतने वाले श्रीनू बुगाथा दो घंटे 14 मिनट 41 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि अक्षय सैनी ने दो घंटे 15 मिनट 27 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### तुर्की महिला कपः भारत ने हांगकांग को 2-0 से हराया

**अलान्या (तुर्की), एजेंसी।** भारत की सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम ने शनिवार को तुर्की महिला कप में हांगकांग को 2-0 से हराकर दक्षिण एशियाई सर्किट के बाहर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने की ओर कदम बढ़ाया। भारत ने पहले 5 बार एसएएफएफ कप और 3 बार एसएएफ गेम्स का स्वर्ण पदक जीता है, लेकिन कभी भी एक और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप हासिल नहीं कर सका, वह भी तब, जब दो यूरोपीय टीमें उनकी प्रतिद्वंद्वी थीं। टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत ने एस्टोनिया को 4-3 से हराया था। गोल्ड सिटी कॉम्पलेक्स में अंजू तमांग और सौम्या गुगुलोथ ने दो गोल करके भारत के लिए 3 अंक सुरक्षित किए। ब्लू टाइग्रेसेस के अब अपने दो मैचों में छह अंक हैं और 27 फरवरी को अंतिम राउंड-रॉबिन मुकाबले में कोसोवो से भिड़ेंगे, जिसे वस्तुतः फाइनल कहा जा सकता है। कोसोवो ने भी दो मैचों से छह अंक जुटाए हैं और प्रशंसकों को विजेता का फैसला करने के लिए भारत-कोसोवो मैच के नतीजे का इंतजार करना होगा। भारत ग्रुप तालिका में कोसोवो के बाद दूसरे स्थान पर है, जो बेहतर गोल अंतर से आगे है। भारत ने अच्छी शुरुआत की और हांगकांग पर बढ़त बना ली। इंदुमति काथिरेसन, अंजू तमांग और प्यारी ज़ाक्सा, सभी ने 5 मिनट में प्रतिद्वंद्वी गोल पर एक-एक सफलता हासिल की।

# अश्विन-कुलदीप ने इंग्लैंड को 145 रन पर समेटा

## चौथे टेस्ट के तीसरे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की अच्छी शुरुआत

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

**रांची, एजेंसी**

ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के 9 विकेट से चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को इंग्लैंड की दूसरी पारी को 145 रन पर समेट दिया, जिसके बाद भारत ने 192 रन का पीछा करते हुए बिना विकेट खोए 40 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान रोहित शर्मा 24 जबकि यशस्वी जायसवाल 16 रन पर खेल रहे थे। भारत को जीत के लिए 152 रन की दरकार है। रोहित ने अपनी इस पारी के दौरान टेस्ट क्रिकेट में चार हजार रन पूरे किए। दूसरी पारी में अब तक हुए 8 ओवर में रोहित सकारात्मक नजर आए। वह अब तक 27 गेंद पर 4 चौके मारे चुके हैं। उन्हें जो रूट, टॉम हार्टले और शोएब बशीर का सामना करने में कोई परेशानी नहीं हुई। अश्विन (51 रन पर 5 विकेट) ने इससे पहले 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाए जबकि कुलदीप (22 रन पर 4 विकेट) ने 4 बल्लेबाजों को आउट किया जिससे जैक क्राउली (91 गेंद में 60 रन, 7 चौके) की पारी के बावजूद इंग्लैंड दूसरी पारी में 145 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में सुबह भारत अपनी पहली पारी में 307 रन पर सिमट गया और 46 रन से पिछड़ गया। ध्रुव जुरेल ने 90 रन की जुझारू पारी खेल टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। अश्विन ने रविंद्र जडेजा (56 रन पर 1 विकेट) के साथ दूसरी पारी में नई गेंद से शुरुआत की। उन्होंने पांचवें ओवर में बेन डकेट (15) और ओली पोप (00) को आउट किया। डकेट ने शॉर्ट लेग पर सरफराज खान को कैच थमाया जबकि पोप पगबाधा हुए। अश्विन ने अनिल कुंबले (350 विकेट) के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। अश्विन ने जो रूट (11) को पगबाधा करके इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 65 रन किया। मैदानी अंपायर के आउट न देने पर डीआरएस का फैसला भारत के पक्ष में गया। क्राउली ने इस बीच कुछ शॉट खेलकर इंग्लैंड की बढ़त को 150 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने अश्विन और जडेजा के खिलाफ रन बटोरे। उन्होंने जॉनी बेयरस्टो (30) के साथ 67 गेंद में 45 रन की साझेदारी की। पहली पारी में 12 ओवर फेंकने वाले कुलदीप ने तीसरे ओवर में क्राउली को बोल्ड कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। कुलदीप ने इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स (4) को भी बोल्ड करके इंग्लैंड का स्कोर 5 विकेट पर 120 रन किया। जॉनी बेयरस्टो (30) ने जडेजा की गेंद पर शॉर्ट कवर पर रजत पाटीदार को आसान कैच थमाया। टॉम हार्टले (07) ने जडेजा के ओवर में छक्का जड़ा लेकिन कुलदीप की गेंद पर मिड ऑन पर सरफराज के हाथों लपके गए। इसी ओवर में कुलदीप ने ओली रॉबिन्सन (00) को भी पगबाधा किया। बेन फोक्स (17) और शोएब बशीर (नाबाद 1) ने 12 ओवर तक भारतीय गेंदबाजों को सफलता से दूर रखा लेकिन अश्विन ने फोक्स को अपनी ही गेंद पर लपककर 12 रन की इस साझेदारी को तोड़ दिया। अश्विन ने दो गेंद बाद जेम्स एंडरसन (0) को भी जुरेल के हाथों कैच कराके इंग्लैंड की पारी का अंत किया और 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाने का कारनामा किया। इससे पहले जुरेल ने जुझारू अर्धशतक बनाया। जुरेल ने दबाव का सामना करते हुए 90 रन की पारी खेली। उन्होंने कुलदीप (28) के साथ आठवें विकेट के लिए 76 और आकाश दीप (9) के साथ नौवें विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी की। जुरेल ने 96 गेंद में अर्धशतक पूरा करने के बाद बशीर (119 रन पर 5 विकेट) और टॉम हार्टले (68 रन पर 3 विकेट) की इंग्लैंड की स्पिन जोड़ी के खिलाफ बड़े शॉट खेले। जुरेल ने हार्टले की गेंद पर एक रन के साथ अर्धशतक पूरा किया। उन्हें 59 रन के स्कोर पर ओली रॉबिन्सन ने जीवनदान दिया जिसके बाद उन्होंने बशीर को चौका और छक्का मारा। हार्टले ने हालांकि उन्हें बोल्ड करके शतक से वंचित किया। वह आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। इससे पहले बशीर ने आकाश को पगबाधा करके अपने दूसरे टेस्ट में पहली बार 5 विकेट चटकाए।











### सबसे ज्यादा विकेट लेकर अश्विन ने रचा इतिहास

**रांची, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच जेएससीए क्रिकेट मैदान में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन आज आर. अश्विन ने सबसे अधिक विकेट लेने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अश्विन ने भारत में खेले अपने 59 टेस्ट मैच में 354 विकेट लेकर यह रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले भारत भूमि पर यह रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम था जिन्होंने 63 टेस्ट मैच में 350 विकेट चटकाए थे। अश्विन ने आज 35वीं बार टेस्ट मैच की 1 पारी में 5 विकेट लेकर अनिल कुंबले के सबसे अधिक बार पांच विकेट लेने की बराबरी की। विश्व क्रिकेट में अब अश्विन से ज्यादा एक पारी में 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड रिचर्ड हैडली, शेन वॉर्न और मुथैया मुरलीधर के नाम है। हैडली ने 36 बार, शेन वॉर्न ने 37 बार और मुथैया मुरलीधरन ने 67 बार 1 पारी में 5 विकेट लिए थे। अनिल कुम्बले ने अपने 132 टेस्ट मैच में 619 विकेट लिए थे जबकि अश्विन ने 99 टेस्ट मैच में 507 विकेट हासिल कर चुके हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवा क्रिकेट टेस्ट मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा और यह अश्विन का 100वां टेस्ट मैच होगा।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड (पहली पारी-353) दूसरी पारी | 145/10 (53.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जैक क्राउली बो कुलदीप | 60 | 91 | 7/0 |
| बेन डकेट का सरफराज बो अश्विन | 15 | 15 | 2/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो अश्विन | 00 | 01 | 0/0 |
| जो रूट पगबाधा बो अश्विन | 11 | 34 | 0/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का पाटीदार बो जडेजा | 30 | 42 | 3/0 |
| बेन स्टोक्स बो कुलदीप | 04 | 13 | 0/0 |
| बेन फोक्स का एवं बो अश्विन | 17 | 76 | 0/0 |
| टॉम हार्टले का सरफराज बो कुलदीप | 07 | 25 | 0/1 |
| ओली रॉबिन्सन पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 03 | 0/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 01 | 20 | 0/0 |
| जेम्स एंडरसन का जुरेल बो अश्विन | 00 | 03 | 0/0 |

**अतिरिक्तः** 00, **विकेट पतन:** 1-19, 2-19, 3-65, 4-110, 5-120, 6-120, 7-133, 8-133, 9-145,10-145, **गेंदबाजी:** अश्विन 15 .5-0-51-5, जडेजा 20-5-56-1, सिराज 3-0-16-0, कुलदीप 15-2-22-4

| भारत (पहली पारी) | 307/10 (10332 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल बो बशीर | 73 | 117 | 8/1 |
| रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन | 02 | 09 | 0/0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर | 38 | 65 | 6/0 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर | 17 | 42 | 4/0 |
| रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर | 12 | 12 | 0/2 |
| सरफराज खान का रूट बो हार्टले | 14 | 53 | 1/0 |
| ध्रुव जुरेल बो हार्टले | 90 | 149 | 6/4 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबधा बो हार्टले | 01 | 13 | 0/0 |
| कुलदीप यादव बो एंडरसन | 28 | 131 | 2/0 |
| आकाश दीप पगबाधा बो बशी | 09 | 29 | 0/1 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 06 | 0/0 |

**अतिरिक्तः** 23, **विकेट पतन:** 1-4, 2-86, 3-112 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, 8-253, 9-293,10-307, **गेंदबाजी:** एंडरसन 18-4-48-2,रॉबिन्सन 13-0-54-0, बशीर 44-8-119-5, हार्टले 27 .2-6-68-3, रूट 1-0-1-0

| भारत (दूसरी पारी) | 40/0 (8 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल खेल रहे | 16 | 21 | 1/0 |
| रोहित शर्मा का खेल रहे | 24 | 27 | 4/0 |

**अतिरिक्तः** 0, **विकेट पतन:** 00, **गेंदबाजी:** बशीर 1-0-1-0, हार्टले 3-0-22-0, रूट 4-0-17-0

# रोज 140 ओवर बल्लेबाजी कर टेस्ट के लिए तैयार हुए जुरेल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में प्रभावित करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने रोजाना नेट सत्र में 4 घंटे स्पिन का सामना करने के अलावा सैकड़ों थ्रोडाउन और 14 अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ खेलकर टेस्ट के लिए खुद को तैयार किया। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले जुरेल ने रविवार को चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 रन की पारी खेली। आगरा के जुरेल ने 18 महीने कड़ी मेहनत करके खुद को तैयार किया और 'महेंद्र सिंह धोनी जैसी खेल की समझ' के लिए सुनील गावस्कर भी उनकी सराहना कर चुके हैं।

मुंबई के पूर्व बल्लेबाज और राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा ने बात की जिसका जुरेल ने टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत से पहले तलेगांव में रॉयल्स की हाई परफॉर्मेंस अकादमी (एचपीसी) में ट्रेनिंग के दौरान पालन किया। यशस्वी को भी तैयार कर चुके भरूचा ने कहा कि हम प्रारूप (टी-20, एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय या टेस्ट) पर ध्यान दिए बिना 18 महीनों से तैयारी कर रहे हैं और ध्यान सिर्फ इस पर रहा कि कैसे और कहां रन बनाए जाएं। 1990 के दशक में मुंबई की टीम के लिए रवि शास्त्री, सचिन तेंदुलकर, संजय मांजरेकर और विनोद कांबली के साथ खेलने वाले भरूचा ने बताया कि (पदार्पण) टेस्ट मैच से ठीक पहले वह तलेगांव में राजस्थान रॉयल्स एचपीसी आए और एक दिन में 140 ओवर तक बल्लेबाजी की। स्पिन की अनुकूल सतहों पर 4 घंटे से अधिक समय लगा। यह अभ्यास सत्र जायसवाल के सत्र से मेल खाता था। टेस्ट में 1 दिन में 90 ओवर होते हैं, यानी 540 गेंदें और अतिरिक्त गेंद, लेकिन 140 ओवर में 1 दिन में 840 गेंदें होती हैं। भरूचा ने कहा कि सभी (गेंदबाज और थ्रोडाउन) साथ खड़े होते हैं और गेंद फेंकते हैं। यह फ्लिक के लिए एक थ्रो, फिर कट, पुल, स्ट्रेट ड्राइव के क्रम में होता है। हम कई सतह (स्पिन की अनुकूल, घास वाली, उछाल वाली, गीले सीमेंट वाली) पर कई प्रकार की गेंदों (रबर, टेनिस, क्रिकेट) और कई प्रकार के बल्लों (भारी/हल्के/पतले आदि) के साथ इसे करते हैं। इसके भीतर हमारे पास एक समूह है जो इसे हाथ से करता है और दूसरा समूह इसे वेंजर (थ्रोडाउन उपकरण रोबोआर्म) के साथ करता है।



# इरफान ने आकाशदीप की सराहना की, यशस्वी को बताया 'विशेष'

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने रांची में पदार्पण करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के पहले दिन 3 विकेट चटकाकर तुरंत प्रभाव डालने के लिए रविवार को आकाशदीप की सराहना की। इरफान ने कहा कि एक तेज गेंदबाज के लिए भारत में पदार्पण करना मुश्किल होता है लेकिन आकाशदीप ने गेंदबाजी की और 3 विकेट लिए, उसने उज्ज्वल भविष्य का संकेत दिया।

इरफान ने कहा कि एक बल्लेबाज के रूप में आप चाहते हैं कि आपका पदार्पण भारत में हो लेकिन एक तेज गेंदबाज के रूप में आप इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका या न्यूजीलैंड में पदार्पण करने का सपना देखते हैं। उन्होंने कहा कि मैच के पहले सत्र में उसने जिस तरह से गेंदबाजी की और 3 विकेट लिए वह सराहनीय है। हम उम्मीद करते हैं कि यहां से आकाश के करियर का ग्राफ ऊपर ही जाएगा। इरफान ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की भी प्रशंसा की जो किसी टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे अधिक रन बनाने वाले देश के पांचवें खिलाड़ी बन गए। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि यशस्वी जायसवाल बहुत ही खास क्रिकेटर है, उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल है। मैराथन में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद इफरान ने कहा कि भारत में एक खेल राष्ट्र बनने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में भाग लेना वास्तव में विशेष है। मेरा हमेशा से विश्वास रहा है कि भारत एक खेल राष्ट्र बन सकता है।



## बॉलीवुड हलचल

### 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज





मुंबई, एजेंसी। नैचुरल स्टार नानी की एक्शन से भरपूर फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज हो गया है। विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित, फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा मुख्य शेड्यूल हाल ही में पूरा किया गया था और अब निर्माताओं ने 'सारिपोधा सनिवारम' की आधिकारिक टीज़र कर दिया गया है।मल्टिलिंगवल रिलीज, यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी और मलयालम में रिलीज होगी। 'सारिपोधा सानिवारम' के टीजर में नेचुरल स्टार नानी को 'सूर्या' के रूप में पेश किया गया है, जो एक एक्शन स्टार के रूप में नजर आ रहे हैं।

### सिद्धार्थ की 'योद्धा' का गाना जिंदगी तेरे नाम जारी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। 'योद्धा' का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। जिंदगी तेरे नाम गाने में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। इस गाने को विशाल मिश्रा ने गाया और कंपोज भी किया है। लिरिक्स विशाल और कौशल किशोर ने लिखी है। 'ज़िंदगी तेरे नाम' गाना को लेकर सिद्धार्ध मल्होत्रा ने कहा कि यह गाना मेरे लिए बहुत खास है। यह प्यार और समर्पण की भावना को दर्शाता है। मुझे उम्मीद है कि यह गाना दर्शकों को पसंद आएगा और उनके दिलों को छू जाएगा। राशि खन्ना ने कहा कि ज़िंदगी तेरे नाम सिर्फ शब्द नहीं, एक एहसास है। प्यार में डूबे दिल की धड़कन से जुड़ा यह गाना "योद्धा" में प्यार की कहानी बयान करता है।

### करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर,कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' के टीजर में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन एयर होस्टेस बनकर फुल ऑन ड्रामा करती नजर आ रही हैं।फिल्म के टीजर की शुरुआत 'कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है' जैसे डायलॉग से होती है। टीजर में दिखाया गया है कि तब्बू, कृति सैनन और करीना कपूर अपनी एयर होस्टेस की नौकरी से बेहद परेशान हो चुकी हैं और इससे पीछा छुड़ाने के लिए कुछ भी करने लग जाती हैं। 'क्रू' के टीजर को कृति सैनन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है। टीजर में कपिल शर्मा भी दिखाई दे रहे हैं।इस फिल्म को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### गोल्डी और निकिता का 'देवरा के रंग' जारी

**मुंबई।** गायिका गोल्डी यादव और अभिनेत्री निकिता भारद्वाज का होली सांग 'देवरा के रंग' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' को वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार आर्या शर्मा ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता,डिजाइनर बादशाह खान हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स के पास है।



### विज्ञापनों से शाहिद ने की थी शुरुआत



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर आज 43 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1981 को दिल्ली में जन्में शाहिद कपूर को अभिनय की कला विरासत में मिली। शाहिद कपूर के पिता पंकज कपूर जाने-माने अभिनेता है। शाहिद ने कॅरियर की शुरुआत विज्ञापनों से की। बतौर अभिनेता शाहिद ने कॅरियर की शुरूआत 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्क विश्क से की। फिल्म को औसत सफलता मिली। इस फिल्म के लिए शाहिद फिल्म फेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के डेब्यू पुरस्कार से सम्मानित किए गए। इश्क विश्क के बाद शाहिद ने फिदा, दिल मांगे मोर, दीवाने हुए पागल, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, 36 चाइना टाउन, चुप चुप के जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन सभी फिल्में टिकट खिड़की पर ढेर हो गई। 2006 में शाहिद को सूरज बड़जात्या की फिल्म विवाह में काम का अवसर मिला। शाहिद ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म सुपरहिट साबित हुई। इसके साथ शाहिद फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गए। 2007 में प्रदर्शित फिल्म जब वी मेट शाहिद के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में शुमार की जाती है। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहिद और करीना की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

### सेना में काम करना चाहते थे डैनी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता डैनी 76 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1948 को जन्में डैनी बचपन के दिनों में सेना में काम करना चाहते थे। डैनी ने पश्चिम बंगाल से सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार जीता और गणतंत्र दिवस के मौके पर परेड में भाग भी लिया। बाद में देश के प्रतिष्ठित आर्म फोर्सेज मेडिकल कॉलेज पुणे में उनका चयन भी हो गया लेकिन उन दिनों उनका मन चिकित्सक बनने की बजाय किसी अभिनेता बनने की ओर हो गया और उन्होने पुणे फिल्म इंस्टीच्यूट में अभिनय के प्रशिक्षण के लिये दाखिला ले लिया।अभिनय का प्रशिक्षण लेने के बाद डैनी ने अपने सिने कैरियर की शुरूआत नेपाली फिल्म सलिनो से की जो टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। इस बीच उन्होंने नेपाली फिल्मों के लिए पाश्र्वगायन भी किया। सत्तर के दशक में अभिनेता बनने का सपना लिए डैनी मुंबई आ गए। अपने वजूद को तलाशते वह लगभग तीन वर्ष तक संघर्ष करते रहे।इस बीच उन्होंने रॉखी और हथकड़ी, मिलाप, जरूरत, नया नशा, नई दुनिया नए लोग, चालाक और खून-खून जैसी कई बी ग्रेड फिल्मों में काम किया लेकिन ये सभी टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।


Video Recto Scope

The Ano-Rectal Clinic

अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण

Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919

## एक नजर

### बहन के यहां निकला युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के जिनई बेनीगांव निवासी धीरज घर से अपनी बहन के यहां रनियां जाने की बात कहकर निकला था। लेकिन वह नही पहुंचा। काफी खोजबीन के बाद भी युवक का पता न चलने पर पिता प्रेमनारायण ने थाने में तहरीर दी। एसएसआई देवनारायण ने बताया की मामले में गुमशुदी दर्ज कर लापता युवक की तलाश की जा रही है।

### चोरी की बाइक समेत तीन गिरफ्तार किए गए

**रूरा।** कस्बा के जवाहर नगर निवासी सिराज ने बताया कि घर के बाहर रोज की तरह शनिवार रात में उसने खड़ी की थी। सुबह बाइक नदारद मिली। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता न चलने पर पुलिस को सूचना दी। कस्बा चौकी इंचार्ज राकेश सिंह ने बताया कि मामले में अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना में अविरल शुक्ला, प्रांशु उर्फ सिंटू व हसनापुर के रत्नेश उर्फ पिंटू को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी की दो बाइकें बरामद की गई हैं।

### बैंक मैनेजर के खिलाफ अमानत में खयानत का केस

**रूरा।** कसबा निवासी ने गोविंद पालीवाल ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि पूर्व में उनके मकान में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा संचालित थी। जिसमें उसके नाम का विद्युत कनेक्शन था। वर्तमान में जब बैंक ने अपना परिसर बदला तो उसके नाम का मीटर भी मैनेजर ने जबरजस्ती उखाड़ लिया और उसे नए बैंक परिसर में लगवा दिया। विद्युत अधिकारियों व पुलिस से शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसपर उसने न्यायालय की शरण ली। कस्बा प्रभारी राकेश सिंह ने बताया की न्यायालय के आदेश पर बैंक मैनेजर अलकेश श्रीवास्तव के खिलाफ अमानत में खयानत की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### ट्रेन से कटकर दिव्यांग युवक की मौत

**रूरा।** थाना क्षेत्र के गहलो जर्बी रहमानपुर निवासी दिव्यांग ज्ञानी पाल (28) की पतरा रेलवे हाल्ट पर शनिवार रात किसी ट्रेन की चपेट मे आने से मौत हो गई। उसका शव दिल्ली-हावडा रूट की अप व डाउन लाइन के मध्य खंभा नंबर 1056/15 के पास पाया गया है। मृतक के भाई सर्वेश ने शव की शिनाख्त की है। सर्वेश ने बताया कि शनिवार शाम को ज्ञानी पाल किसी बात से नाराज होकर घर से चला गया था। इसके बाद उन्हें हादसे की सूचना पुलिस ने दी। एसआई राजेंद्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### महिला ने मारपीट का लगाया आरोप

**रूरा।** क्षेत्र के बनीपारा निवासी जैरूनैसा ने बताया कि गांव में उसकी पुश्तैनी जमीन है। जिस पर उसका रहन सहन है। इसी जमीन पर उसने टीनशेड लगा रही थी। तभी पड़ोस के रहने वाले लोगों ने टीनशेड रखने से मना किया। कारण पूछने पर पड़ोसी उसके साथ मारपीट करने लगे। हल्का इंचार्ज अतेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सिपाही से मारपीट, निरीक्षकों से धक्कामुक्की

## अकबरपुर कोतवाली में रिश्वत लेते लेखपाल को दबोचने वाली टीम के साथ परिजनों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात


अकबरपुर कोतवाली में हंगामा करते आरोपी लेखपाल के परिजन व सहयोगी।

**अमृत विचार।** खेत का कुराबंदी व बंटवारे करने के एवज में 18 हजार रुपये रिश्वत लेने के मामले में दबोचे गए आरोपी लेखपाल के परिजनों व सहयोगियों ने शनिवार देर शाम अकबरपुर कोतवाली में जमकर हंगामा किया। एंटी करप्शन टीम के साथ मारपीट व धक्का-मुक्की कर आरोपी को छुड़ाने का प्रयास किया गया। जिससे अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने किसी तरह उन्हें खदेड़ा। रात करीब ढाई बजे एंटी करप्शन इंस्पेक्टर की तहरीर पर आरोपी लेखपाल व उसके भाई के खिलाफ सरकारी काम में बाधा, गिरफ्तारी का विरोध, लोक सेवकों से मारपीट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सिकंदरा तहसील क्षेत्र के दमनपुर गांव निवासी किसान मन्ना सिंह ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की कानपुर टीम से शिकायत दर्ज कराई थी कि जमीन बंटवारे का सिकंदरा तहसील में वाद दाखिल किया था। खेत का कुराबंदी व बंटवारे करने के एवज में लेखपाल संजीव कुमार बीस हजार रुपये रिश्वत की मांग रहा था। जिसे पकड़ने के लिए शनिवार को एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया था। लेखपाल रमऊ गांव से अपनी निजी कार से लौट रहा था। तभी राजपुर थाना से कुछ कदम दूरी पर सिलहरा मार्ग पर एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल संजीव कुमार को कार में पीड़ित से 18 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया था। लोगों की भीड़ जुटती देखकर एंटी करप्शन टीम आरोपी को अकबरपुर कोतवाली ले आई थी। देर शाम आरोपी लेखपाल की पत्नी रानू सचान व उसके जेठ राजीव सचान को गिरफ्तारी प्रपत्र पर हस्ताक्षर के लिए थाना प्रभारी कार्यालय में बुलाया गया। तब पत्नी, भाई व सहयोगियों को देखकर आरोपी लेखपाल ने पुलिस कर्मियों से गालीगलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट पर आमदा हो गया।

तभी राजीव सचान ने भी आरोपी लेखपाल भाई को छुड़ाने का प्रयास किया। लेकिन एंटी करप्शन टीम ने बल प्रयोग करते हुए आरोपी को काबू कर लिया। इस दौरान आरोपी लेखपाल संजीव कुमार ने एंटी करप्शन टीम के कांस्टेबल सुरजीत के साथ मारपीट की। जबकि आरोपी के भाई राजीव सचान ने एंटीकरप्शन इंस्पेक्टर सुशील पाराशर व इंस्पेक्टर चतुर सिंह के साथ धक्का-मुक्की की। जिसपर उसे भी अकबरपुर थाना प्रभारी कार्यालय कक्ष से हिरासत में ले लिया गया।

एंटी करप्शन टीम के इंस्पेक्टर सुशील पाराशर की तहरीर पर आरोपी लेखपाल संजीव कुमार के खिलाफ अकबरपुर कोतवाली में सरकारी काम में बाधा, पुलिस कर्मियों से मारपीट, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जबकि उसके भाई राजीव सचान के खिलाफ लोक सेवकों से गालीगलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए सरकारी काम में बाधा, भाई की गिरफ्तारी का विरोध, मारपीट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

- एंटीकरप्शन इंस्पेक्टर की तहरीर पर लेखपाल व उसके भाई पर गंभीर धाराओं में केस

### कोतवाली की सीसीटीवी में घटनाक्रम हुआ कैद

शनिवार देर शाम अकबरपुर कोतवाली में एंटी करप्शन टीम के चंगुल से छुड़ाने का आरोपी लेखपाल के भाई व सहयोगियों ने पूरा प्रयास किया और मारपीट, धक्का-मुक्की करते हुए हंगामा किया। घटनाक्रम का पूरा ब्योरा कोतवाली कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी रिकार्ड हो गया है। जिसे एंटी करप्शन टीम ने हार्ड डिस्क से पेन ड्राइव में लेकर सील किया है। ऐसे में आरोपियों की मुसीबत और बढ़ेगी।

# लापता वृद्धा का खेत में मिला शव

संवाददाता, शिवली


सुशीला।


खेत में वृद्धा का शव मिलने पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बलुआपुर गांव से आठ दिन पहले लापता हुई एक मानसिक बीमार महिला का शव रविवार की सुबह गांव के बाहर एक गेहूं के खेत में पड़ा मिला। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने छानबीन शुरू की है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के बलुआपुर गांव निवासी सुशीला (70) की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी। बीते रविवार को वह घर से कहीं चली गई थी। काफी खोजबीन के बाद जब नहीं मिली तो देवर नाहर सिंह ने मंगलवार को कोतवाली पहुंच कर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रविवार की सुबह गांव के बाहर इंद्रजीत के खेतों में सुशीला का शव पड़ा मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंचे भाऊपुर चौकी प्रभारी अंकित यादव ने प्राथमिक छानबीन के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत से पुत्री रामश्री, गौरी, सुदामा आदि का रो-रो कर बुरा हाल है। कोतवाल देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया की महिला मानसिक विक्षिप्त थी।

# सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** छह दिन पहले सड़क हादसे में घायल हुई बुजुर्ग महिला की शनिवार की रात को इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

शिवली कस्बे के जवाहर नगर मोहल्ला निवासनी सरला देवी (65) बीते सोमावर को नाती मयंक के साथ बाइक से अपने रिश्तेदार के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने रूरा गई थी। वहां से वापस आते समय कोतवाली क्षेत्र केशरीनिवादा पुल के समीप बाइक से उछल कर गिर गई थी और गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

परिजन आनन फानन में इलाज के लिए कानपुर के निजी अस्पताल ले गए थे। जहां शनिवार की रात को इलाज के दौरान सराला देवी की मौत हो गई। जानकारी पर पुत्र दीपू, धीरू, विष्णु, बेटी रोली, जूली आदि का रो-रो कर बुरा हाल रहा। हल्का इंचार्ज मो हासिक ने बताया कि हादसे में घायल होने की जानकारी थी।

मौके से अस्पताल भिजवाया गया था, लेकिन परिजनों ने मौत की कोई सूचना नहीं दी है।

# कंपोजिट स्कूलों की जमीन न मिलने पर बीएसए को नोटिस

**कानपुर देहात।** मुख्यमंत्री माडल कंपोजिट स्कूलों के लिए अभी तक कानपुर देहात समेत मंडल के चार जिलों में जमीन नहीं मिल पाई है। जिसपर महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने नाराजगी जताते हुए संबंधित जिलों के बीएसए से जवाब तलब करते हुए कठोर चेतावनी दी है।

कंपोजिट विद्यालयों के लिए जनपद मुख्यालय के निकट किसी राष्ट्रीय या राजकीय राजमार्ग पर न्यूनतम पांच से अधिकतम 10 एकड़ तक की जमीन चाहिए। ताकि विद्यालय को इंटरमीडिएट तक उच्चीकृत करने के लिए पर्याप्त कमरे व अन्य जरूरी निर्माण कार्य कराया जा सके। यहां विद्यालयों को डिजिटल माध्यम से पढ़ाई कराई जाएगी और कान्वेंट की तर्ज पर सुविधाएं दी जाएंगी। इन स्कूलों में विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। दिसंबर में जमीन चिह्नित करने के निर्देश दिए गए थे।

# युवक का फंदे पर लटका मिला शव

संवाददाता, रनिया

- पुलिस ने की छानबीन, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य


अंकित।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नारीखेत गांव के बाहर खेतों में खड़े आम के पेड़ से एक युवक का शव फंदे पर लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने छानबीन की और साक्ष्य जुटाए।

नारीखेत गांव निवासी अंकित (28) बीती 23 फरवरी को साले की शादी में शामिल होने गया था। वह रविवार की सुबह ससुराल से वापस आया था। रविवार की दोपहर ग्रामीण देखा कि अंकित का शव खेत में आम के पेड़ पर ररसी के सहारे लटक रहा है। जिसपर उन्होंने जानकारी परिजनों को दी। परिजनों की सूचना पर एसआई रंजीत कुमार मौके पर गए और छानबीन की। उन्होंने फॉरेंसिक टीम बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए। मौत पर पिता रमेश चंद्र, मां कुसुमा देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

मृतक घर का इकलौता था और उसकी शादी करीब छह वर्ष पूर्व जनपद कानपुर नगर के थाना नौबस्ता के कशीगवां में रेनू से हुई थी। मृतक के पिता ने बताया कि ससुराल से आने के बाद बेटा काफी परेशान लग रहा था। पता नहीं किस बात को लेकर उसने यह कदम उठा लिया। एसआई रंजीत कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। पीएम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

तैयारी | रूरा थाना परिसर में आज होगा कार्यक्रम

# अंडरपास का पीएम करेंगे वर्चुअल शिलान्यास


शिलान्यास के लिए थाना ग्राउंड में तैयार किया जाता पंडाल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** कस्बा रूरा में दिल्ली-हावड़ा रूट के ट्रैक पर रेलवे क्रासिंग 94बी पर लगभग आठ करोड रुपये की लागत से नए अंडरपास का निर्माण डीएफसीसी द्वारा प्रस्तावित किया गया है। जिसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास करेंगे। नया अंडरपास बनने से कस्बा व क्षेत्र वासियों को घंटों लगने वाले जाम से निजात मिल सकेगी। वर्चुअल माध्यम से होने वाले कार्यक्रम की तैयारी थाना ग्राउंड में पूरी हो चुकी है। इस दौरान रेलवे के मंडल स्तर के अधिकारी, डीएफसी के अधिकारियो समेत जिले के अधिकारी व जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके साथ ही रूरा स्टेशन पर मुरी एक्सप्रेस व पटना-कोटा एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज शुरू होने की घोषणा होने की संभावना भी जताई जा रही है।

### विधायक ने पीएम का लाइव प्रसारण देखा

**रसूलाबाद।** क्षेत्र के 79 बूथ ग्राम बिल्हा में भाजपा विधायक पूनम शंखवार व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा व सुना। इस मौके पर गजेंद्र यादव, कप्तान यादव, गौरव सिंह, शिवजी द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष ओम शंकर सिंह, गौरव सिंह, रवि सिंह, कैलाश, पुष्पेंद्र यादव, ओमजी कठेरिया, सूरजपाल, चंदन सिंह, सौरभ सिंह, देशराज कुशवाहा, देबू सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


पीएम का लाइव प्रसारण देखतीं विधायक पूनम संखवार व कार्यकर्ता।

# झोपड़ी में आग से झुलसा गृहस्वामी, गृहस्थी जली

संवाददाता, रनिया

- रायपुर के नूरगंज में खरपतवार में लगी आग झोपड़ी तक पहुंची


खरपतवार व झोपड़ी में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना के रायपुर स्थित नूरगंज में संदिग्ध हालात में खरपतवार में आग लग गई। आग की चपेट में आने से एक झोपड़ी में रखा गृहस्थी का करीब 70 हजार रुपये का सामन जल गया। आग बुझाने में झोपड़ी मालिक झुलस गया। दमकल ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

रायपुर के नूरगंज निवासी पप्पू खां मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। वह झोपड़ी बनाकर रह रहा था। रविवार सुबह उसकी झोपड़ी के पीछे खरपतवार में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। इसी दौरान आग ने पप्पू की झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। उसने बाल्टी से आग बुझाने का प्रयास किया और मामूली रूप से झुलस गया। आग को बढ़ता देखकर उसने दमकल को सूचना दी। जिसपर अग्निशमन अधिकारी कृष्ण कुमार टीम के सुरेश कुमार, उपेंद्र सिंह, राजेश बाबू, राहुल कुमार के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। पप्पू खां ने बताया कि आग से झोपड़ी में रखा रजाई, गद्दा, कपड़े, बर्तन, प्लास्टिक का सामान, घरेलू सामान समेत करीब 70 हजार का नुकसान हुआ है।

## सार-संक्षेप


खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति। अमृत विचार

### एडमिन अचीवर को 142 रनों से हरा पुलिस पैंथर्स ने जीता मैच

**कानपुर देहात।** माती स्पोर्ट्स स्टेडियम में पुलिस पैंथर्स व एडमिन अचीवर के बीच 20-20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। रविवार को पुलिस पैंथर्स के कैप्टन पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। ओपनिंग पर गए कैप्टन ने नौ गेंदों पर 21 रन बनाए। पूरी टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 259 रन बनाए। ज्यादा रन गौरव कुमार ने 27 गेदों पर 77 बनाए। उन्हें मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। जवाब में एडमिन अचीवर की टीम निर्धारित 20 ओवर में 127 रन पर ही ऑल आउट हो गई। पुलिस पैंथर्स की ओर से कैप्टन एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने सर्वाधिक पांच ओवरों में 38 रन देकर पांच विकेट लिए। इस तरह पुलिस पैंथर्स की टीम ने 142 रन से जीत हासिल की। विजेता टीम व खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्द्धन किया गया।



आरोग्य मेले में मरीज का उपचार करते चिकित्सक। अमृत विचार

### आरोग्य मेले में डॉक्टरों का टोटा, कम पहुंच रहे मरीज

**राजपुर।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में विशेषज्ञ डाक्टरों के न पहुंचने से मरीजों की संख्या कम होना बताया जा रहा है। रविवार को राजपुर पीएचसी में आयोजित जन आरोग्य मेले में मरीजों की संख्या 33 तक सीमित रही। जबकि सलेमपुर में सिर्फ दस मरीजों का उपचार किया गया। विशेषज्ञ डाक्टरों की कमन और जांच की सुविधा न होने से हर रविवार को आयोजित होने वाला मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला सिर्फ दिखावा ही साबित हो रहा है। यहां न तो समय से डॉक्टर पहुंचते हैं और न ही जरूरी जांच हो पा रही हैं। इससे मरीजों को आरोग्य मेले से मोहभंग हो रहा है। राजपुर पीएचसी में 33 मरीज पहुंचे। यहां डा. शिवकुमार ने चेकअप कर दवाएं दी। बुखार पीड़ित चार मरीजों की मलेरिया जांच की गई। इस दौरान डेंटल हाइजेनिस्ट केके भार्गव, फार्मासिस्ट सुरेश शुक्ला वार्ड ब्वाव शिवकुमार मौजूद रहे। सलेमपुर सीएचसी में जिला मुख्यालय से आए डा. विजय पटेल ने दस मरीजों का उपचार किया।


कलश यात्रा में शामिल गौरियापुर आश्रम के महंत व श्रद्धालु। अमृत विचार

### श्रीराम-जानकी गौरियापुर आश्रम में पंचकुंडीय महायज्ञ शुरू

**कानपुर देहात।** अकबरपुर क्षेत्र के श्रीराम जानकी आश्रम गौरियापुर में रविवार से श्रीरामचरितमानस के 38वें महोत्सव के अंतर्गत श्रीहरिहरात्मक पंचकुंडीय महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। पहले दिन महिलाओं ने शोभा यात्रा निकाली। इस दौरान जयकारे गूंजते रहे। श्रीराम जानकी आश्रम में नौ दिनों तक चलने वाले भव्य आयोजन को लेकर रविवार को जल शोभायात्रा के अंतर्गत पवित्र सेंगुर नदी से वैदिक मन्त्रोंच्चार के बीच कालशों में जल ग्रहण किया गया। भगवा ध्वजा पताकाएं लिए हुए संस्कृत विद्यालय गौरियापुर के तमाम विद्यार्थी, महिलाएं जयकारों के बीच हाईवे से निकली। यज्ञ समारोह के संयोजक महंत श्री देवनारायण दास जी ने बताया कि महायज्ञ 4 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। बाद में भंडारा व प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यज्ञ कार्यक्रम में बालकों के यज्ञोपवीत संस्कार भी होंगे। श्रीमदभागवत कथा व प्रवचन मंच पर भी विभिन्न संत महात्मा और विद्वान ज्ञान-उपदेश देंगे। यज्ञाचार्य पंडित राज नारायण त्रिपाठी ने बताया कि यज्ञशाला में आहुतियां देने के लिए क्षेत्र की समस्त जनता का आवाहन किया गया है। यात्रा में ग्राम प्रधान गौरियापुर सरमन तिवारी, डॉ. रामनरेश त्रिपाठी, प्राचार्य संस्कृत विद्यालय राहुल त्रिपाठी, योगेश्वर अवस्थी, राजेश शुक्ला, कुलदीप, लक्ष्मीनारायण तबला वादक आदि लोग उपस्थित रहे।

### छत से गिरकर किशोर गंभीर

**पुखरायां।** छत से गिरकर किशोर घायल हो गया। रनियां गांव के अशोक कुमार ने बताया कि कस्बा के इंद्रानगर में भांजा कृष्णा (12) अपने घर के छत में खेलते समय अचानक पैर फिसलने से नीचे गिर कर घायल हो गया। उसे सीएचसी लाया गया। जहां डॉ. आरती सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### युवक को बचाने में बाइक सवार गिरकर घायल

**पुखरायां।** हाइवे पर युवक को बचाने के प्रयास में बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। भोगनीपुर के वसीम ने बताया कि उसका भाई शेरू (32) बाइक में सवार होकर कस्बा की ओर आ रहा था। तभी पटेल चौक के मुख्य मार्ग में एक युवक को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से शेरू गिरकर घायल हो गया। लोगों ने उसे सीएचसी भेजा। जहां डॉ. आरती सिंह ने जिला अस्पताल रेफर किया है।


### मधुमक्खियों के हमले से बाइक सवार घायल

**पुखरायां।** मधुमक्खियों के हमले से बाइक सवार पर घायल हो गया। भोगनीपुर क्षेत्र के छतेनी गांव निवासी खातून ने बताया कि उनका पुत्र जाफर अहमद (30) बाइक में सवार होकर पुखरायां गया था। वहां से वापस आते समय झांसी-कानपुर हाइवे किनारे स्थित पेड़ में मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया। जिससे जाफर घायल हो गया। संभावना है कि किसी ने छत्ते में पत्थर मार दिया था। जिससे मधुमक्खियां हमलावर हो गई। परिजनों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है।

### ग्राम प्रधान ने सांसद को दिया पत्र

**रसूलाबाद।** सिसाही ग्राम प्रधान उषा राठौर ने ग्राम पंचायत को कल्याण सिंह उन्नत योजना में शामिल कराने के लिए कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक को मांग पत्र दिया। प्रधान प्रतिनिधि अनिल राठौर ने बताया कि सांसद ने मांग पत्र सीएम को भेज कर ग्राम पंचायत को कल्याण सिंह उन्नत योजना में शामिल कराने का आशवासन दिया।

# सपा-कांग्रेस गठबंधन की चुनौती कमजोर कर सकती है बसपा



मनोज त्रिपाठी

**अकबरपुर लोकसभा**

कानपुर। अकबरपुर लोकसभा सीट पर सपा कभी चुनाव नहीं जीती है। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में यहां से कांग्रेस प्रत्याशी राजाराम पाल ने जीत हासिल की थी। इससे पहले वर्ष 1998 से 2004 के बीच हुए तीन चुनावों में बसपा सुप्रीमो मायावती सांसद चुनी गई थीं। अब पिछले दो चुनावों से भाजपा के देवेंद्र सिंह भोले सांसद हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में सपा कांग्रेस के साथ गठबंधन से पहले ही राजाराम पाल को अपना प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। इसकी वजह लोकसभा क्षेत्र में उसके वोट बैंक पीडीए का आधार होना है, लेकिन भाजपा को चुनौती देने में सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी की राह में बसपा बड़ा रोड़ा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने इस सीट पर लगभग 21 फीसदी वोट पाए थे, तो 2019 के चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन होने पर इस सीट पर बसपा ने अपना प्रत्याशी मैदान में उतारा था, जिसे 30 फीसदी से कुछ अधिक मत हासिल हुए थे। ऐसे में आंकड़ों के लिहाज से माना जा रहा है कि बसपा को जितने ज्यादा वोट मिलेंगे सपा-बसपा गठबंधन प्रत्याशी की चुनौती उतनी ही कमजोर होती जाएगी।

### गंगा-यमुना, दो हाईवे, एक्सप्रेसवे और जीटी रोड से समृद्ध इलाका

- गंगा और यमुना के बीच में बसा अकबरपुर कानपुर-दिल्ली और कानपुर-झांसी हाईवे का रास्ता दिखाता था। इस लोकसभा क्षेत्र से दिल्ली और झांसी हाईवे के साथ ही जीटी रोड और लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे गुजरती है। इसके बावजूद अकबरपुर का बड़ा इलाका बुनियादी समस्याओं का समाधान पाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। यह तब है जब पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती इस सीट से तीन बार सांसद चुनी जा चुकी हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का मूल निवास भी इसी क्षेत्र में है।

### पांच में चार विधानसभा क्षेत्र कानपुर शहर का हिस्सा

- अकबरपुर में विधानसभा की पांच सीटें आती हैं। इसमें रनियां अकबरपुर को छोड़ दें तो बाकी चार कानपुर नगर का हिस्सा हैं। महाराजपुर से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, बिठूर से अभिजीत सिंह, कल्याणपुर से नीलिमा कटियार, रनिया अकबरपुर से प्रतिभा शुक्ला भाजपा से विधायक हैं, घाटमपुर से सहयोगी दल अपना दल (एस) की सरोज कुरील विधायक हैं।

### मुस्लिम और ब्राह्मण का समीकरण

- वर्ष 2022 को विस चुनाव के परिणाम से साफ है कि भाजपा के लिए अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में महाराजपुर व कल्याणपुर गढ़ जैसे हैं। महाराजपुर सीट पर भाजपा को 60.61 प्रतिशत तो कल्याणपुर में 52.72 फीसद मत मिले थे। बिठूर सीट पर 44.47 प्रतिशत, अकबरपुर रनिया सीट पर 43.83 फीसद मत पाए थे। घाटमपुर में अपना दल(एस) को 41.60 प्रतिशत मिले थे।

**प्रमुख राजनीतिक दलों का पिछले पांच चुनावों में वोट प्रतिशत**

| चुनाव और वर्ष | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विधानसभा | 41.50 | 35.00 | 11.30 | 01.80 |
| 2019 लोकसभा | 57.10 | --- | 30.10 | 10.60 |
| 2017 विधानसभा | 49.30 | 20.70 | 20.50 | 05.70 |
| 2014 लोकसभा | 49.60 | 15.10 | 20.90 | 10.00 |
| 2009 लोकसभा | 21.50 | 18.00 | 25.20 | 30.20 |

**2019 के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को मिले मत**

| 2019 प्रत्याशी | दल | मत मिले | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| देवेंद्र सिंह भोले | भाजपा | 5,77,603 | 57.10 |
| निशा सचान | बसपा | 3,04,553 | 30.10 |
| राजाराम पाल | कांग्रेस | 1,07,592 | 10.60 |

**2014 के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को मिले मत**

| 2014 प्रत्याशी | दल | मत मिले | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| देवेंद्र सिंह भोले | भाजपा | 4,81,379 | 49.60 |
| अनिल शुक्ला वारसी | बसपा | 2,02,500 | 20.90 |
| लाल सिंह तोमर | सपा | 96,800 | 10.00 |
| राजाराम पाल | कांग्रेस | 1,07,592 | 10.60 |

## सार-संक्षेप



कीरतपुर में पंचायत करते भाकियू पदाधिकारी। अमृत विचार

### किसानों के धरने को समर्थन देने का लिया संकल्प

**रनियां।** सरवनखेड़ा ब्लाक की ग्राम पंचायत बिलसरायां के मजरा कीरतपुर में भारतीय किसान यूनियन युवा विंग के जिलाध्यक्ष आदित्य सिंह चंदेल की अगुवाई में किसानों की रविवार को पंचायत हुई। इस दौरान शंभू बॉर्डर पर किसानों के चल रहे धरने को समर्थन देने का संकल्प लिया गया। इसी के साथ-साथ विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई और तय किया गया कि सरकार अगर जल्द ही समस्याओं का निस्तारण नहीं करती है तो हजारों की संख्या में जनपद के किसान दिल्ली की तरफ कूच करेंगे। पंचायत में कल्याण सिंह, वरिष्ठ नेता ग्राम अध्यक्ष कीरतपुर अश्वनी यादव, महावीर सिंह, बलबीर सिंह, किशन लाल, भगवान बाबा, राम नारायण यादव समेत अन्य किसान मौजूद रहे।

### विधायक ने घटिया डामरीकरण पर बंद कराया काम

**रसूलाबाद।** क्षेत्र के विषधन मार्ग से गंभीरा तक संपर्क मार्ग का लोक निर्माण विभाग से सड़क के डामरीकरण का कार्य हो रहा है। सड़क निर्माण मे मानक विहीन सामग्री का कार्य होने की सूचना मिलने पर रविवार को क्षेत्रीय विधायक पूनम संखवार ने मौके पर पहुंचकर सड़क का निरीक्षण किया। सड़क निर्माण में घटिया डामरीकरण मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त कर कार्य को बंद करा दिया। इस मौके पर चंदन सिंह, गौरव सिंह, सौरभ सिंह, शिवप्रकाश द्विवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



घटिया डामरीकरण होने पर नाराजगी जताती विधायक पूनम संखवार।

### दुकानदार पर धारदार हथियार से हमले का आरोप

**राजपुर।** भाल गांव में दुकान पर बैठे दुकानदार पर एक युवक ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। लोगों ने हमलावर से धारदार हथियार छीनकर जान बचा ली। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। भाल गांव निवासी दीपू सिंह ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार की शाम करीब सात बजे घर के बाहर बनी दुकान पर बैठा था। आरोप है कि तभी शराब के नशे मे धुत गांव का ही एक युवक दुकान के अंदर घुस आया और धारदार हथियार से हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर दौड़े उसके पिता रामनरेश सिंह व गांव के लोगों ने हमलावर से हथियार छीनकर उसकी जान बचा ली। मौका पाकर आरोपी वहां से फरार हो गया। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले में जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क निर्माण को लेकर हुआ भूमि पूजन

**रसूलाबाद।** कस्बा के आजाद नगर में समाजसेवी सुशील कुमार शुक्ला भूमि पूजन करने पहुंचे। वार्ड के सभासद मशरूफ़ नवाज़ ने उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामू गुप्ता के घर से देवी मंदिर तक इंटरलॉकिंग बन जाने से लोगों को आवागमन में आसानी होगी। वहीं पथ प्रकाश के लिए इलेक्ट्रिक लाइटों के अलावा वार्ड में सोलर लाइट भी लगवाई जा रही हैं। इस मौके पर पूर्व सभासद मो निसार पप्पू, महेंद्र पाल राठौर, मनोज राठौर, अर्पित मोहन श्रीवास्तव, सरताज खान, अशोक गुप्ता, दीपक सिंह, रूबी राठौर, तालिब खान, रामसेवक कुशवाहा, किशन गुप्ता, जुनैद राईन, मोहित राठौर आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमण और विरोध के बीच ट्रांसफर स्टेशन के कार्य लटके

## जगह- जगह लोग कर रहे आपत्ति, सरकारी विभागों ने भी कार्य में अटकाया रोड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जोन-2,4,5 और 6 में 11 ट्रांसफर स्टेशनों का काम बीच में बंद

**अमृत विचार।** शहर में खुले कूड़ाघरों को खत्म कर स्मार्ट कूड़ाघर (ट्रांसफर स्टेशन) बनाने का काम कई जगह लटक गया है। आम जनता और कुछ सरकारी विभागों की आपत्ति के बाद जोन-2, 4, 5 और 6 में 11 ट्रांसफर स्टेशनों का काम बीच में ही बंद हो गया है। कार्यदायी संस्था ने काम शुरू कराने के लिये नगर निगम से मध्यस्थता करने को कहा है।

कानपुर में खुले में कूड़ा घरों को खत्म करने के लिए नगर निगम ने 72 स्मार्ट कूड़ाघर (ट्रांसफर स्टेशन) बनाने का फैसला लिया है। निर्माण के लिए 16 अक्टूबर 2023 को साईं बिल्डर्स को वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया। अधिकारियों ने अभी तक 70 स्थानों का निरीक्षण किया है। कंपनी ने नगर आयुक्त से शिकायत करते हुए कहा है कि कई जगहों पर आम जनता की आपत्ति के बाद काम बंद करना पड़ा। वहीं, कई जगहों पर सरकारी विभागों द्वारा काम रुकवा दिया गया। इससे निर्माण कार्य पूरा करने में देरी हो रही है। स्मार्ट सिटी के तहत शहर को कूड़ा फ्री बनाने को लेकर 12 ट्रांसफर स्टेशन बनकर तैयार हो चुके हैं और 60 ट्रांसफर स्टेशन शहर के अलग-अलग जोनों में बनाये जा रहे हैं। पिछले दिनों ही नगर निगम ने 41 करोड़ रुपये की लागत से शहर में 30 जगहों पर ट्रांसफर स्टेशन बनाने को लेकर टेंडर खोले हैं। जोन एक में सबसे ज्यादा सात जगह ट्रांसफर स्टेशन बनाया जाना है। एक स्टेशन को बनाने में नगर निगम कुल 13 लाख 82 हजार रुपये खर्च करेगा।

### 18 पीसी कॉम्पैक्टर भी प्रस्तावित

नगर निगम सीमा में 18 पीसी कॉम्पैक्टर भी बनाए जाने हैं। अभी भैरवघाट स्थित कूड़े अडडे पर स्थापित पीसी कॉम्पैक्टर को कूडा संग्रहण कार्य के लिए शुरू कराया गया है। यह एक बार में लगभग 16 एमटी कूड़ा एकत्र कर सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लान्ट भौंती भेज रहा है। ऐसे ही सभी जोन में 18 पीसी कॉम्पैक्टर स्थापित होंगे।



सड़क के पास पड़े कुड़े में भोजन खोजते पशु। अमृत विचार

### अतिक्रमण और जगह चिह्नित न होना भी समस्या

साईं बिल्डर्स ने नगर निगम को पत्र लिखकर कहा है कि ट्रांसफर स्टेशन के लिये जो जगह चिह्नित कराई गईं वहां पहले से अतिक्रमण है। उन्हें हटाने को कहा गया लेकिन हट नहीं रहे हैं। जिससे ट्रांसफर स्टेशन बनाने में दिक्कत आ रही है। इसके साथ ही कुछ स्थानों को अभी चिह्नित भी नहीं कराया गया है। जिससे समय से कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है।

### क्या है ट्रांसफर स्टेशन

ट्रांसफर स्टेशन में कॉम्पैक्टर गाड़ियों के जरिए घरों से निकला सूखा और गीला कचरा अलग-अलग इकट्ठा किया जाएगा। गाड़ियों से ये कचरा स्मार्ट कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन पर पहुंचेगा। वहां पर मशीनों के जरिये कूड़े को दबाकर कॉम्पेक्ट किया जाएगा। फिर इसको स्टेशन पर रखे गए कैप्सूलनुमा बंद कंटेनरों में भरकर भौंती डंपिंग पहुंचाया जाएगा। कई जगह कूड़े की छंटनी भी की जाती है।

# भाजपा के अभियानों को बूथ स्तर तक ले जाएं पदाधिकारी: राजेश



विधानसभा चुनाव प्रबंधन संचालन समिति की बैठक करते भाजपा नेता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- भाजपा विधानसभा चुनाव प्रबंधन संचालन समिति की हुई बैठक

**अमृत विचार।** भाजपा विधानसभा चुनाव प्रबंधन संचालन समिति की बैठक पार्टी कार्यालय माती में संपन्न हुई। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। कहा गया कि सभी संचालन समिति के पदाधिकारियों को भाजपा के दिए गए अभियानों को बूथ स्तर तक ले जाएं।

रविवार को संचालन समिति की बैठक लोकसभा प्रभारी राजेश तिवारी, जिला प्रभारी अशोक राजपूत, जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, विधानसभा संयोजक डॉक्टर सतीश शुक्ला के नेतृत्व में हुई। आगामी आने वाले चुनाव के लिए भाजपा ने अकबरपुर लोकसभा के रनियां विधानसभा की संचालन चुनाव प्रबंधन समिति की घोषणा कर दी है। जिसमें विधानसभा प्रभारी राजेश सिंह सेंगर को बनाया गया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी एवं योगी की डबल इंजन सरकार की जितनी विकास की योजनाएं हैं। उनके बारे में निचले स्तर तक जनता को अवगत कराना है। लोकसभा प्रभारी ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में सभी क्षेत्रों में विकास की योजनाओं को उच्च शिखर तक पहुंचाया है। आज पूरे देश में एक्सप्रेस व हाईवे की कनेक्टिविटी है। जिससे देश पांचवी अर्थव्यवस्था के पायदान पर खड़ा है। जिला प्रभारी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अभियानों को जल्द पूरा करें। अतुल चंदेल, आशीष मिश्रा, रामजी मिश्रा, बृजेंद्र सिंह, बबलू कटियार, कृष्णा गौतम, विशंभर सोनकर, विद्यासागर त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा रहे।

## मवेशियों से भरी डीसीएम पकड़ी चार गिरफ्तार

**राजपुर।** सटटी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्रूरता पूर्वक पशुओं से भरी डीसीएम को पकड़ कर चार लोगों को पकड़ा है। उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सट्टी थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने बताया शनिवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि भोगनीपुर की ओर से आ रही डीसीएम में क्रूरता पूर्वक पशुओं को लाद कर बिक्री के लिए औरैया जनपद भेजा जा रहा है। तभी पुलिस ने शाहजहांपुर के एक ढाबे के सामने नाकाबंदी कर आने वाले वाहनों को चेक किया। पुलिस ने जब एक डीसीएम को रुकवाया। तो डीसीएम के रुकते ही उसमें सवार सभी लोग भागने लगे। जिन्हें पुलिस टीम ने पकड़ लिया। डीसीएम में क्रूरता पूर्वक भरे 28 पड़वों को बरामद किया गया है। पकड़े लोगों ने पूछताछ में पुलिस को अपना नाम सटटी गांव निवासी जीशान, वीर सिंह, फैजान व मैनपुरी जनपद के करहल थाना के मढ़ापुर निवासी शिवनारायण बताया है।

**दी सीख** श्रीरामजानकी संस्कृत महाविद्यालय में 55 छात्रों को दिए गए स्मार्ट फोन

# वैदिक परंपराओं को अक्षुण रखें संस्कृत छात्र

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात



स्मार्ट फोन के साथ श्रीरामजानकी संस्कृत महाविद्यालय के छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत श्रीरामजानकी संस्कृत महाविद्यालय गौरियापुर के छात्रों को आश्रम के महंत देवनारायण दास जी की अध्यक्षता में स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। इस दौरान 55 छात्रों को स्मार्ट फोन दिए गए।

रविवार को महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक रमाकांत मिश्र ने कहा कि सभी संस्कृत के छात्र अपनी प्राचीन वैदिक परंपराओं को अक्षुण रखते हुए आधुनिकता से जुड़कर प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहें और भारत की प्राचीनतम भाषा संस्कृत व संस्कृति की निरंतर रक्षा करें। यह स्मार्ट फोन इसी उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी छात्र मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर हमेशा अच्छे रास्ते पर अपने जीवन को आगे बढ़ाएं। पूर्व सांसद अनिल शुक्ला ने कहा कि संस्कृत विद्यालय के छात्रों की विशेष जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने संस्कृति की रक्षा करें। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विद्यालय के आचार्य डॉ. राजेश शुक्ला ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामनरेश त्रिपाठी, राकेश शुक्ला, योगेश्वर अवस्थी, गणेशजी गर्ग, राहुल त्रिपाठी, गौरियापुर ग्राम प्रधान सरमन तिवारी, सुशील पांडेय, लक्ष्मीनारायण, कुलदीप आदि लोग उपस्थित रहे।



# बारातियों से भरी बस पलटी 12 घायल, 6 कानपुर रेफर

## कानपुर देहात से चांदपुर थाना क्षेत्र जा रही थी बारात, कलाना के पास हुआ हादसा

संवाददाता जहानाबाद

**अमृत विचार।** कानपुर देहात जनपद से बारातियों को लेकर जा रही बस शनिवार की देर रात कलाना गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटते ही चीख-पुकार मच गई। हादसे में 12 बाराती गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां से छह बारातियों की हालत नाजुक देख उन्हें कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

कानपुर देहात जनपद के रूरा थाना क्षेत्र के कुडरा गांव से सुरेन्द्र यादव के पुत्र छविराम उर्फ भूरा की बारात शनिवार की रात चांदपुर थाना क्षेत्र के सठिगवां गांव निवासी सरोज यादव के यहां जा रही थी। जिस बस से बारात जा रही थी उसमें 55 बाराती थे। बस जैसे ही जहानाबाद थाना क्षेत्र के अमौली मार्ग पर लहुरी सरायं और कलाना गांव के बीच पहुंची तभी अचानक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई। हादसा होते ही बस में सवार बारातियों में चीख पुकार मच गई। हादसे की जानकारी पर रात में जैसे ही ग्रामीणों को मिली वे तुरंत घरों से निकल आए और बस में फंसे बरातियों को बाहर निकालना शुरू किया और पुलिस को सूचना दी गई। घायलों की मदद के लिए जानकारी मिलने पर एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची।



बारातियों से भरी बस पलटी।



जहानाबाद सीएचसी में पहुंचाए गए घायल। अमृत विचार

### ये बाराती हुए घायल

हादसे में घायल बाराती कानपुर देहात के रसूलाबाद थाना क्षेत्र के ककवन गांव निवासी बांकेलाल पुत्र धनीराम, कोड़रा निवासी गोरेलाल पुत्र देशराज व रमेश पुत्र सुंदरलाल, रूरा निवासी निलेश अवस्थी पुत्र राम अवतार, सत्य प्रकाश पुत्र ज्ञान सिंह, रसूलाबाद के सिकहुला निवासी मनोज पुत्र राज बहादुर, रूरा थाना क्षेत्र के उदयवीर पुत्र सियाराम, भंवरपुर निवासी जय सिंह पुत्र बाबूलाल, कोड़रा निवासी राम सिंह पुत्र मंगली और रूरा निवासी सियाराम पुत्र गोरेलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने बांकेलाल, गोरेलाल, रमेश, निलेश, सत्यप्रकाश, मनोज की हालत नाजुक देख उन्हें कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

## पानी भरने के विवाद में मां-बेटी समेत चार को पीटा

**फतेहपुर।** हैंडपंप पर पानी भरने के विवाद में मां-बेटी समेत चार को एक पक्ष के लोगों ने पीटा। मामले में पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ मारपीट, बलवा समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

- पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ बलवा व मारपीट में रिपोर्ट दर्ज की

राधानगर थाना क्षेत्र के मदरियापुर निवासी मान सिंह की पत्नी शीला ने बताया कि उसकी पुत्री दिव्यांशी सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने गई थी। जहां पड़ोसी मलखान की पत्नी छाया व पुत्रियां, ज्योति और रोली मौजूद थे। उन लोगों ने उसकी बेटी की बाल्टी नहीं भरने दी, मना करने पर बेटी को पीटने लगे। वह और गांव के सीता, रानी बेटी के बीच-बचाव में पहुंचे। उन सभी को मलखान, सूरज, चांद सिंह, मदन, रवि, गिरिजा शंकर, सूरज, अर्चना, राधा, सुदामा, आशा ने लाठी डंडे से मां-बेटी और सीता, रानी को पीटा। प्रभारी निरीक्षक आरके पटेल ने बताया कि मारपीट, तोड़फोड़ व बलवे की धाराओं में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।



छात्रवत्ति परीक्षा में सम्मानित हुए बच्चे। अमृत विचार

## विद्यार्थियों को बांटी लाखों की छात्रवृत्ति

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** मलवां स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में रविवार को जोश छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को पुरस्कृत कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति मौजूद रहीं।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य राणा संग्राम सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्रों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद अभ्यर्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अनमोल मिश्रा को एक लाख नगद, लैपटॉप, प्रतिभागिता पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं दो वर्ष की फीस माफी से पुरस्कृत किया गया। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी आराध्या पटेल को 51 हजार नगद, लैपटॉप, प्रतिभागिता प्रस्कार, प्रमाण पत्र एवं दो वर्ष तक 90 फीसदी फीस माफी से पुरस्कृत किया गया। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी अर्पिता सिंह को 31 हजार नगद, लैपटॉप, प्रमाण पत्र एवं दो वर्ष तक 80 फीसदी फीस माफी से पुरस्कृत किया गया। चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र प्रखर गुप्ता को 21 हजार नगद, एक स्मार्टफोन, प्रमाण पत्र एवं 70 फीसदी फीस माफी से पुरस्कृत किया गया। पाचवां स्थान प्राप्त करने वाले मोहम्मद अबरार को 11 हजार नगद, एक स्मार्टफोन, प्रमाण पत्र एवं 60 फीसदी फीस माफी से पुरस्कृत किया गया। इसी तरह शौर्य सिंह, वात्सल्य रस्तोगी, अनंत कुमार, अस्मित पटेल, अभय प्रताप सिंह एवं प्राची पाल को भी पुरस्कृत किया गया। इसके 11वें से 15वें स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को एनसीईआरटी पुस्तकों का सेट प्रमाण पत्र व 30 फीसदी फीस माफी से पुरस्कृत किया गया। वहीं 16वें से 20वें स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 25 फीसदी फीस माफी व पुस्तकें व प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर फतेहपुर शाखा के प्रधानाचार्य सिजो वर्गीस, बिंदकी शाखा की प्रधानाचार्य उर्वशी पांडे, जरीना अंजुम, अजय सिंह राठौर, वारिशाखान, देवेद्र भदौरिया, दीप्ती, अवंतिका, उमेश आदि मौजूद थे।

## श्री कृष्ण जन्मभूमि पक्षकार धमकी मामले में कम्प्यूटर जनरेट था कॉल

संवाददाता फतेहपुर

- श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार को मिली थी धमकी
- जांच में कॉल किए जाने वाला नंबर निकला कंप्यूटर जनरेट



**अमृत विचार।** श्री कृष्ण जन्मभूमि के मुकदमे के पक्षकार भृगुवंशी आशुतोष पांडेय को धमकी दिए जाने के मामले में आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मोबाइल पर आई कॉल की जांच की गई। कॉल किए जाने वाला नंबर कंप्यूटर जनरेट था। प्रकरण में पुलिस इंटरनेट प्रोटोकाल डिटेल रिकार्ड (आईपीडीआर) की मदद लेगी।

वृंदावन श्रीमठ माहेश्वरी धाम मां शाकुंभरी पीठाधीश्वर के रहने वाले भृगुवंशी आशुतोष पांडेय मथुरा कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में विचाराधीन श्री कृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह दाखिल वाद के मुख्यवादी और पक्षकार हैं। वह शुक्रवार को मुकदमे की सुनवाई के बाद शुक्रवार शाम मथुरा जा रहे थे। उन्हें मोबाइल पर व्हाट्सएप काल कर मुकदमा वापस न करने पर बम से उड़ाने की धमकी मिली। आरोप है कि फोन करने वाला पाकिस्तान के आतंकी संगठन का सदस्य है। प्रकरण में कोतवाली पुलिस ने शनिवार को आईटी एक्ट के तहत धमकी का मुकदमा दर्ज किया। प्रारंभिक जांच में साफ हुआ कि कॉल किसी मोबाइल नंबर से नहीं की गई है बल्कि इंटरनेट काल किसी कंप्यूटर सिस्टम से जनरेट की गई थी।

काल की जांच के लिए आईपीडीआर की मदद ली जाएगी। जांच में किसी साइबर एक्सपर्ट की मदद ली जा सकती है। एएसपी विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## 6 असिस्टेंट प्रोफेसरों को मिली प्रोन्नति

**फतेहपुर।** शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसरों को करियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत प्रोन्नत करने का आदेश जारी किया है। उसमें जनपद के डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छह प्रधानाध्यापक भी शामिल हैं।

महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि डा. प्रशान्त द्विवेदी को अंग्रेजी एसोसिएट प्रोफेसर पद पर और डा. रेखा वर्मा को हिन्दी एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। साथ ही डा. अजय कुमार, डा. चारू मिश्रा, रमेश सिंह और बसंत कुमार मौर्य को असिस्टेंट प्रोफेसर के विभिन्न स्तरों में प्रोन्नति प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि न सिर्फ महाविद्यालय के लिए, बल्कि जनपद के लिए भी है।

## डीएम ने कहा, मतदान कर मजबूत करें लोकतंत्र

संवाददाता फतेहपुर

- तेलियानी के अलादातपुर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार।** विकास खंड तेलियानी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अलादतपुर के परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत डीएम सी इंदुमती ने रविवार को चौपाल लगाकर ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने सोमवार को 18 से ऊपर आयु के एवं छूटे हुए मतदाताओं को फार्म-छह भरवाए जाने के लिए बीएलओ को निर्देश दिए।

कहा कि साथ ही वोटर लिस्ट में नाम जोड़े जाएं, इसके बाद गांव में मुनादी करवाने और अपने गांव का सर्वे करने की बात कही। कहा कि यदि किसी का नाम छूटा है तो जोड़ा जाए, जिन लड़कियों की शादी हो गई हो या किसी की मृत्यु हो गई है या दूसरे जगह निवास स्थान बना लिया है ऐसे लोगो का नाम सूची से हटाया जाऐ। उन्होंने कहा कि नागरिक होने के नाते वोट देना जिम्मेदारी है, वोट देकर लोकतंत्र को मजबूत बनाए। महिला, पुरुष मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले, पहले वोट दे फिर घर का कार्य करे और अपने आस पास के लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए प्रोत्साहित करें। उन्होंने स्वीप सहेली रचना के साथ स्वीप मित्र आशीष कुमार को नियुक्त किया और बीएलओ का सहयोग करने की बात कही।

सेवानिवृत अध्यापक राजनारायण को प्रत्येक मतदान में अपना जागरूक होकर मतदान करने पर डीएम ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। हर घर संकल्प के तहत सुशीला देवी को मतदान के दिन वोट डालने के लिए जागरूक किया। कहा कि सभी लोग निर्भीक, निष्पक्ष, निडर, बिना किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

उन्होंने मतदाताओं को शपथ दिलाई। इस दौरान बीएलओ ने बताया कि बूथ संख्या 29, 30 एवं 31 बूथ बनते हैं। जिसमें 29 में 884, बूथ 30 में 487 एवं 31 में 815 महिला व पुरुष मतदाता है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अविनाश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी प्रभाकर त्रिपाठी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, तहसीलदार सदर सहित संबंधित मौजूद रहे।



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेती डीएम – सी इंदुमती। अमृत विचार

## बीहड़ में सज रही रोज जुएं की फड़

संवाददाता असोथर

- सऐझी, मैकुआपुर के अलावा कई स्थान बने मुफीद

**अमृत विचार।** थाने का सरकंडी और ऐझी समेत कई क्षेत्र इन दिनों जुआरियों का हब बने हुए हैं। पिछले कुछ समय से यहां जुएं का खेल चल रहा है। कथिततौर पर जुएं का खेल एक सफेदपोश नेता और खाकी की मिली भगत से चल रहा है।

बताते हैं कि सरकंडी के ऊदल का डेरा और मैकुआपुर के बीच नाला का किनारा जुआरियों के लिए मुफीद स्थान है। नाले के कभी इस पार, कभी उस पार बड़ी संख्या में जुआरियों का जमावड़ा रहता है। इसी तरह ऐझी के एक बाग में जुएं की फड़ सजती है। जहां पर दूर दराज से कार में सवार होकर युवक अपनी किस्मत आजमाने के लिए आते हैं। लखपती बनने की उम्मीद में यहां लोग नगदी हारने के बाद घर गृहस्थी के कीमती सामान गिरवी रखने में परहेज नहीं करते। सूत्रों की मानें तो शनिवार को जुएं की फड़ में मारपीट हुई है। लोगों का कहना है कि पुलिस की कार्रवाई न होने से किसी दिन कोई अप्रिय घटना घट सकती है। मामले में सीओ थरियांव अरुण राय ने बताया कि पूर्व में सरकंडी में जुआ संचालित होने की जानकारी पर थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद जुएं की फड़ संचालित हो रही है और मारपीट की घटना हुई है तो जांच कराई जाएगी। मामले में अगर कोई सिपाही संलिप्त पाया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी।

## वसूली करने वालों पर होगी कारवाई

**धाता।** नगर पंचायत धाता में प्रधानमंत्री आवास में अवैध धन वसूली करने वालों के खिलाफ नगर के सभासद एवं कुछ क्षेत्रीय लोगों ने नगर अध्यक्ष रेखा सरोज से लिखित शिकायत की है। आरोप है कि कुछ कर्मचारियों द्वारा अपात्रों को पात्र बनाकर अवैध धन वसूली की जा रही है। इस कारण प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा और प्रधानमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना से गरीब और जरूरतमंद लोग वंचित हो रहे। बता दें कि डूडा द्वारा चयनित कंपनी के द्वारा जियो टैग कराया जा रहा है। जियो टैग करने वाले कर्मचारियों के द्वारा अवैध धन वसूली कर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने के लिए अपात्र लाभार्थियों का जियो टैग कर दिया जाता है, जबकि पात्र व्यक्ति वंचित रह जाते हैं।

## तंत्र-मंत्र की आड़ में महिला से की अश्लील हरकत

संवाददाता फतेहपुर

- तांत्रिक समेत सात ससुरालियों के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** ससुराल वालों के बुलाए तांत्रिक समेत दो लोगों ने महिला से अश्लील हरकत की। महिला ने दहेज के खातिर घरेलू हिंसा के शिकार के साथ अश्लील हरकत मामले में ससुराल वालों के साथ 7 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

हथगाम थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला की शादी 10 फरवरी 2018 को सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले युवक के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि शादी के बाद से पति, ससुर, सास व दो देवर दहेज की मांग को लेकर मारपीट करते थे। उसके पिता व मां मुंबई में रहते हैं। पति भी मुंबई में जाकर होटल मैनेजर का काम करने लगे। पिता ने ससुरालियों की मांग पर उपहार स्वरूप नकदी भी दी। कुछ दिन बाद ससुराली बच्चे न होने पर मारते पीटते थे।

जनवरी 2023 में पिता के घर मुंबई में पांच माह तक रही। मई में उसे ससुराल ले आए। उसने बच्चे न होने का इलाज कराने को कहा। ससुराल वालों ने हथगाम थाने के खालिसपुर निवासी तांत्रिक फहीम बाबा और थरियांव थाने के कोर्रा सादात निवासी कुलदीप गुप्ता को घर बुलाया। तंत्र-मंत्र की आड़ में अश्लील हरकत की। ससुराल वालों को आपबीती बताई तो उसे ही उल्टा-सीधा कहा गया।

## अज्ञात शव का कराया पोस्टमार्टम

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र में कानपुर प्रयागराज हाइवे में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास में लगी थी। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

मलवां थाना क्षेत्र के हाईवे पर चितौरा के पास अज्ञात वाहन लगभग 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को टक्कर मारते हुए निकल गया था। वाहन की टक्कर से अधेड़ गम्भीर रूप से घायल हो गया। जब तक उसको कहीं इलाज के लिए लेकर जाते उससे पहले ही उसकी मौत हो गई थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास में लगी थी। 72 घण्टे बाद भी मृतक की शिनाख्त न होने पर शव का पोस्टमार्टम करवा गया।

## जुर्माना न भरने पर वाहन होगा ब्लैक लिस्टेड

संवाददाता फतेहपुर

- चालान होने पर सालों जुर्माना न भरने पर लिया गया निर्णय

**अमृत विचार।** वाहनों का चालान होने पर लंबे समय तक उसे न भरने के चलते विभाग ने वाहनों को ब्लैक लिस्टेड किए जाने का निर्णय लिया है। जिसके चलते विभाग अब ऐसे वाहनों की कुंडली खंगालने में जुट गया है जिनका पूर्व में चालान होने के बावजूद राजस्व जमा नहीं किया जा सका। जिससे उन वाहनों को ब्लैक लिस्टेड कर विभाग से सम्बंधित कामों को रोका जा सके।

चालान होने के बावजूद दोआबा में फर्राटा भर रहे वाहनों पर विराम लगाने के लिए एआरटीओ कार्यालय द्वारा कवायद शुरू की जा चुकी है। जिससे ऐसे वाहनों के संचालन पर विराम लगाते हुए उनसे चालान की रकम को जमा करवाया जा सके। इस दौरान यदि ऐसे वाहन कार्यालय से सम्बंधित वाहनों के काम करवाए जाने के लिए पहुंचते है तो उसका कोई काम न किया जाए।

जिम्मेदारों ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के साथ ही परमिट न होने पर किए गए चालान, टैक्स बकाए पर किए गए चालान, फिटनेस समाप्त होने पर किए गए चालान आदि वाले वाहनों को दायरे में रखा गया है। वहीं हेलमेट, सीट बेल्ट आदि के किए जाने वाले चालान को निश्चित समय सीमा के बाद न्यायालय में भेज दिया जाता है। हालांकि जुर्माना भरे बिना इनका भी कार्यालय सम्बंधित काम नहीं होता।

**सावधान!** एनएचआई ने अधिकृत बैंकों से फास्टैग खरीदने का किया आग्रह, जिले में 40 फीसदी फास्टैग पेटीएम के

## पेटीएम का फास्टैग 15 मार्च से हो जाएगा बंद

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** वित्तीय अनियमितताओं के चलते भारतीय रिजर्व बैंक ने 15 मार्च से पेटीएम पेमेंट्स बैंक को बंद करने के निर्देश दिए हैं। इस पर रोक लगने से लोग पेटीएम से जुड़े फास्टैग रीचार्ज नहीं कर पाएंगे। इससे जिले में पेटीएम फास्टैग का उपयोग करने वाले वाहन चालकों को दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है।

जनपद से कानपुर-प्रयागराज जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के टोलप्लाजा बड़ौरी और कटोघन में स्थित हैं। इसके अलावा बांदा मार्ग पर 12 मील पर टोल प्लाजा स्थित है, इनसे होकर रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। इनमें लगभग करीब 40 फीसदी वाहनों का फास्टैग पेटीएम से जुड़े बताए जा रहे हैं। वहीं रिजर्व बैंक के आदेश के बाद फास्टैग जारी करने वाली अधिकृत टैग सूची से पीटीएम पेमेंट बैंक को बाहर कर दिया है। भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी (आईएचएमसीएल) ने नई सूची जारी की है इसमें 32 बैंकों को फास्टैग सेवाओं के लिए अधिकृत किया गया है। एनएचएआई ने अलर्ट जारी कर अधिकृत बैंकों से फास्टैग खरीदने का आग्रह किया है। पेटीएम फास्टैग उपभोक्ताओं के पास टैग पोर्ट कराने या निरस्त कराने के अलावा दूसरा चारा नहीं है।




कानपुर-प्रयागराज हाईवे का बड़ौरी टोल प्लाजा। अमृत विचार

### ऐसे निरस्त होगा पुराना फास्टैग

- पेटीएम के फास्टैग पोर्टल पर लागिंन करें
- यूजर आईडी, वॉलेट आईडी और पासवर्ड डालें
- फास्टैग नंबर व मोबाइल नंबर भरें
- हेल्प एंड सर्पोट विकल्प पर जाएं
- नीड हेल्प विद नॉन ऑर्डर रिलेटेड क्वेरीज चुने
- फास्टैग प्रोफाइल अपडेट से जुड़ी क्वेरीज का विकल्प चुनें
- इसके बाद आई वांट टू क्लोज माई फास्टैग का विकल्प चुनें और निर्देशों का पालन करें

### इन बैंक में करा सकते पोर्ट

एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, एसबीआई, आईसीआईसीआई, पीएनबी, इलाहाबाद बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, फेडरल बैंक, एयरटेल पेमेंट्स बैंक, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, यूनियन बैंक, साउथ इंडियन बैंक, इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा आदि बैंकें है।

### इस तरह कराएं पोर्ट

सबसे पहले उस बैंक के कस्टमर केयर को फोन कीजिए, जिसमें आप फास्टैग को पोर्ट कराना चाहते हैं। वाहन का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी) समेत जरूरी जानकारियां देने पर फास्टैग पोर्ट हो जाएगा।

## दबंगों ने शिकायत करने पर पीटा


संवाददाता फतेहपुर

- तालाब पर कब्जे की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी
- पुलिस ने पांच आरोपियों पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** दबंगों के द्वारा तालाब की पुराई कर कब्जा किया जा रहा है। इसकी शिकायत बजरंग दल के विभाग संयोजक ने मुख्यमंत्री पोर्टल में की। इस रंजिश को लेकर दबंगों ने शनिवार की देर रात घर में घुसकर बजरंग दल के नेता की जमकर पिटाई की, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के रेल बाजार स्टेशन रोड के रहने वाले अमित सिंह उर्फ सानू जो कि बजतंग दल के विभाग संयोजक भी उनके घर पर घुसकर कुछ दबंग लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर जब आस पास के लोग पहुंचे तो दबंग लोग भाग गए। घायल को परिवार के लोग जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने घायल को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है। कोतवाली प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया ने बताया कि अमित सिंह उर्फ सानू ने तहरीर दी है कि उनके आवास के पास एक तालाब पर मिट्टी की पुराई कर कब्जा किया जा रहा था। जिसकी शिकायत छह फरवरी को मुख्यमंत्री पोर्टल पर किया था। जिसके बाद सात फरवरी को अधिकारी मौके पर पहुंचे और काम बंद करा दिया था।

रात में उक्त लोगों के द्वारा फिर से मिट्टी की पुराई कराई जा रहा थी। जब फोन से वीडियो बनाने लगे तो इन लोगों ने अपने कई साथियों के साथ मिलकर घर के अंदर घुसकर तमंचे की बट से मारकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर राजेश सिंह उर्फ बबलू, ब्रजेश सिंह उर्फ पप्पू और दिनेश सिंह के अलावा दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



बजरंग दल के विभाग संयोजक अस्पताल में भर्ती।

# सुबह-शाम सर्दी, दिन की गर्मी कर रही बीमार, अस्पतालों में मरीज बढ़े

## रविवार को ओपीडी बंद होने से इमरजेंसी में उपचार के लिए पहुंचे बीमार

संवाददाता फतेहपुर



जिला अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीज। अमृत विचार

- सर्दी-खांसी, बुखार के ज्यादा आ रहे मरीज

जाती हुई सर्दी में स्वास्थ्य गड़बड़ होना आम बात है। सुबह शाम सर्दी में लापरवाही न करें। गर्म कपड़ों से अपने को ढक कर रखें। बच्चों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। आइसक्रीम कोल्ड ड्रिंक जैसे पेय पदार्थ पीने को न दें। सरकारी अस्पताल में डाक्टर को दिखाकर तुरंत इलाज कराएं।

डा. राजीव निगम, बाल रोग विशेषज्ञ

**अमृत विचार।** एकबार फिर मौसम ने करवट ली है। सुबह शाम चल रही सर्द हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दिन में धूप तो सुबह-शाम की सर्दी से लोग बीमार हो रहे हैं। इससे मौसमी बीमारियों के मरीजों की एक बार फिर अस्पताल में भीड़ लग रही है।

बदलते मौसम की चपेट में आकर लोग बड़ी संख्या में बीमार हो रहे हैं। बच्चों से लेकर उम्रदराज मरीजों की इलाज को अस्पतालों में संख्या तेजी से बढ़ रही है। सुबह शाम चल रही सर्द हवाओं और दिन में निकल रही कड़ी धूप से एक बार फिर लोगों का स्वास्थ्य गड़बड़ होने लगा है। ऐसे में लापरवाही से लोग धोखा खा रहे हैं। जिससे सर्दी लगने से खांसी जुकाम के साथ मौसमी बीमारियों के मरीजों की अस्पतालों में भीड़ लग रही है। सरकारी अस्पतालों से लेकर प्राइवेट अस्पताल भी ऐसे मरीजों से फुल हैं। शाम से लेकर सुबह तक चल रही सर्द हवाएं लोगों की परेशानी बढ़ा रही हैं। दिन में चटक धूप के साथ सुबह शाम हो रही सर्दी से लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। जिला अस्पताल की ओपीडी रविवार को बंद रहने के चलते 50 से अधिक मरीज इमरजेंसी कक्ष में पहुंचे और डाक्टर से सलाह लेते हुए इलाज कराया। बता दें कि इन दिनों अस्पताल में एक हजार से अधिक मरीज ओपीडी में पहुंच रहे हैं। लेकिन रविवार को ओपीडी बंद होने के बावजूद कई मरीज पहुंचे। इसमें बच्चों से लेकर उम्र दराज लोगों की अच्छी खासी संख्या दिखाई दी। इलाज के लिए पहुंचे मरीजों में सबसे ज्यादा वह मरीज दिखे जो सर्दी लगने से खांसी जुकाम और अन्य समस्याओं को लेकर आए थे। कुछ ऐसा ही हाल ग्रामीण इलाकों के अस्पतालों में भी देखने को मिल रहे।

## कोयल है अवसाद में, देख जगत की चाल..

**फतेहपुर।** शहर के मुराइनटोला स्थित हनुमान मंदिर में रविवार को सप्ताहिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ केपी सिंह कछवाह ने वाणी वंदना के साथ किया। कार्यक्रम को गति देते हुए आगे कविता पढी, यदि पाना तुम्हें सफलता है, तो तुम श्रम से अनुराग करो। जब सारी दुनिया सोती हो, तब तुम निद्रा का त्याग करो। रवीन्द्र तिवारी ने काव्य पाठ किया कि कोयल है अवसाद में, देख जगत की चाल। कौआ नर्तन कर रहा, ऊंचा करके भाल। दीप चंद्र गुप्ता ने कविता में अपनी बात कुछ इस प्रकार कही कि जगत गुरु साहित्य के भद्राचार्य महान। संत शिरोमणि को मिला ज्ञान पीठ सम्मान। नरेंद्र कुमार ने अपने भावों को मुक्तक में कुछ इस प्रकार पिरोया कि नव पल्लव युत वृक्ष हैं, हुआ शीत का अंत। जड़ चेतन पुलकित सकल, सुरभित है सुखद वसंत। वहीं शिव सागर साहू ने अपनी बात कुछ इस प्रकार एक गीत में कही कि दिल्ली कूच किसान की, उचित बात ना होय। इसके अलावा सुन्दरम सोनी ने सुनाया कि दुष्ट पाप सब कर रहे, सहती अबला पीर।

## दिव्यांग बच्चों की शिक्षा पर खर्च होते हैं 20 लाख

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- केन्द्र सरकार द्वारा जारी किया जाता है बजट
- परिषदीय स्कूलों के दिव्यांग बच्चों बुनयादी शिक्षा पर जोर

जिले के परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं की बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रति बच्चे 35 सौ रुपये का बजट दिया जाता है। जिससे दिव्यांग बच्चों की शिक्षा सम्बंधी गतिविधियां कराई जाती हैं।

-अरुण मिश्रा, डीसी

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों की बुनियाद को मजबूत बनाने के लिए शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए केन्द्र सरकार बकायदा बजट जारी करती है।

दिव्यांग बच्चों की बुनियादी शिक्षा अच्छी हो और दिव्यांग बच्चों की पढ़ाई बेहतर हो, इसके लिए 19 लाख 95 हजार रुपए का बजट प्रतिवर्ष खर्च किया जाता है। इस बजट से बच्चों की दिव्यांगता के अनुसार शिक्षा सामग्री से पढ़ाई कराई जाती है। जिले में 2122 परिषदीय विद्यालय है। इन विद्यालयों में 5700 दिव्यांग बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

शासन स्तर से दिव्यांग बच्चों की शिक्षा पर पहले से जोर दिया जा रहा है और कई प्रशिक्षण और कार्यक्रमों से दिव्यांग बच्चों को आगे बढ़ाया जा रहा है। लेकिन अब शासन ने दिव्यांग बच्चों की शिक्षा बेहतर बनाने को जिले के विद्यालयों को प्रति विद्यालयों को बजट उपलब्ध कराया है। इस बजट से विद्यालय के नोडल दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता के अनुसार टीएलएम किट आदि की खरीद करेंगे। जो बच्चे आंख से दिव्यांग हैं उन बच्चों के लिए स्पर्शीय नक्शा, स्पर्शीय नंबर कार्ड, स्पर्शीय वर्णमाला कार्ड, आवश्यकता अनुसार अन्य पठन संबंधी सामग्री आदि से पढ़ाई कराई जाएगी। इसके साथ हाथ से दिव्यांग बच्चों के लिए अलग और बोलने में असमर्थ बच्चों के लिए अलग अलग सामग्री से पढ़ाई कराई जायेगी।

## युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**फतेहपर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने शनिवार की रात कमरा बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के बाबूपुर गांव निवासी पृथ्वी का पुत्र अखिलेश ने घर में खाना खाने के बाद अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के चाचा अरविन्द कुमार ने बताया कि भतीजा शराब पीने के आदी था। उसकी शादी करीब दो साल पहले कल्यानपुर थाना क्षेत्र के दंदवा रेवाड़ी गांव में हुई थी। पांच माह पूर्व उसकी पत्नी उसको छोड़कर अपने मायके चली गई थी। उसके बाद से वह मानसिक तनाव में रहा करता था। रात में खाना खाने के बाद अपने कमरे में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या की। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला है।

## आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 331 छात्रों ने दी परीक्षा

संवाददाता फतेहपुर

- तीनों तहसीलों के तीन विद्यालयों में हुई परीक्षा
- उत्तीर्ण विद्यार्थियों को कक्षा छह व नौ में मिलेगा प्रवेश



प्रवेश परीक्षा देते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों तथा कोविड-19 से अनाथ हुए बच्चों व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से लाभान्वित बच्चों की कक्षा छह से लेकर 12 तक निशुल्क शिक्षा देने के लिए स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के विजन के अनुरूप राजस्व मण्डल में एक-एक अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की गई है।

प्रयागराज मण्डल के बेलहट, कोरांव, प्रयागराज में अटल आवासीय विद्यालय की स्थापना की गई है। जिसके कक्षा छह और कक्षा नौ में प्रवेश के लिए रविवार को फतेहपुर की तीनों तहसीलों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। बताया कि कक्षा छह में प्रवेश के लिए 225 आवेदन प्राप्त हुए, जिसके सापेक्ष 211 परीक्षार्थियों द्वारा प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग किया गया। कक्षा नौ में प्रवेश के लिए 128 परीक्षार्थियों द्वारा आवेदन किया। जिसके सापेक्ष 120 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। इस प्रकार जनपद में कुल 353 परीक्षार्थियों में से 331 परीक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। परीक्षाएं सदर तहसील में राजकीय इण्टर कॉलेज, फतेहपुर, खागा तहसील में शुकदेव इण्टर कॉलेज, खागा एवं बिन्दकी तहसील में दयानन्द इण्टर कॉलेज, बिन्दकी में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण एवं चयनित छात्र-छात्राओं को सीबीएसई पैटर्न पर कक्षा 12 तक निशुल्क आवासीय सुविधाओं सहित शिक्षा प्रदान की जाएगी।

## डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान

**फतेहपुर।** सड़क हादसे में कमी लाने के लिए प्रदेश सरकार के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस ने छोटे बड़े करीब 80 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए लाखों रुपए का जुर्माना लगाया।

जिले में लगातार सड़क हादसे में हो रहे मौत के बाद डीएसपी ट्रैफिक प्रगीत यादव के नेतृत्व में शहर के ज्वालागंज सरकारी बस स्टैंड, वर्मा चौराहा, जिला अस्पताल, पटेल नगर सहित प्रमुख जगह पर चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत पिकअप गाड़ी, ओवरलोड ट्रक और ई रिक्शा के खिलाफ अभियान में 60 गाड़ियों का चालान काटा गया। डीएसपी ट्रैफिक प्रगीत यादव ने बताया कि 60 भारी वाहन और 20 बाइक का चालान किया गया है। सभी वाहनों पर ढाई लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए पम्पलेट के माध्यम से जागरूक किया।

## मन शांत होने से बीमारियां कम होती हैं

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर





शिवलिंग की पूजा करते प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय सीएमएस डॉ. पीके सिंह। यज्ञोपवीत संस्कार में बटुको को भिक्षा दी।

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा

**अमृत विचार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लोगों में सकारात्मक सोच पैदा करता है, सकारात्मक सोच पैदा होने से मन शांत रहता है और मन शांत होने से जीवन में बीमारी कम होती है। यह बात नगर के मूला देवी पार्क में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिले के सीएमएस यानी चीफ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. पीके सिंह ने कहा।

उन्होंने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एक लंबे समय से कार्य कर रहा है। जिससे लोगों की सोच में परिवर्तन होता है। लोग हर चीज को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखते हैं। जिससे मन शांत रहता है, स्थिर रहता है मन भटकता नहीं है। जिसके कारण तमाम बड़ी-बड़ी बीमारियां होने की गुंजाइश कम होती है। कार्यक्रम के पहले नगर के ललौली रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय से सुंदर शोभा कलश यात्रा निकाली गई। यह सुंदर शोभा कलश यात्रा नगर के ललौली रोड, ललौली चौराहा, मुगल रोड खजुहा, चौराहा मेन बाजार, फाटक बाजार, बजाजा गली, गांधी चौराहा, तहसील रोड सहित विभिन्न मार्गों में घूमी। यह शोभा यात्रा नगर के रामलीला मैदान के समीप स्थित मूला देवी पार्क में पहुंचकर समाप्त हुई।

## न्याय के देवता शनिदेव की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**बकेवर फतेहपुर।** कस्बे में बाबा बकेश्वर धाम में रविवार को न्याय के देवता शनिदेव की प्राण प्रतिष्ठा व महायज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया गया। सात लोगों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हुआ। बकेश्वर कस्बे में तीन दिवसीय महा सत्संग का आयोजन हुआ। जिसमें शनिदेव की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसमें सात महायज्ञोपवीत संस्कार का हुआ। कस्बे से हरिओम पांडेय, गौरव मिश्रा सराय, बकेवर, अमन मिश्रा बकेवर, आलोक तिवारी सराय, शिवम मिश्रा नौबस्ता, पुष्पेंद्र दुबे बकेवर, राधेश्याम तिवारी यज्ञोपवीत संस्कार कराया। आचार्य विवेक त्रिपाठी व उनके सहयोग में आचार्य राजेश पांडेय, आचार्य महेश मिश्रा, आचार्य इंद्रमण मिश्रा ने वैदिक मंत्रों के साथ बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराया। इसके बाद माताओं ने बटुकों को माला पहनाकर भिक्षा प्रदान की। 26 फरवरी को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक शैलेंद्र तिवारी, रंजन शुक्ला, रोहित त्रिवेदी, शरद तिवारी, रितेश अवस्थी, अंतश शुक्ला, विपिन गुप्ता, अंकित चौधरी, अतुल तिवारी, सुशील अवस्थी आदि लोग शामिल रहे।



गंगा घाट पर सफाई करते संत निरंकारी संत। अमृत विचार

## गंगा घाट पर की साफ-सफाई

संवाददाता चौडगरा

**अमृत विचार।** सदगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देश पर रविवार को पूरे भारतवर्ष में संत निरंकारी के संतों ने प्रोजेक्ट अमृत स्वच्छ जल, स्वच्छ मां कार्यक्रम के तहत गंगा किनारे घाट पर पहुंचकर साफ-सफाई की।

भोजपुरी भगवंत नगर सुमेरपुर के संतों ने मुख रामबली पाल की देखरेख में उन्नाव जनपद के चंद्रिका माता गंगा घाट पर सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक सफाई की। सहयोगी संत रामनरेश, छून्नू लाल, राधे कृष्णा यादव, ममता देवी, लक्ष्मी देवी, राम शंकर विश्वकर्मा, बिंदादीन, लखन, कमल सिंह, शिवचरण सहित दो सैकड़ा से अधिक संत शामिल हुए। मुख रामबली पाल ने बताया कि पूरे देश में कार्यक्रम हुए हैं।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव मोड़ पर शनिवार की रात चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

खागा कोतवाली क्षेत्र के खागा तिलकापुर मजरे कुकरा गांव निवासी प्रताप सिंह का पुत्र अंगद सिंह हथगाम थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव निमंत्रण में गया था। वहां से जब लगभग नौ बजे वापस घर जाने के लिए निकला तभी कुल्हड़िया मोड पर अज्ञात चार पहिया वाहन उसकी बाइक को टक्कर मरते हुए निकल गया।

## किसान के बेटे का यूपीएससी में चयन

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर



नितेश कुमार।

**अमृत विचार।** अमौली विकास खण्ड का नसेनियां गांव एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। अब यह एक ऐसा गांव है, जहां पर लगातार मेधावी प्रतिष्ठित नौकरी में चयनित होकर अपने परिजनों सहित गांव का नाम रोशन किया है।

नसेनिया गांव निवासी नितेश कुमार उमराव का चयन संघ लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित परीक्षा के अन्तर्गत भारतीय भू-सर्वेक्षण विभाग में सहायक भू-भौतिकविद के पद पर चयन हुआ है। वर्तमान में आईआईटी धनबाद में भू-विज्ञान में पीएचडी कर रहे हैं। इनके पिता विनोद कुमार किसान तथा माता श्यामकली ग्रहणी हैं। अपने तीन भाइयों में यह सबसे छोटे हैं। मेघावी के नौकरी में चयनित होने पर गांव में खुशी की लहर है। लोगों ने मेधावी को फोन से बधाई देकर और मिठाई बांटकर खुशी मनाई। मेघावी अभी धनबाद में है, मेघावी के नसेनिया पहुंचने फूल माला इत्यादि से स्वागत किया।

## घर में घुसे चोर, हजारों का माल चोरी

**बिंदकी।** चोरों ने शनिवार की रात एक सूने घर को अपना निशाना बनाया। रविवार सुबह हुई जानकारी पर हड़कंप मच गया। मामले की सूचना पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला पैगंबरपुर में शनिवार की रात को पुरुषोत्तम तिवारी के सूने घर को चोरों ने अपना निशाना बना लिया। चोरों ने घर में घुसने के बाद पीतल के बर्तन पंखा तथा अन्य सामान सहित हजारों रुपए की संपत्ति चोरी कर ली। पीड़ित पुरुषोत्तम तिवारी को रविवार की सुबह चोरी की जानकारी हुई तो मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस जांच में जुटी।

## सार-संक्षेप



स्कूल का उद्घाटन करते निवर्तमान जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

### पूर्व जिलाध्यक्ष ने किया विद्यालय का शुभारंभ

**फतेहपुर।** शहर के दक्षिणी गौतम नगर में माई छोटा स्कूल नामक विद्यालय का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी आशीष मिश्रा ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम जिला व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने नव विद्यालय को प्रगति के लिए शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथि ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य शिव प्रताप सिंह राठौड़ ने नव विद्यालय के शुभारंभ को एक ऐतिहासिक कदम बताया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक वीर बहादुर सिंह, संरक्षक डा अनिल कुमार सिंह, प्रदीप कुमार त्रिवेदी, शरद सिंह, अभिलाष सिंह, आशीष गुप्ता, अखिलेश सिंह, अजय पाल सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### 52 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** एसपी के निर्देश पर रविवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 52 वाहनों का चालान कर दो वाहनों से 15 सौ रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं चार लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

### दंगा नियंत्रण व बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश एवं अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में रविवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर आगामी त्योहार एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने व प्रभावी नियंत्रण के लिए जनपदीय पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा दंगा नियंत्रण, बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया गया। वहीं जनपद के सभी थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा भी पर्याप्त पुलिस बल के साथ बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया गया।

### सड़क हादसे में ई-रिक्शा सवार घायल

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के चम्पतपुर गांव निवासी मेवालाल का पुत्र राम बहादुर किसी काम से शहर आया था। शहर से वापस अपने घर जाने के लिए ई-रिक्शे पर होकर निकला जैसे ही उसका रिक्शा थाना क्षेत्र के अल्लीपुर के पास पहुंचा तभी ट्रैक्टर ने रिक्शे में टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर से रिक्शे पर सवार राम बहादुर घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### बाइक की टक्कर से आटो पलटा, चालक घायल

**फतेहपर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के चक रसूलपुर गांव निवासी हरिशचंद का पुत्र रोहित कुमार जो ऑटो चालक है। रोज की तरह रविवार को वह अपना ऑटो लेकर शहर आ रहा था। जब वह थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव के पास पहुंचा। तभी बाइक सवार ने उसकी ऑटो में टक्कर मार दिया। जिससे ऑटो पलट गया और ऑटो चालक दबकर घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बाइक की टक्कर से बालक जख्मी

**फतेहपर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के सामियाना गांव निवासी ओम प्रकाश का पांच वर्षीय पुत्र मानस शनिवार की रात गांव में भंडारा खाने गया था। भंडारा खाकर जब वह परिजनों के साथ घर लौट रहा था। तभी बाइक सवार ने उसको टक्कर मार दिया।

आपदा — ओलावृष्टि से तबाह हुई किसानों की फसलें, गेंहू चना की फसलों में ज्यादा नुकसान

## अन्नदाताओं की उम्मीदों पर फिरा पानी

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर



बारिश ओलावृष्टि से नष्ट गेंहू हुई की फ़सल। अमृत विचार

### नहीं थम रही समस्याएं

इस साल शुरू से ही मौसम में किसानों को खूब परेशान किया है। बार बार मौसम बदलने और बेमौसम बारिश से किसान परेशान हैं। किसानों ने बड़ी मेहनत से रवी की फसल तैयार की है लेकिन पिछले दिनों बारिश और ओले गिरने के कारण सरसों की फसल को काफी नुकसान हुआ है। जिले में करीब 12 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में सरसों की फसल बोई गई है लेकिन ओलावृष्टि और बारिश से हुए नुकसान के बाद अब सरसों की फसल से पूरा अच्छादन मिल पाना मुश्किल है। बीच-बीच में धूप निकलने के साथ ही किसान इन दिनों आलू की खुदाई और पकी सरसों की फसलों को सहेजने में जुटा नजर आ रहा है।

**अमृत विचार।** एक सप्ताह से बदल रहे मौसम के मिजाज ने किसानों की नींद उड़ा दी है। बीते दिनों ओले गिरने के साथ बारिश होने किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। इससे कटने को तैयार फसलों को काफी नुकसान हुआ है। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने बेहतर फसल की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। रविवार को एक बार फिर आसमान में बादल छाने से किसानों के माथों पर चिंता की लकीरें खींचने लगी है।

बेमौसम बारिश से खेत में खड़ी फसल और किसानों की उम्मीदें दोनों मुरझा गई हैं। तेज हवाओं और ओलावृष्टि से पौधरोपण, बागवानी और खड़ी फसलों को नुकसान हो रहा है। ओलावृष्टि से खुले स्थानों में लोगों और मवेशियों को भी घायल कर सकती है, जबकि तेज हवाएं कमजोर ढांचों और कच्चे घरों, दीवारों और झोपड़ियों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। जिले में फरवरी माह में ही कई बार तेज बारिश हो चुकी है। अभी भी बादलों का डेरा आसमान में जमाए हुए हैं। शनिवार की रात में शहरी इलाके में हल्की बूंदाबादी हुई। अन्नदाताओं ने बताया कि पहले ओलावृष्टि, तेज हवा व तेज बारिश से फसलों के गिर जाने से तगड़ा नुकसान हो चुका है। अब यदि फिर से पुनरावृत्ति हुई तो किसान कहीं का नहीं रह जाएगा। किसानों ने बताया कि गेहूं व सरसों की फसलों को नुकसान हुआ है। खड़ी फसलों के गिरने से अब इन फसलों के फिर खड़े होने और पूरी पैदावार की संभावना कम हो गई है।

## गुप्ता ने देहावसान के बाद पिता का किया देहदान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



दिवगंत देवेंद्र प्रकाश।

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय महासचिव एवं भारतीय दोसर वैश्य महासमिति राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने अपने पिताजी के देहावसान के बाद कन्नौज मेडिकल कॉलेज को देहदान किया है। युग दाधीच देहदान अभियान के तहत राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज को पहले पार्थिव देवदान किया गया। कानपुर के मनोज सेंगर व उनकी पत्नी माधवी सेंगर युग दाधीच देहदान अभियान विगत वित्त वर्षों से चला रहे हैं तथा मेडिकल कॉलेज में देहदान करते हैं। महासचिव विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके पिता देवेंद्र प्रकाश गुप्ता अवकाश प्राप्त अध्यापक थे और वह कानपुर में अपने निज निवास में परिवार सहित रहते थे। उन्होंने युग दाधीच अभियान में अपना संकल्प पत्र काफी पहले भरा था। 24 फरवरी को प्रातः उनका देहावसान हो गया था। उन्होंने युग दाधीच अभियान के संयोजक मनोज सेंगर से दूरभाष माध्यम से संपर्क स्थापित किया। उनको सूचना प्रदान की। मेडिकल कॉलेज की टीम के साथ साकेत नगर आवास में आकर पार्थिव शरीर को मेडिकल कॉलेज कन्नौज को भेजने की जानकारी दी। पारिवारिक जनों ने एकमत होकर स्वीकृत प्रदान कर दी। कन्नौज को यह पहला पार्थिव शरीर प्राप्त हुआ।

# दरोगा ने ठेका संचालक को डंडे से पीटा, फुटेज वायरल

## बंद देसी शराब ठेका पहुंच कैंटीन संचालक से मारपीट का आरोप

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज


कैंटीन संचालक को डंडा दिखाते दरोगा का सीसीटीवी फुटेज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** देसी शराब ठेके के अंदर जाकर दरोगा ने कैंटीन संचालक की डंडे से पिटाई की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। यह वीडियो दो-तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। पिटाई करने वाला दरोगा कस्बा इंचार्ज है। वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। मामले में एसपी ने सीओ तिर्वा को जांच सौंपी है।

कस्बे के सरकारी बस स्टाप के सामने अंग्रेजी व देसी शराब की दुकानें हैं। यहां लोग शराब की खरीदने के साथ कैंटीन में बैठकर पीते भी हैं। कस्बे की देसी शराब दुकान का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा। वायरल वीडियो दो से तीन दिन पहले का बताया जा रहा है। इसमें साफ दिखाई दे रहा कि ठेका कैंटीन के दरवाजे बंद होने के बाद भी दरोगा अपने हमराह के साथ अंदर जाते हैं। अंदर बैठे कैंटीन संचालक को खरी खोटी सुनाने के साथ पहले हाथ चलाते हैं। इसके बाद वह हमराह से लाठी लेकर उसे पीटते हैं। लोगों में चर्चा है कि जब ठेका बंद हो गया था तो पुलिस अंदर क्यो गई। सीसीटीवी में जो दरोगा संचालक से मारपीट कर रहे वह कोई और नहीं कस्बे के चौकी प्रभारी प्रशांत गौतम बताए जा रहे हैं। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि इस विषय में कंट्रोल रूम से रिपोर्ट मांगी गई थी जो भेज दी है।

- वीडियो दो-तीन दिन पुराना एसपी ने सीओ को सौंपी जांच

इस संबंध में एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि शराब की दुकान बंद होने का समय रात 10 बजे का है लेकिन साढ़े 12 बजे के करीब भी दुकान खुली थी। इसे बंद कराने दरोगा प्रशांत गौतम पहुंचे थे। मारपीट करने के सवाल पर कहा कि वह तो फुटेज में दिख रहा है। जांच सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेई को सौंपी गई है। इसमें जो सामने आएगा, तदनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व प्रधान पर चकरोड को बाधित करने का लगाया आरोप

**गुरसहायगंज-कन्नौज।** गांव के युवक ने पूर्व प्रधान पर चकरोड पर नाला का निर्माण कर आवागमन को बाधित करने, विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है।

ग्राम द्वारिकापुर निवासी शिवम वर्मा का कहना है कि गांव के निकट मनरेगा के तहत चकरोड का निर्माण कराया गया था। इस पर पड़ोसी गांव सदरपुर निवासी युवक ने निजी कार्य के लिए नाला का निर्माण करा दिया। इससे ट्रैक्टर आदि वाहन निकालने सहित आवागमन में परेशानी होती है। जब उसने इसका विरोध किया तो उसके साथ गाली गलौज और मारपीट कर धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# स्टेशनों के विकास की आधारशिला रखेंगे मोदी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 13.50 करोड़ रुपये से होगा कायाकल्प
- सांसद, विधायक समेत सभी जनप्रतिनिधि रहेंगे मौजूद होगा वर्चुअल उद्घाटन


कन्नौज रेलवे स्टेशन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कन्नौज व गुरसहायगंज स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे। इन दोनों स्टेशनों को हाईटेक बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नई दिल्ली से वर्चुअल उद्घाटन करेंगे लेकिन स्टेशन पर सांसद व विधायक समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। रेलवे ने कार्यक्रम के लिए तैयारियां पूरी कर लीं हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर के मंडल वाणिज्य निरीक्षक राजकुमार वर्मा ने बताया कि सोमवार को सुबह 10.45 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवरब्रिज व अंडरपास का शिलान्यास, उद्घाटन व लोकार्पण करेंगे। इसमें जिले के कन्नौज व गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। कन्नौज रेलवे स्टेशन का कायाकल्प 13.50 करोड़ रुपये से होगा। अगले छह माह के अंदर दोनों स्टेशनों के भौतिक स्वरूप में परिवर्तन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सोमवार को स्टेशन परिसर में एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री का संबोधन सुनाया जाएगा, जिसमें सांसद सुब्रत पाठक, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय सहित सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

### पुनर्विकास से बदलेगी स्टेशन की तस्वीर

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कन्नौज रेलवे स्टेशन का 13 .50 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा, जिसमें अत्याधुनिक बुकिंग हाल, प्रतीक्षालय कक्ष व कानकोर्स के फर्श को प्लेटफार्म तक उठाया जाएगा। सर्कुलेटिंग एरिया में विस्तार के साथ ही पार्क व बागवानी कार्यों का विकास कराया जाएगा। शौचालय ब्लॉक का प्रावधान किया जाएगा। प्लेटफार्म एक पर सिक्स वे शेल्टर और कानपुर की तरफ 50 मीटर प्लेटफार्म को बढ़ाया जाएगा। क्लॉक व पार्सल रूम को सुदृढ़ होगा।

## परीक्षा से गैरहाजिर कक्ष निरीक्षकों पर कसेगा शिकंजा

- यूपी बोर्ड के सभी 100 परीक्षा केंद्रों से मांगी गई जानकारी
- उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी रिपोर्ट, उसके बाद हो सकती कार्रवाई

**कन्नौज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो चुकीं हैं। शिक्षकों की कक्ष निरीक्षक पद पर ड्यूटी लगने के बाद भी कई परीक्षा केंद्रों पर वह नहीं पहुंचे हैं। इसको लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने रिपोर्ट मांगी है। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने जिले के सभी 100 परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों को पत्र भेजा है। उनसे कहा है कि बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्रों पर तैनात किए गए कक्ष निरीक्षकों को सभी परीक्षा दिवस में उपस्थित होना जरूरी है। जो कक्ष निरीक्षक न आएं, उनकी सूचना तैयार कर भेजी जाए। डीआईओएस ने कहा है कि शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक का दायित्व सौंपा गया है। इसमें आनाकानी करने या जानबूझकर अनुपस्थित होने पर जनहित में ड्यूटी से अनुपस्थित माना जाएगा। डीआईओएस का कहना है कि अनुपस्थित शिक्षकों की सूची बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी, उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। माध्यमिक शिक्षा के अलावा बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में लगी है। परीक्षाएं नौ मार्च तक चलेंगी।


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

## गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ से पूर्व गांव में धूमधाम से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जगह-जगह भक्तों ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की एवं जलपान वितरण किया। कलश यात्रा में 101 कलश लेकर श्रद्धालु शामिल हुए। रविवार को क्षेत्र के मझिगवां में स्थित माता काली मंदिर कथा पंडाल से कलश यात्रा प्रारंभ हुई। इसमें श्रीमद्भागवत की पोथी लेकर चल रहे परीक्षित शैलेंद्र सिंह के अलावा 101 कलश सिर पर रख कर महिलाएं शामिल थीं। ढोल-नगाड़े एवं डीजे पर साथ में चल रहे भक्त नृत्य कर रहे थे। यात्रा पर गांव के लोग पुष्प वर्षा कर रहे थे। यात्रा कथा पंडाल से शुरू होकर सभी मंदिरों से होते हुए वापस कथा पंडाल पहुंची। कथा व्यास आचार्य प्रदीप नारायण उपमन्यु नैमिष धाम महाराज के मुखारविंद से कथा का रसपान कराया जाएगा। कलश यात्रा में डी पी सिंह एडवोकेट, जसवीर सिंह, जसकरन सिंह, जितेंद्र सिंह एडवोकेट, शिवनाथ सिंह, अरुण प्रताप सिंह, लालू सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भक्ति से ही खुलता मोक्ष का द्वार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मुनिंदर धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में सत्संग का आयोजन हुआ
- सामाजिक बुराइयों को दूर करने का अनुयायियों ने लिया संकल्प


प्रवचन सुनते कबीरपंथी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मानव जीवन का मूल उद्देश्य मोक्ष को प्राप्त करना है। इसके लिए सतभक्ति की आवश्यकता होती है, जो किसी तत्वदर्शी संत के सानिध्य से ही प्राप्त होती है। सतभक्ति से ही मोक्ष का द्वार खुलता है। मनुष्य को चाहिए कि वह सामाजिक बुराइयों को त्यागकर भक्ति की ओर उन्मुख हों। रविवार को शहर के पाल चौराहा पर मुनिंदर धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से आयोजित विशाल वर्चुअल सत्संग में संत रामपाल ने कही।

उन्होंने बताया कि जिस समाज में कुप्रथाएं और बुराइयां व्याप्त हों, वह समाज कभी भी उन्नति नहीं कर सकता है। इसलिए सबसे पहले कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, रिश्वतखोरी, नशाखोरी, भ्रष्टाचार जैसी बुराइयों को त्यागकर भक्ति मार्ग पर चलना पड़ेगा। परमात्मा कबीर ने भी बुराईयों को त्यागकर मानवता का संदेश दिया था। मानव जीवन अनमोल है और इसे यूं ही व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। आज समाज में जिस प्रकार की गतिविधियां हो रहीं हैं, उसका मुख्य कारण अध्यात्मिक ज्ञान की कमी है। सत्संग का अर्थ है कि सत्य का संग अर्थात जो परमात्मा हमें सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा देता है, वही सत्संग है।

मानव किसी न किसी रूप में परमात्मा को मानता है लेकिन शास्त्र अनुकूल भक्ति न होने से परमात्मा से मिलने वाले लाभ से वंचित रह जाता हैं। लाभ प्राप्त करने के लिए हमें अपने शास्त्रों मे प्रमाणित भक्ति करनी होगी। सत्संग में उपस्थित सैकड़ों अनुयायियों ने सामाजिक बुराइयों को दूर करने का संकल्प लिया। इस मौके पर भानुप्रताप दास, संतोष दास, सर्वेश दास, कन्हैया दास, संजय दास, रामवीर दास, धर्मेंद्र दास, रामलखन दास सहित कई सेवादार व अनुयायी उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर ट्राली पलटने से मौत के शिकार लोगों को दी श्रद्धांजलि

**कन्नौज।** कासगंज जिले में हुई ट्रैक्टर ट्राली दुर्घटना में कई भक्तों की मौत पर चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख की अगुवाई में कासगंज जिले में सड़क दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा की गई।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने सरकार से मांग की कि प्रत्येक मृतक आश्रितों को कम से कम 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। इस मौके पर विश्वनाथ कुशवाहा, सुरजीत यादव, सुरेन्द्र कुशवाहा, अमित मिश्रा, नीरज राजपूत, दीपू यादव, नंद कुमार, अजय वर्मा, धर्म वीर, दीपक यादव, राम वीर कठेरिया, मनीष कुशवाहा, गौतम कुशवाहा, वीर पाल सभासद, सौरभ शर्मा, अंशुल गौतम, विराट मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।


नेत्र शिविर में परीक्षण कराने पहुंचे मरीज। अमृत विचार

## नेत्र शिविर में 225 मरीजों की जांच, 135 भर्ती किए

**तिर्वा-कन्नौज।** निशुल्क नेत्र शिविर में 225 मरीजों का पंजीकरण के बाद जांच हुई। इसमें 135 मरीज मोतियाबिंद के मिले, जिन्हें भर्ती कर आपरेशन के लिए भेजा गया।

चौधरी राम मोहन लाल गहोई की स्मृति में श्रीमती रामदुलारी गहोई सरस्वती शिशु मंदिर तिर्वागंज में निःशुल्क नेत्र शिविर के चतुर्थ चरण का आयोजन किया गया। बार एसोसिएशन के संरक्षक परमानंद तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर मे शंकरा नेत्र चिकित्सालय कानपुर के चिकित्सक डा.मेघा, सुमन, गोल्डी, प्रिंसी, गौरव की टीम ने 225 मरीजों की जांच की गई जबकि 135 मरीजों की भर्ती कर ऑपरेशन के लिए कानपुर भेज दिया गया है। आयोजक अंशुल गुप्ता ने बताया कि जिन मरीजो के आपरेशन होने होते हैं उनको बसों के द्वारा कानपुर के शंकरा नेत्र अस्पताल भेजा जाता है। इस मौके पर उमेश चन्द्र गुप्ता, अंशुल गुप्ता, रमेश चंद्र गुप्ता, राजेश गुप्ता, ओमप्रकाश आदि रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- शनिवार को एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा, भाई गंभीर

**अमृत विचार।** बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शनिवार को कोतवाली के उमरायपुर्वा गांव निवासी चंदन (18) पुत्र ज्ञान सिंह अपने चचेरे भाई जिगर के साथ तिर्वा बाजार करने आया था। देर शाम आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड से दोनो घर जा रहे थे। जैसे ही वह टिकरा गांव के पास पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित बाइक सवार ने बाइक मे टक्कर मार दी और फरार हो गया। टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीण घायलों को मेडिकल कॉलेज ले आए। यहां डॉक्टरों ने चंदन को मृत घोषित कर घायल को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई सोनू पुत्र ज्ञान सिंह की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक बाबी पता अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मारपीट कर किया घायल

**तिर्वा, कन्नौज।** पुरानी रंजिश को लेकर तीन लोगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। थाना इंदरगढ के झुलनापुर गांव निवासी मुशायर पुत्र नौसाद ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका भतीजा तैहिद पुत्र आशिक कोतवाली के सुजानसराय गांव गया था। वहां पर झुलनापुर गांव निवासी फैसल, उवैश पुत्र नूरअहमद व नूरअहमद पुत्र आशिक ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया।

## पुलिस ने जुआ खेलते चार लोगों को पकड़ा

**तिर्वा, कन्नौज।** अपराधियों की तलाश मे गश्त कर रही पुलिस को सूचना मिली कि जटियापुर गांव के पास बने शिव मंदिर की आड़ में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने छापेमारी की तो भगदड़ मच गई।

पुलिस ने त्रिलोक पुर गांव निवासी सचिन पुत्र सुघर सिंह, कुलदीप पुत्र नरवीर, जितेंद्र पुत्र सरवन, जटियापुर निवासी यशंवत पुत्र दीपचंद्र को पकड़ लिया। उपनिरीक्षक श्रीनाथ यादव की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# जनता को हक व सम्मान की गारंटी दे रही मोदी सरकार

**गुरसहायगंज।** जीटी रोड इस्माइलपुर में भाजपा दलित अल्पसंख्यक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा वंचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष मकबूल खान ने राज्य स्तरीय समिति उ.प्र. शासन ग्रामीण विकास मंत्रालय के राजू वाल्मीकि व राज्य सलाहकार समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि शंकर हवेलकर का फूलमाला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।


राजू वाल्मीकि।

कार्यक्रम में रवि शंकर हवेलकर ने कहा कि भाजपा सरकार ने दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग के लोगों को तमाम योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। मोदी सरकार ने देश का नाम विश्व पटल पर चमकाया है। राजू वाल्मीकि ने कहा कि मोदी सरकार जनता को हक व सम्मान की गारंटी दे रही है। विरोधी भाजपा पर तमाम आरोप लगा रहे हैं लेकिन मोदी सरकार उनका जवाब जनता को योजनाओं का लाभ और हक व सम्मान दिलाकर दे रही है।

## सार-संक्षेप



सम्मान प्राप्त करतीं डॉ. अमन सिद्दीकी। अमृत विचार

### महिला चिकित्सक को मिला नारी शक्ति सम्मान

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** लखनऊ में नारी शक्ति पर्व के तहत रविवार को हुए कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्य व कन्नौज प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने बीएम सेवा समिति अमन आई हॉस्पिटल की डॉ. अमन सिद्दीकी को नारी शक्ति सम्मान प्रदान किया। इस दौरान डॉ. शरद द्विवेदी ने प्रभारी मंत्री पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। महिला चिकित्सक को नारी शक्ति सम्मान मिलने से स्थानीय लोगों में हर्ष है।


मातृ सम्मेलन में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

### बच्चों को संस्कारी बनाने में माताओं का योगदान

**जलालाबाद, कन्नौज।** सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य व भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नेहा त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मातृ सम्मेलन में प्रिया ने कहा कि बच्चों को संस्कारी बनाने में माताओं का अहम योगदान है। बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखने की अपील की। इससे उनका ध्यान अपनी पढ़ाई लिखाई पर केंद्रित होगा और वह गलत दिशा में जाने से बचेंगे। विद्यालय के प्रबंधक गिरिजेश पाठक, प्रधानाचार्य प्रताप नारायण मिश्र ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा नेत्री कुसुम लता त्रिपाठी, रजनी पाल, दिनेश सिंह चैहान, शिवनारायण, मोहन दीक्षित राजवीर, अमित पाठक अभिलाष दुबे, उमेश चंद, संजय मिश्रा, पल्लवी दुबे, ज्योति चैरसिया, शिल्पी यादव, रीतू दुबे आदि लोग मौजूद रहीं।

**सियासी हलचल** राष्ट्रीय पार्टी संग लड़ने से हो सकता वोटों का डायवर्जन, सत्ताधारी दल के नेताओं में टकराव का मिल सकता लाभ

# सपा-कांग्रेस गठजोड़ से बढ़ सकतीं भाजपा की मुश्किलें

इरा अवस्थी, कन्नौज

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव कई मायने में खास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरी बार सरकार बनाने का अटल विश्वास एक तरफ है तो दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अंततः कांग्रेस से गठबंधन कर लिया है। कन्नौज की बात करें तो यहां इस राष्ट्रीय पार्टी की स्थिति पिछले कई चुनावों से न के बराबर वाली है। प्रत्याशी तो उतरते हैं लेकिन वोट नाममात्र के ही जुटते हैं। गठबंधन के बाद यह वोट सपा के खाते में जाने के पूरे आसार हैं। उधर, भाजपा नेताओं में आपसी टकराव भी फायदा पहुंचा सकता है।

कन्नौज सीट हमेशा से चर्चा का केंद्र रहती है। गत विधानसभा चुनाव में भी चर्चित रही थी क्योंकि तब सपा के कब्जे वाली सदर सीट पर भाजपा नेतृत्व ने तुरुप का पत्ता चला था। तब आईपीएस अधिकारी असीम अरुण को पैराशूट से उतारकर प्रत्याशी बनाया था। उनकी ईमानदार छवि के दम पर सपा की यह अजेय सीट अपने नाम कर ली थी। खास बात यह कि 2019 के लोकसभा चुनाव में स्थानीय प्रत्याशी सुब्रत पाठक को भाजपा ने तीसरी बार टिकट देकर मैदान में उतारा और वे सांसद रहीं सपा की डिंपल यादव को शिकस्त देने में कामयाब हो गए। इससे सुब्रत का कद पार्टी में खासा बड़ा हो गया। हालांकि पार्टी ने इससे पहले 2009 और 2014 में भी सुब्रत पर ही दांव लगाया था लेकिन वे जीत नहीं सके थे। वर्ष 2019 में मिली जीत के बाद सांसद समय-समय पर सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से शीतयुद्ध (मौखिक आक्रमण) के चलते चर्चा में रहने लगे। मोदी और योगी द्वारा किये कार्यों के भरोसे वे एक बार फिर से सपा से दो-दो हाथ करने को तैयार हैं।





इधर, कई बार स्वयं अखिलेश यादव कन्नौज (जहां से राजनीति शुरू की थी) से चुनाव लड़ने के स्पष्ट संकेत दे चुके हैं। पूर्व में सांसद द्वारा कई बार उनको यहां से चुनाव लड़कर जीतने की चुनौती दी जा चुकी है। नए परिदृश्य में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों पर समझौता हो चुका है। कन्नौज में कांग्रेस का जनाधार बहुत मजबूत स्थिति में नहीं कहा जा सकता है लेकिन पार्टी का पुख्ता वोटबैंक अब भी उसके ही पास है। पुराने लोग अब भी कांग्रेस के ही हिमायती हैं तो अल्पसंख्यकों का जुड़ाव भी है। तो ऐसे में माना जा रहा है कि कांग्रेस के साथ आ जाने से सपा को मजबूती मिलेगी। अगर वाकई अखिलेश यादव यहां से मैदान में कूदते हैं और सामना मौजूदा सांसद से होता है तो वे कड़ी टक्कर दे सकते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह तो यह कि उनके सांसद और फिर मुख्यमंत्री रहते क्षेत्र में काफी विकास कार्य हुए। वहीं इन पांच वर्षों में जनता को आंखों से दिखाई दे ऐसा कोई विकास कार्य नहीं हुआ। दूसरी वजह यह कि इस समय सत्ता की मलाई के लिए टिकट के लिए दौड़भाग शुरू हो गई है। इसको लेकर सांसद और अन्य भाजपा नेताओं के बीच तीखी बातचीत से तरह-तरह की चर्चाएं आम हैं। लोगों का कहना है कि सत्ताधारी दल के भीतर ही सिर फुटौव्वल की स्थिति है। तीसरा कारण यह कि जो भी वोट कांग्रेस का है वह सपा प्रत्याशी को ही जाएगा। इन सारी बातों के बीच गत दिनों रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के साथ तेजी से चल रही भाजपा की 'धर्मनीति' को नकारा नहीं जा सकता है। राजनीति के जानकारों की मानें तो अयोध्या का राम मंदिर केंद्र की भाजपा सरकार को तीसरे मौके की गारंटी हो सकता है। हालांकि यह आने वाला समय ही बताएगा कि कन्नौज में गठजोड़ और भाजपा में कौन भारी पड़ेगा।

## आयुष्मान भव मेला में 44 मरीजों को मिला उपचार


**जलालाबाद, कन्नौज।** कस्बा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शासन के निर्देशन पर आयुष्मान भव मेला का आयोजन किया गया।

एमओआईसी मनोज कुमार के नेतृत्व में आयोजित आयुष्मान भव मेला में डॉ. उदयवीर प्रताप ने 44 मरीजों का परीक्षण कर दवा वितरित की। बताया कि बदलते मौसम के कारण मरीजों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है। अपने खान-पान पर भी विशेष ध्यान रखें। आसपास सफाई रखें। जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने दें। इससे मच्छरों का प्रकोप न बढ़े। इस दौरान दीपा कुशवाहा, कहकशा, ज्ञानेंद्र सचान, योगेंद्र कटियार, सुशील कुमार, अमन यादव, नेहा यादव, पूनम राव, अनिल कुमार, नितिन कुमार, अतुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# हथियारबंद आधा दर्जन बदमाशों ने बोला धावा

## खटपट की आवाज सुन जागे परिजन, सीसीटीवी में घटना कैद

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज



सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहे बदमाश। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बसे मोहल्ले में रात के अंधेरे में हथियारबंद आधा दर्जन बदमाशों ने एक मकान पर धावा बोल दिया और लूटपाट के इरादे से मकान की कुंडी तोड़ दी। खटपट की आवाज सुनकर परिवार के लोग जाग गए। ललकारने पर बदमाश भाग गए। इस घटना से मोहल्ले के लोग दहशत में हैं। मकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह घटना कैद हो गई है।

- सिकंदरपुर के आंबेडकर नगर में हुई वारदात, लोगों में दहशत

कस्बा सिकंदरपुर के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि वह लोक निर्माण विभाग में कार्यरत है। शनिवार की रात 12.10 बजे एक कार आकर हाईवे पर रुकी और उसमें से हथियारों से लैस पांच बदमाश उतरकर उनके मकान के पास आए। मकान की कुंडी काटकर अंदर घुसने का प्रयास करने लगे। खटपट की आवाज सुनकर छोटे भाई की आंख खुल गई। उन्होंने शोर मचाया तो सभी बदमाश भागकर कार में सवार होकर भाग गए। पूरा घटनाक्रम मकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसके बाद वहां मोहल्ले वासियों की भीड़ लग गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिस पर काफी देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से जानकारी कर चली गई। बदमाशों की चहल-कदमी से मोहल्ले में दहशत फैली है। लोगों ने बताया कि इससे पहले भी मोहल्ले में बदमाशों को घूमते हुए देखा गया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। चौकी प्रभारी को सभी मोहल्लों में नियमित रूप से गश्त करने के निर्देश दिए गए।



शॉर्टसर्किट से लगा आग से जला सामान देखते कोतवाल व दमकल कर्मी।

# शॉर्ट सर्किट से इत्र व्यापारी के मकान में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दोपहर हुई घटना में लाखों की क्षति, दमकल टीम ने पाया काबू

**अमृत विचार।** इत्र व्यापारी के घर शॉर्ट सर्किट से लगी आग में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय घर में पीवीसी फर्नीचर का काम चल रहा था। दमकल टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। तब तक इत्र के अलावा मकान में रखा अन्य सामान जल कर राख हो गया।

सदर कोतवाली के मोहल्ला छिपट्टी निवासी इत्र व्यपारी किशोर जैन के मकान के द्वितीय तल पर पीवीसी फर्नीचर का काम चल रहा था। उसी समय शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जब तक लोग आग बुझाने का प्रयास करते तब तक आग की लपटें उठने लगीं। चीख पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने निजी संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंये दमकल टीम ने गाड़ी की मदद से पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। इत्र व्यापारी के भतीजे तुषार जैन ने बताया कि आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। वहीं सदर कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल की।

# मार्च में मक्का, बाजरा और ज्वार का भी स्वाद लीजिए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पात्र गृहस्थी व अंत्योदय कार्ड धारकों को मिलेगा निशुल्क
- कोटेदार सभी कार्डधारकों को गेहूं व चावल भी देंगे



**जनपद में पात्र गृहस्थी राशन कार्डों की स्थिति**

| | |
|---|---|
| राशन कार्ड | 2,90,801 |
| यूनिट | 11,87,643 |

**अंत्योदय राशन कार्डों की संख्या**

| | |
|---|---|
| राशन कार्ड | 29,353 |
| लाभार्थी | 78,948 |

**अमृत विचार।** जिले के सभी राशन कार्डधारकों को मार्च में गेहूं व चावल के अलावा मक्का, बाजरा व ज्वार भी दिया जाएगा। पात्र गृहस्थी व अंत्योदय कार्डधारकों को निशुल्क लाभ मिलेगा। कोटेदारों को आवंटन भी जारी हो गया है। हालांकि फरवरी में बाजरा वितरण हुआ है। अगले महीने से इससे अधिक तरह का खाद्यान्न दिया जाएगा।

डीएसओ राजीव मिश्र ने बताया कि जिले में तीन लाख 20 हजार 154 कार्ड हैं इसमें 12 लाख 66 हजार 591 यूनिट यानि लाभार्थी हैं। उन्होंने बताया कि फरवरी में सभी तरह के कार्डधारकों को गेहूं, चावल व बाजरा दिया गया है। इससे पहले गेहूं व चावल का ही वितरण किया जाता रहा। सरकार का जोर मोटे अनाज यानि श्रीअन्न (मिलेट्स) पर है। इस वजह से जनपदों के हिसाब से मक्का, बाजरा, ज्वार व कोदो का वितरण होगा। डीएसओ का कहना है कि अंत्योदय कार्डधारकों को उपलब्धता के हिसाब से मोटा अनाज पांच से सात किलो तक दिया जाएगा। पात्र गृहस्थी को दो तरह का दो किलोग्राम मोटा खाद्यान्न मिलेगा।

**अंत्योदय कार्ड धारकों को इस तरह मिलेगा लाभ**

- 14 किलोग्राम गेहूं
- 14 किलोग्राम चावल
- 05 किलोग्राम बाजरा
- 01 किलोग्राम मक्का
- 01 किलोग्राम ज्वार

नोट– प्रतिकार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न।

**पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को इतना मिलेगा राशन**

- 01 किलोग्राम गेहूं
- 02 किलोग्राम चावल
- 01 किलोग्राम बाजरा
- 01 किलोग्राम ज्वार

नोट– प्रति यूनिट के हिसाब से पांच किलोग्राम खाद्यान्न

बताया गया है कि फरवरी में पात्र गृहस्थी को प्रति यूनिट एक किलोग्राम बाजरा दिया गया था। चावल व गेहूं दो-दो किलोग्राम वितरण किया गया। अगले महीने से इसमें फिर बदलाव कर दिया गया है।

# कृषि उत्पादों के निर्यात को दी जाएगी वरीयता

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- निर्यातकों को प्रोत्साहित करने के लिए होगा सेमिनार का आयोजन

**अमृत विचार।** जिले के निर्यातकों को बढ़ावा देने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इसमें इत्र, एसेंसियल ऑयल व आलू निर्यात पर फोकस रहेगा। निर्यातकों के पंजीकरण के साथ ही उन्हें इसके फायदों के बारे में भी बताया जाएगा।

जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार 27 फरवरी को कलक्ट्रेट सभागार में जिले के सभी निर्यातकों के साथ एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नए उद्यमियों को निर्यात के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सभी निर्यातकों को शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के बारे मंर बताया जाएगा। 'निर्यात बंधु के तहत केंद्र के रूप में जिले पर निर्यातकों के साथ क्षमता निर्माण आउटरीच सत्र' नाम से सेमिनार में कई कंपनियां और संस्थाएं भी सहयोग कर रहीं है। कृषि उत्पादों के निर्यात को वरीयता दी जाएगी और इत्र, एसेंसियल ऑयल व आलू निर्यात पर भी फोकस रहेगा।

**इन पर रहेगा फोकस**

- **कृषि उत्पाद** : आलू, धान, चावल, गेहूं, मक्का, सरसों, सूरजमुखी, मूंगफली
- **खाद्य पदार्थ** : सरसों का तेल, बेकरी, दुग्ध उत्पाद, गट्टा, चावल व आटे से बने उत्पाद
- **इत्र उत्पाद** : गुलाब, चंदन, मोगरा, हिना, अगरबत्ती, धूपबत्ती, एसेंसियल ऑयल, मसाले

# पीड़ित परिवार को 50 लाख और बहन को नौकरी दे सरकार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



मृतक के परिजनों से मिलते कांग्रेसी नेता विजय मिश्रा व अन्य। अमृत विचार

- कांग्रेसियों ने परिजनों से मिल व्यक्त की शोक संवेदना

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भूड़पुरवा पहुंचा। यहां नौकरी न मिलने आत्महत्या करने वाले युवक के परिजनों को ढांढस बंधाया। प्रदेश सरकार से पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये व बहन को सरकारी नौकरी देने की मांग की।

कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश के पूर्व सचिव विजय मिश्रा ने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने के कारण आत्महत्या करने वाला बृजेश पाल लक्ष्मण पाल का वह इकलौता पुत्र था। पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जायेगी। सरकार से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा, वर्तमान में भाजपा सरकार की नाकामी से प्रदेश का युवा बेरोजगार हो रहा है। इसके बावजूद सरकार की मिलीभगत से अधिकारियों द्वारा दलालों के माध्यम से पेपर लिखकर भर्ती प्रक्रिया निरस्त करवा दी जाती है । मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये और बहन को सरकारी नौकरी देने की मांग मुख्यमंत्री से की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल, अविनाश दुबे, किरण वर्मा, राम भरोसे कमल, एहसान उलहक, कलीम खां, विनय त्रिपाठी, अवनीश, आकाश कटियार, आशुतोष त्रिपाठी आदि लोग मौके पर मौजूद रहे।

## कुक्कुट पालन के लिए चयनितों को प्रमाण पत्र

**कन्नौज।** पशुपालन विभाग की ओर से बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना चल रही है। उसके तहत जिले में 200 लाभार्थियों का चयन किया गया है। कई चयनितों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि योजना में प्रत्येक लाभार्थी को 50 मुर्गी के चूजे, मुर्गी पालन का प्रशिक्षण, कुक्कुट राशन, छप्पर/जाली के लिए सहायता और औषधियों का वितरण कर कुल तीन हजार रुपये का सहयोग किया जाता है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि यह योजना आर्थिक विकास में पहला कदम साबित हो सकती है। प्रशिक्षण पाकर आगे चलकर बड़े स्तर का मुर्गी फार्म खोला जा सकत है। बकरी व अन्य पशुपालन से अच्छा लाभ मिल सकता है। सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि निर्बल वर्ग के लाभार्थी योजना से लाभान्वित होंगे।

## सार-संक्षेप

### राम आएंगे... पर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने मचाया धमाल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** राम आएंगे तो अंगना बुहारूंगीजैसे भक्तिगीतों की मधुर ध्वनियों पर नन्हें–मुन्ने बच्चों ने प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। लोगों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। शहर के किड्जी आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल में हुए वार्षिकोत्सव में बच्चों धमाल मचाया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि सीबीएसई बोर्ड एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. उमाशंकर शर्मा, डायट के प्राचार्य डॉ. रामकिशोर, वरिष्ठ अधिकारी अजय स्वरूप, भारत सरकार के पूर्व आर्थिक सलाहकार रिटायर्ड आईईएस आरएस कोली ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने नृत्य शैली में गणेश वंदना के बाद सामाजिक चेतना एवं राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण मनमोहक प्रस्तुतियां दी। प्रभु श्री राम एवं राधा कृष्ण की संगीतमय नृत्य नाटिकाओं ने सभी का मन मोह लिया। मां काली पर नाटक, जलियांवाला बाग के परिदृश्य में उधम सिंह, चार्ली चैपलिन, जूनियर केजी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत लता मंगेशकर और मलखम्ब के करतब दिखा कर बच्चों ने समां बांध दिया। बच्चों के लिए एक पुस्तकालय का भी शुभारंभ किया गया। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे व अन्य अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीते बच्चों को पुरस्कृत किया। इस दौरान कोआर्डिनेटर शुभम कमल, प्रधानाचार्य बरखा अवस्थी, उप प्रधानाचार्य प्रतिमा शुक्ला, अनूप कुमार द्विवेदी, स्वयं सक्सेना, विमल प्रकाश, अध्यक्ष सविता कमल उपस्थित थीं।



किड्जी स्कूल में समूह नृत्य की प्रस्तुति देते बच्चे।

### संदिग्ध परिस्थिति में अधेड़ की मौत

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्रके गांव भुलभुलियापुर के निकट टोल प्लाजा पर संदिग्धअवस्था में एक अधेड की मौत हो गई। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। भुलभुलियापुर निवासी राकेश (55) पुत्र नाथूराम 24 फरवरी को चार बजे के करीब किसी काम से जीटी रोड गांव के सामने टोल प्लाजा के निकट गया था। इसके बाद परिजनों को जानकारी मिली की वह टोल प्लाजा के निकट पड़ा है। इस पर परिजन पहुंचे। मामले की रिपोर्ट अभी नहीं दर्ज कराई गई है।



प्रशिक्षण के बाद मौजूद एंबुलेंस चालक। अमृत विचार

### कम समय में मरीज को अस्पताल पहुंचाने पर जोर

**कन्नौज।** ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस संस्था की ओर से एंबुलेंस सेवा को और बेहतर बनाने के लिए एंबुलेंस कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण में एंबुलेंस को कम से कम समय में मौके पर पहुंचने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण लखनऊ से आए ट्रेनर हरिकिशोर शाक्य, क्वालिटी ऑडिटर धनंजय सिंह ने दिया। एंबुलेंस जिला प्रोग्राम मैनेजर विकास पटेल ने बताया इस ट्रेनिंग में फिरोजाबाद, मैनपुरी, फर्रुखाबाद और कन्नौज के 102,108 एंबुलेंस पायलटों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। क्वालिटी टीम से धनंजय एवं इएमएलसी टीम से हरिकिशोर ने ट्रैफिक नियमों का पालनना, एंबुलेंस चलाते समय सावधानी और एक्सीडेंट में घायल मरीजों को कम रिस्पॉन्स टाइम में अस्पताल पहुंचाने में जोर दिया। जिला प्रभारी सुरेंद्र गंगवार ने बताया जिले में 108 की 24 और 102 की 23 एम्बुलेंस है। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम मे जिला प्रोग्राम मैनेजर विकास पटेल, जिला प्रभारी सुरेंद्र गंगवार, रुपेश तिवारी हेल्पडेस्क प्रभारी शिव सिंह एवं अन्य पायलट मौजूद रहे।



ओलावृष्टि से हुई क्षति का जायजा लेने पहुंचे मंत्री असीम अरुण व भाजपा।

### ओलावृष्टि के सर्वे में मनमानी कर रहा राजस्व विभाग

**कन्नौज।** ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचे समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण से किसानों ने दुखड़ा रोया। कहा कि अज्यौरा गांव में राजस्व विभाग की ओर से कराये जा रहे सर्वे में धांधली का आरोप लगाया। मंत्री ने ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई करने के साथ ही सर्वे के काम में लगे बंदोवस्त के कर्मियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। ओलावृष्टि से इस इलाके की सैकड़ों बीघा खेत में खड़ी गेहूं और लाही की फसल नष्ट हुई है। नष्ट हुई फसल का आकलन करने के लिए तिर्वा तहसील के कर्मचारियों को लगाया गया है। मंत्री ने एसडीएम अशोक कुमार और तहसीलदार अविनाश कुमार सिंह को एक विशेष टीम लगाकर इस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा कुछ किसानो ने पीएम किसान पेंशन योजना में गड़बड़ी का आरोप लगाया और सर्वे के स्थान पर चकबंदी कराए जाने की मांग उठाई। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, रणवीर सिंह, पूर्व प्रधान कल्लू दिवाकर, अमरीश त्रिपाठी आदि रहे।

## निजी स्कूलों में होगा 95 बच्चों का दाखिला

**कन्नौज।** पहले चरण में निजी स्कूलों में निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत 95 बच्चों को लाभ मिलेगा। इसकी लॉटरी 26 फरवरी यानि आज निकलेगी। 25 फीसदी सीटें निजी स्कूलों में आरक्षित होती हैं इसके तहत 7800 छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिल सकता है। पूर्व प्राथमिक और कक्षा एक में प्रवेश लेने के लिए पहले चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की आखिरी तारीख 18 फरवरी थी। उसकी ही लॉटरी आज निकाली जाएगी। लॉटरी निकालने के बाद निजी विद्यालयों में प्रवेश दिया जाएगा।

# निरंकारी मिशन के सेवादारों ने की घाटों की सफाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



जलेसर गंगा तट पर सफाई करते सत्संगी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** संत निरंकारी मिशन के अमृत प्रोजेक्ट के तहत स्वच्छ जल-स्वच्छ मन अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत जिले में सभी नदियों के किनारे सेवादारों ने साफ-सफाई की। उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि जब नदियों का जल निर्मल होगा तो हमारा मन भी साफ होगा।

रविवार को संत निरंकारी मिशन के अमृत प्रोजेक्ट के तहत महादेवी घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। सेवादल संचालक राजकिशोर राठौर ने बताया कि सद्गुरु माता सुदीक्षा के निर्देश पर यह वृहद अभियान चलाया गया, जिसमें देश के 27 राज्यों में 1464 स्थानों पर नदियों, सरोवरों, नहरों व जलाशयों को साफ किया गया। इस मौके पर मुखी राजाराम, संजीव कुमार, रामजी यादव, राहुल, आशीष, सुरेश, महेश, रामप्रकाश, जमुना प्रसाद, राधा, मिली, मीना, माधुरी, अर्चना, सिमरन समेत कई सेवादार उपस्थित थे।

### साफ-सफाई कर जलेसर घाट को चमकाया

**गुरसहायगंज।** जलेसर स्थित गंगा घाट पर संत निरंकारी मिशन के प्रोजेक्ट अमृत के तहत सेवा दल के सेवादारों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में लगभग 200 सत्संगियों ने गंगा तट व गंगा में फैली गंदगी को साफ किया गया और गंगा को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान मुखी विपिन कुमार, अशोक कुमार, देवेन्द्र, सुशील, सुनीता देवी, ईश्वर दयाल, राम अवतार, सुरेन्द्र, छोटेलाल, योगेंद्र सिंह, सत्य प्रकाश, रामप्रवेश, प्रदीप गुप्ता, प्रियंका देवी, मुन्नी देवी एवं बाल सेवा दल के बच्चे थे।

### काली नदी तट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**छिबरामऊ।** संत निरंकारी मिशन के अमृत प्रोजेक्ट के तहत सेवादारों ने फर्रुखाबाद रोड पर काली नदी के किनारे स्वच्छता अभियान चलाया और लोगों को नदियों की स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने पालिका की तरफ से संसाधन उपलब्ध कराए। इस दौरान हरिश्चंद्र, आशाराम, दयाशंकर, लकी, प्रशांत, रामप्रकाश, रविंद्र, अखिलेश सुचना प्रभारी, सतीश, राजेश कुमार, शिवकुमार, मोहित, शिवेंद्र, सुमित, रामा, गीता, सीमा, अजीता, शिवानी, पारुल, आयुषी, रंजना, चांदनी, मनोरमा, पूजा, माधुरी, सुमिता, साक्षी, काजल व साधना मौजूद रहीं।

**यह नहीं चेतेंगे** — परिवहन विभाग की लापरवाही से भार वाहनों से आवागमन जारी, 2022 में कानपुर तो दो दिन पहले कासगंज में कई की गई जान

# हादसों से सबक नहीं : आस्थावानों की सवारी ट्रैक्टर–ट्राली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज




रोक के बाद भी ट्रैक्टर–ट्राली से गंगा स्नान को जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हादसों के बाद भी लोग और जिम्मेदार सबक नहीं ले रहे हैं। तभी तो विभागीय लापरवाही से लापरवाही से भारवाहक वाहनों पर लोगों बिठाकर आवागमन किया जा रहा है। दो दिन पहले कासगंज में हुए भीषण हादसे के बाद भी जिले की सड़कों पर ट्रैक्टर ट्रालियों व लोडर में लोगों को सफर करते देखा जा सकता है। उधर, जिम्मेदार भी कुछ नहीं कह पाते कि देहात इलाके में इनका प्रयोग ही सवारी वाहन के रूप में होता है।

करीब 16 महीने पहले अक्टूबर 2022 में कानपुर देहात क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से 26 लोगों की जान चली गई थी। तब प्रदेश सरकार ने भार वाहनों पर सवारी ढोने पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। ऐसा करने वालों पर 10 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान किया था। इसके बाद जिलों में भी पुलिस के साथ ट्रैफिक पुलिस भी सक्रिय हो गई थी। लोगों को चेतावनी के साथ कार्रवाई का क्रम चला और समय बीतने के साथ यह समझाने तक सीमित हो गया। अब तो जिले में किसी भी समय ट्रैक्टर ट्रालियों, लोडर पर लोगों को सफर करते देखा जा सकता है। इनके चालक लापरवाही से वाहन चलाते हैं। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। गंगा स्नान जैसे महापर्वों पर देहात क्षेत्र के श्रद्धालु ज्यादातर ट्रैक्टर ट्रालियों या लोडर से ही आते हैं। मामला आस्था का होने से पुलिस भी समझाकर कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। मजबूरी यह के इनको टोके या रोके भी तो कैसे? दो दिन पहले माघी पूर्णिमा पर कासगंज क्षेत्र में मुंडन संस्कार के लिए जा रहे परिवार व नाते-रिश्तेदारों से भरी ट्रैक्टर ट्राली तालाब में पलट गई। इसमें 23 लोगों की जान चली गई जिसमें वह बच्चा जिसका मुंडन होना था भी शामिल था। इस हृदयविदारक हादसे से एक बार फिर से शासन हरकत में आ गया है। आननफानन निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि बसों में भी सीटबेल्ट की व्यवस्था की जाए ताकि हादसा होने की सूरत में बड़ी जनहानि न हो।

उल्लेखनीय बात तो यह है कि शासन की यह सक्रियता कितने समय तक रहेगी। क्योंकि कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती है तो विभाग के अधिकारी खुद को बचाने का प्रयास करने लगते हैं। उच्च अधिकारी भी जूनियर को बचाने के लिये उसे ही दुर्घटना की जांच सौंप देते हैं। जांच अधिकारी संबंधित वाहन के मालिक व चालक पर कार्रवाई कर पल्ला झाड़ लेते हैं। इसके बाद फिर से भार वाहन सवारी लेकर चलने लगते हैं।

यातायात प्रभारी आफाक खां का कहना है कि लोगों को भार वाहनों पर न बैठने के लिये समझाया जा रहा है। स्कूलों में भी बच्चों को इस संबंध में जानकारी दी जा रही है। वह अपने परिवार को बताये कि वह भार वाहनों पर बैठकर यात्रा न करें। इसके बाद भी लोग नहीं मान रहे हैं। फिर भी इस तरह से चलने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीणों के पास सवारी वाहनों की कमी

**कन्नौज।** ग्रामीण पुष्पेंद्र कुमार का कहना है कि गांव के लोगों के पास सवारी वाहनों की कमी होती है। ट्रैक्टर ट्राली व लोडर सस्ते में मिल जाता है। किसी की मौत पर अंतिम संस्कार या बच्चे के मुंडन और अन्नप्रासन कार्यक्रमों में मंदिर या गंगा तट पर परिवार व सगे संबंधी को ले जाने के लिये ट्रैक्टर आसानी से मिल जाते हैं। दुर्घटना होने पर चालक के खिलाफ कुछ लोग रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं तो कुछ परिवार का वाहन होने से कोई कार्रवाई नहीं करते।

### धमकाकर ही काम चलाते जिम्मेदार

**कन्नौज।** परिवहन विभाग यात्री लेकर जा रहे ट्रैक्टर पर कार्रवाई नहीं करते। इसकी वजह यह है कि अधिकांश ट्रैक्टर चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस ही नहीं होता है। कागजों का भी अभाव रहता है। कृषि कार्य के लिये होने से इन पर कार्रवाई करने से वाहन स्वामी मुक्त नहीं करा पाते। इसलिये ट्रैक्टर ट्राली पर बैठे यात्री दिखने पर चालक को समझाने व धमकाने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

## एक नजर

### केंद्र व्यवस्थापक आज कला सामग्री प्राप्त करें

**फर्रुखाबाद।** जीआईसी फतेहगढ़ के संकलन केंद्र प्रभारी राजू अहिरवार ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को अवगत कराया कि जिन परीक्षा केंद्रों को हाईस्कूल चित्रकला व्हाटमैन, कैट्रिज, कला पत्र केवल एक सेट हरे कवर के साथ मिला है वह लोग एक अतरिक्त सेट नीला कवर कलापत्र 26 फरवरी को जीआईसी फतेहगढ़ से प्राप्त कर लें। वहीं इंटरमीडिएट कला पत्र भी यदि किसी केंद्र के पास कम हो तो वह लोग भी इसी दिन डिमांड लेटर के साथ आकर प्राप्त कर लें सादी अ उत्तर पुस्तिकाएं और ब उत्तर पुस्तिकाएं, जो भी आवश्यकता हो डिमांड लेटर के साथ प्राप्त कर सकते हैं।

### कांग्रेसियों ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा में लिया भाग

**फर्रुखाबाद।** अलीगढ़ में राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के नेतृत्व में पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा में जनपद से पहुंचे कांग्रेसियों ने भी प्रतिभाग किया। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मनोज गंगवार के नेतृत्व में करीब 25 से ज्यादा कार्यकर्ता अलीगढ़ पहुंचे थे। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ने बताया कि खालिद उस्मानी, ब्लॉक अध्यक्ष आमोद गंगवार, अभिनय गंगवार, अनुराग गंगवार, दिलीप गंगवार, अवधेश पटेल, अविनाश गंगवार, लालू गंगवार व भोला कठेरिया आदि कार्यकर्ता उनके साथ रहे।

### मकान बंटवारे को लेकर मारपीट, दो गिरफ्तार

**कमालगंज-फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र से जुड़े गंगापार इलाके के गांव तेरा अकबरपुर निवासी सतीश कुमार का शनिवार शाम परिवार के विद्याराम से मकान के बटवारे को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच गाली गलौज के साथ जमकर मारपीट हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को पकड़ कर थाने ले आई। यहां रविवार को पूछताछ के बाद दोनों का शांतिभंग में चालान कर दिया गया।

### शराब व उपकरण सहित युवक गिरफ्तार

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव रजीपुर में शराब बनाकर बेंचे जाने की सूचना शनिवार शाम पुलिस को मिली। इस पर खुदागंज चौकी प्रभारी दीपक भाटी टीम के साथ गांव पहुंचे। यहां पुलिस ने सोनू के घर छापा मारकर 30 लीटर शराब व बनाने के उपकरण बरामद कर लिए। साथ ही टीम महरुपुर राबी निवासी अभय गिहार को मौके से पकड़ थाने ले आई और मुकदमा दर्ज कर दिया। पुलिस रविवार को अभय का चालान कर जेल भेज दिया।

### मार्ग दुर्घटना में तीन की हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग मार्ग दुर्घटना में जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर के गांव गढ़िया जगन्नाथ निवासी पवनए क्षेत्र के गांव करीमनगर निवासी हेमराजए कंपिल क्षेत्र के गांव दारापुर निवासी विपिन घायल हो गए। घायलों को उनके परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### छत से गिर कर बालक हुआ घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कंपिल क्षेत्र के गांव नगला धनी निवासी प्रदीप का पांच वर्षीय पुत्र आदित्य छत से गिरकर गंभीर घायल हो गया। गंभीर हालत में परिजन सीएचसी लाए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### एक ने पीया कीटनाशक

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव खेतलपुर सौरिया निवासी पप्पन ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। परिजन सीएचसी लाए। जहां उसका इलाज किया गया।

# तकनीकी खराबी से सहकारी चीनी मिल बंद

## तौल की उम्मीद के सहारे वाहनों में गन्ना लादे डटे हैं किसान

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** किसान सहकारी चीनी मिल कायमगंज रात लगभग 11 बजे से पूरी तरह बंद हो गई। मिल बंद होने से किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गन्ना लेकर आए किसानों के ट्रैक्टर चीनी मिल यार्ड में खड़े हुए हैं।

तौल की फिलहाल उम्मीद भी नजर नहीं आ रही है। हालात यही रहे तो किसान आंदोलन करने पर मजबूर हो सकते हैं। किसानों ने बताया कि रात लगभग 11बजे के करीब चीनी मिल की मशीन का पहिया अचानक जाम हो गया। इसके बाद चीनी मिल की पेराई का काम बंद हो गया। गन्ना की तौल कब शुरू हो सकेगी। इस समबंध में तब से अब तक ना तो चीनी मिल जीएम और ना ही कोई अन्य अधिकारी संतोष पूर्ण जवाब दे रहे हैं -कि चीनी मिल कब तक चालू हो सकेगा।

रानरेश, दशरथ, हरिनन्दन सहित दर्जनों का यह भी कहना कहना था कि किसानों के लिए ना तो कोई सुविधा है। शौचालय खराब पड़े हुए हैं। पानी पीने के हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं। शौच क्रिया के लिए रेलवे लाइन पार करके खेतों में जाना पड़ा रहा है और ना ही किसानों के रुकने की ही कोई व्यवस्था है। जिसके चलते किसान आखिर जाएं तो जाएं कहां। बताते चले अभी कुछ दिन पूर्व चीनी मिल की मशीन खराब होने के चलते लगभग तीन-चार दिन मिल बंद पड़ी रही। इससे पूर्व भी तकनीकी खराबी के चलते कई बार मिल बंद हो चुकी है। किसानों का कहना है कि जर्जर मशीनों तथा मिल प्रशासन एवं गन्ना विभाग की उदासीनता के चलते आखिर कैसे पूरा पेराई सत्र कायदे से चल पायेगा? यह सब कुछ पूरी तरह संदेह के घेरे में आ चुका है।



बंद मिल में तौल के लिए पड़ा गन्ना। अमृत विचार

### पेराई बंद होने पर किसानों ने किया हंगामा

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** पेराई बंद हो जाने से गन्ना किसानों ने चीनी मिल में जमकर हंगामा किया। इससे किसान काफी परेशान है। सहकारी चीनी मिल में पुरानी मशीनों के सहारे गन्ना पेराई के दौरान बार बार तकनीकी खराबी हो रही है। किसान तौल के इंतजार में कई कई दिन तक खडे.रहते है। शनिवार रात मिल के रोले में तकनीकी खराबी आ गई। इससे पेराई कार्य ठप हो गया। मामले की जानकारी मिल प्रशासन को दी है। इस पर मिल प्रशासन के अधिकारी ने मौके पर पहुंच कर खराबी को सही कराने में जुटे रहे। इधर गन्ना पेराई बंद हो गई। तौल बंद होने से बाहर किसान परेशान हो गए। किसान मिल प्रशासन से मिले। जहां उन्हे जल्द खराबी सही करने का आश्वासन मिला। रविवार सुबह किसानों का धैर्य टूट गया। किसान सत्यवीर, सुधीरचक्रपाल, राघव आदि ने विरोध प्रदर्शन कर हंगामा किया। किसानों के हंगामे पर मिल प्रशासन से समझाया। किसानों का कहना था कई कई दिन हो जाते है। वह किराए के ट्रेक्टर लाते है। इससे उनका नुकसान होता है। तौल में देरी होती है तो गन्ना सूख जाता है तो मिल प्रशासन भी गन्ना सूखा होने की बात कहकर लौटा देता है। ऐसे में वह क्या करे। सब दोष किसान का ही होता है। वह अपनी कमिया नहीं देखते। उन्होंने कहा कि आखिरकार पुरानी मशीनो को कब नया किया जाएगा। मिल प्रशासन ने भरोसा दिया कि आज ही मिल चालू करा दी जाएगी।

# दो साल में शिक्षक भर्ती का सत्यापन नहीं, 386 शेष

- विभाग शैक्षिक अभिलेखों के सत्यापन को विश्वविद्यालयों को भेज चुका पत्र

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** करीब दो साल होने जा रहे हैं और 69 हजार शिक्षक भर्ती के शिक्षकों के शैक्षिक प्रमाणपत्रों का शत-प्रतिशत सत्यापन अभी तक नहीं हो सका है। अभी भी लगभग 386 शिक्षकों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन होना बाकी है। सत्यापन के लिए शिक्षक जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं।

वर्ष 2020 में 69 हजार शिक्षक भर्ती के तहत जनपद में 987 शिक्षकों की भर्ती हुई थी।वर्ष 2021 में विभाग ने इन शिक्षकों के शैक्षिक प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए संबंधित विश्वविद्यालयों व बोर्डों को भिजवाए थे।दो साल से ज्यादा समय होने जा रहा है और अभी तक 987 में सिर्फ 601 शिक्षकों के शैक्षिक प्रमाण पत्रों का ही सत्यापन हो सका है।

जिन-जिन शिक्षकों के सत्यापन हो चुके हैं, उनके एरियर के भुगतान को विभाग ने आदेश भी कर दिए हैं।वहीं अभी भी 386 शिक्षकों का सत्यापन लटका है, जिससे उनका एरियर लटका है। शिक्षक सत्यापन की जानकारी करने के लिए कार्यालय आते हैं तो उनसे कह दिया जाता है कि उनके शैक्षिक अभिलेख सत्यापन के लिए भेजे जा चुके हैं। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद ने बताया कि 69 हजार शिक्षक भर्ती के शैक्षिक अभिलेखों के सत्यापन के लिए रिमाइंडर विश्वविद्यालयों को भिजवाए जा चुके हैं।जल्द ही फिर रिमाइंडर भिजवा देंगे।

# रामनगरिया में फिर लगी आग, मची भगदड़



झोपड़ी में लगी आग। अमृत विचार

- झोपड़ी में बैठा साधु झुलसा दमकल ने आग पर काबू पाया

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गंगातट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में 72 घंटे के अंदर दूसरी बार फिर आग लग गई, जिससे मेले में भगदड़ मच गई।

कल्पवासी जिस समय एक माह कल्पवास करने के बाद अपने अपने घर को जा रहे थे। उसी समय सीढ़ी नंबर छह पर बने संत मनमोहन स्वरूप के क्षेत्र में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आने से राउटी में बैठे बाबा मनमोहन स्वरूप झुलस गए। उन्हें आनन-फानन में लोगों ने खीचकर राउटी से वाहर निकाला। आग पर काबू पाने को आस पास के लोग बालू फेकने लगे। चंद मिनटों में पहुंची फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया।

धुएं का गुबार देख बड़ी संख्या में लोग व मेला संत समिति अध्यक्ष सत्यगिरी महाराज व अन्य लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि कल्पवासियों व संतों के जाने के बाद राउटियो पुआल व अधजली लड़कियों को लोग इकट्ठा कर रहे हैं। उसी से आग लगी है।

# गंगा में डूबे किसान का दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** गेंहू की फसल की रखवाली कर घर लौटे वक्त किसान गंगा में डूब गया था। 30 घंटे से अधिक समय बीत गया है लेकिन अभी तक किसान का कुछ अता पता नहीं है। गंगा में जाल डाल कर किसान की खोजबीन की जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कुआखेड़ा चौकी के गंधिया गांव निवासी जयपाल राजपूत शनिवार की सुबह लगभग 9 बजे गेहूं की फसल की रखवाली करके घर लौट रहा था। तभी गंगा के पानी में डूब गया था। किसान तृके डूबने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मचा गया।। उनका रो.रो बुरा हाल है। सूचना पर पुलिस व तहसील प्रशासन मौके पर पहुंचा था। जहां गोताखोर से खोजबीन की गई थी। लेकिन कुछ पता नहीं चला। 30 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका है। रविवार को खोजने के लिए ढाई घाट की ओर जाल डाला गया। वही स्टीमर से भी खोजबीन की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक किसान को खोजने के प्रयास जारी थे।

# शिविर के अंतिम दिन कृत्रिम अंग लेने के लिए उमड़ी दिव्यांगों की भीड़

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** एसएन साध ट्रस्ट के सौजन्य में दिव्यांग शिविर के अंतिम दिन सुबह 9 बजे से शुरू हुआ। शिविर में मरीज अपने समय से आना शुरू हुये। शिविर के अंतिम दिन जिले के साथ-साथ आस-पास के जिलों से जैसे हरदोई, मैनपुरी, अलीगंज, एटा, से मरीजों के आने के सिलसिला जारी रहा। रविवार को 130 पंजीयन किए गए।

मरीजों से बात करने पर सबसे ज्यादा प्रसन्नता मरीजों और उनके तीमारदारों द्वारा ये जताई गई की इस शिविर में बिना कोई भेद भाव के सभी आम जनमानस उच्च स्तरीय नि शुल्क सेवाएं दी जा रही है। उसके साथ ही उत्तम भोजन पैकेट व चाय, बिस्कुट, की व्यवस्था की गई है। मरीजो और तीमारदारों ने सभी आयोजन कर्ताओं का दिल से आभार प्रकट किया। शिविर की सयोजक वरिष्ठ समाज सेवी डॉक्टर रजनी सरीन और ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी राकेश साध व चमकेश साध ने महत्वपूर्ण जानकारी देते हुऐ कहा कि अगला शिविर सितम्बर 2024 में लगाया जाएगा। इसी के साथ शिविर में आए हुऐ भगवान महावीर दिव्यांग सेवा समिति के सभी विशेषज्ञ, सभी डाक्टर, समस्त जन ने किसी प्रकार भी इस नेक कार्य में अपनी आहुति दी है, उनका आभार व्यक्त करते है।

खास तौर पर शासन-प्रशासन की आंख और कान कहे जाने वाले सभी कलमकारों को भी दिल की गहराइयों से धन्यवाद देता हूं जिनके माध्यम से आम जनमानस को सहज ही घर बैठे जानकारी मिल जाती है। दिल्ली से विशेष रूप से शिविर में अपनी सेवा प्रदान करने आई मधु साध, रंजना साध प्रिया साध रितेश साध राहुल साध ने सुबह से ही व्यवस्था सभाली। भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति से 6 विशेषज्ञ सुमित, गणेश, संजय, चंद्रशेखर, विनोद, हरीश द्वारा अपनी सेवाए प्रदान की गई। शिविर के समापन वाले दिन भी शहर के जाने माने ई. एन. टी. स्पेशलिस्ट डॉ शिखर सक्सेना व उनकी टीम ने मरीजो का परीक्षण कर उनको दवाइयां व कान की मशीन ट्रस्ट द्वारा निशुल्क दी। इस कार्य में रोहित गर्ग, उदय पाल, सुजीत श्रीवास्तव, शीश मेहरोत्रा, विजय, आकाश सिंह, राहुल कश्यप, प्रभात पाण्डे, रजत बाथम, नरेश, सत्यनारायण, रॉबिन साध शेखर, और जयपुर की पूरी टीम का विशेष सहयोग रहा।



ट्राई साइकिल पाकर खुश दिव्यांग। अमृत विचार

# रोडवेज बस से डीजल चोरी का वीडियो वायरल

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** रोडवेज बस में डीजल चोरी का वीडियो सोशल मीडया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में जो बस दिखाई दे रही है वह लोनी डिपो की है। वीडियों में बस का ड्राइवर नाइट खर्च के लिए डीजल निकालने की बात कह रहा है।

सोशल प्लेटफार्म पर तेजी से हो रहे वायरल वीडियो में लोनी डिपो की बस दिख रही है। बस के नीचे एक कट्टी लगाकर पाइप से डीजल निकाला जा रहा है। वायरल वीडियो में बस के पास खड़ा व्यक्ति जिसे चालक बताया गया है। वह नाइट के 300 रुपए खर्च निकालने की बात कर रहा है। वही वीडियो में चालक यह भी कहता दिख रहा है नाइट का खर्चा निकालने के लिए करना पड़ता है। वायरल वीडियो कायमगंज रोडवेज बस स्टॉप का बताया जा रहा है। सोशल मीडिया में वायरल किए गए वीडियो का अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। एआरएम आरसी यादव ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। यह वीडियो कब का है। यह जांच के बाद ही पता चल सकेगा।

# अराजकतत्वों ने आंबेडकर और बुद्ध की मूर्तियां क्षतिग्रस्त की



क्षतिग्रस्त भगवान बुद्ध व डा. आंबेडकर की मूर्ति। अमृत विचार



मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासन के अफसर। अमृत विचार

संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उजरामऊ मे बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर और बुद्ध की प्रतिमा लगी हुई है। शनिवार की रात अराजकतत्वों ने आंबेडकर मूर्ति की उंगली और चश्मा तथा बुद्ध की प्रतिमा का हाथ तोड़ दिया। सुबह मोहल्ले के लोग जब उधर गए तो मूर्तियां टूटी देखकर जाति विशेष के लोग प्रतिमा के पास एकत्रित होने लगे।

ग्राम प्रधान के पति जगपाल ने मूर्ति तोड़े जाने की सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को दी। सूचना पर तहसीलदार कर्मवीर सिंह, सीओ रावेंद्र नाथ राय, एसओ कोमिल खान ने गांव मे पहुंचकर लोगों को समझाकर मूर्तियों की मरम्मत कराई तथा सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। तहसीलदार कर्मवीर सिंह ने बताया ग्रामीणों द्वारा मूर्ति तोड़े जाने की सूचना मिली थी।

मूर्तियों की मरम्मत करवाकर सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए हैं। मूर्तिया तोड़ने वालों का पता लगाया जा रहा है। उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# युवक के गोली से घायल होने के मामले में केस दर्ज

- प्रेमनगर में हुई थी घटना, कई संदिग्धों से की गई पूछताछ

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** संदिग्ध हालात में प्रेमनगर निवासी एक युवक गोली लगने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस घटना के खुलासे के लिए जुटी हुई है। कई लोगों से पूछताछ भी कर चुकी है।

शुक्रवार देर रात कोतवाली क्षेत्र के गांव प्रेमनगर निवासी ऋषिपाल कोहली का 20 वर्षीय पुत्र सोनू गोली लगने से गंभीर घायल हो गया था। वह कूचा मोहल्ले में जन्म दिन की पार्टी में गया था। जब वह दोस्त के घर से नीचे उतार रहा था तभी गोली लगने से वह गंभीर रुप से घायल हो गया था। दोस्त घायल सोनी को आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे जहां से जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। जिला अस्पताल से घायल की हालत को गंभीर देखते हुए उसे सैफई के लिए रैफर कर दिया गया था। वहां उसका इलाज जारी है। घटना को लेकर घायल के पिता ऋषिपाल कोहली ने दर्ज कराए गए मुकद्में में कहा है 23 फरवरी को रात आठ बजे उसका पुत्र सोनू कूचा मोहल्ला के संजय ठाकुर के बेटे के जन्म दिन की पार्टी में गया था। जहां से पार्टी करके उनके घर से निकलते समय उनके ही घर के बाहर किसी अज्ञात व्यक्ति ने फायर कर दिया जिसमें वह घायल है। पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए कई लोगो से पूछताछ की है। पुलिस पड़ताल में लगी है आखिरकार गोली किसने चलाई। पुलिस का कहना है घटना से जल्द ही पर्दा उठेगा।

## सार-संक्षेप


### भूमि विवाद में लाठी-डंडे चले, सात घायल



अस्पताल में भर्ती घायल।

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कम्पिल थाना क्षेत्र में हुए विवाद में 7 लोग लाठी डंडे चलने से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। थाना क्षेत्र के जेंदपुरा निवासी वीरन्द्र पुत्र रविन्द्र ने दी तहरीर में कहा है कि बाबा मखिलान सिंह अपनी मर्जी एवं राजी खुशी से जमीन व घर उसके नाम कर गये थे। इसी रंजिश में आज वीरेन्द्र उर्फ मन्ने यादव पुत्र रूपराम सिंह निवासी ग्राम भागीपुर उमराह, थाना-कम्पिल एवं किताब सिंह व श्रीपाल पुत्रगण शेर सिंह निवासी ग्राम चेके गुनार कोतवाली सहावर, जिला कासगंज, किशन यादव पुत्र रनवीर सिंह निवासी मोहल्ला ग्वाल टोली, कोतवाली फतेहगढ़, फर्रुखाबाद व आदित्य यादव पुत्र राजेन्द्र सिंह ग्राम जैदपुरा, थाना-कम्पिल, व चार अज्ञात लोग चार पहिया वाहन से आये सभी के हाथों में धारदार हथियार एवं नाजायज तंमचा थे। यह लोग एक राय होकर घर के अन्दर आकर गाली-गलौज करने लगे। पत्नी सोनी एवं माता गुडडी देवी दाऊ रघुवीर सिंह ने विरोध किया तो इन लोगो ने एक राय होकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे पत्नी सोनी व माता गुडडी देवी पत्नी रविन्द्र एवं रघुवीर पुत्र राजाराम के गम्भीर चोटे आई है। मारपीट में उपरोक्त लोग प्राथी के पत्नी सोनी के सोने की झुमकी भी छीन ले गये।शोरगुल होने पर जब गांव वाले आये तो यह लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। यह लोग दबंग प्रवृत्ति के लोग है। घटना के समय घर पर नहीं था। पुलिस ने इस तहरीर पर एनसीआर दर्ज कर घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया है।

### छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम से मनमोहा



गुरु प्रार्थना करती छात्राएं।

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** रविवार को शिव ज्ञान मंदिर स्कूल में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक डा विकास शर्मा ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें गुरु प्रार्थना, सरस्वती वंदना, देश गीत, काव्य पाठ करते हुए बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभाएं दिखाईं। इस बीच कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। इस दौरान प्रधानाचार्य अमरनाथ शुक्ला ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आर्शीवाद दिया। इस दौरान एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा, सीओ सतेन्द्र सिंह, प्रवीन रस्तोगी, उमेश कुमार, संतोष मिश्रा, संजीव कौशल, अभिभावक सहित छात्र व छात्राएं उपस्थित रहीं।

**अवरोध** 1.18 करोड़ से बनाई जानी हैं सड़कें, सूडा ने सिर्फ 6 .37 लाख ही दिए

# डूडा के पास नहीं बजट, अधूरी पड़ीं एक दर्जन से ज्यादा सड़कें

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** धनराशि के अभाव में शहरी क्षेत्र में बनने वाली 13 सड़कों का निर्माण कार्य एक साल से अधर में लटका है।यह हाल तब है, जब जिला नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय (डूडा) तीन बार राज्य परियोजना कार्यालय (सूडा) को पत्र भेजकर बजट की मांग कर चुका है।

वर्ष 2022-23 में मुख्यमंत्री मलिन बस्ती योजना के तहत सूडा ने शहर क्षेत्र में 13 सड़कों का प्रस्ताव स्वीकार करते हुए 1.18 करोड़ का बजट मंजूर किया था।मार्च 2022 में सूडा ने सड़कों के निर्माण कार्य के लिए सिर्फ 6.37 लाख रुपये ही डूडा कार्यालय फर्रुखाबाद को यह कहते हुए आवंटित किए थे कि निर्माण कार्य शुरू होते ही बची हुई धनराशि भी आवंटित कर दी जाएगी।अप्रैल 2022 में डूडा ने ई-टेंडर से ठेका करते हुए सड़कों का निर्माण कार्य शुरू करा दिया था।टेंडर प्रक्रिया में दो माह में सड़कें बनाने की शर्त भी रखी गई थी, लेकिन दोबारा बजट न मिलने से ठेकेदारों ने निर्माण कार्य बंद करवा दिया।बजट न मिलने से करीब एक साल से सड़कें अधूरी पड़ी हैं। प्रभारी परियोजना अधिकारी गजराज सिंह ने बताया कि सूडा कार्यालय पत्र भेजकर बजट की मांग की जा चुकी है।बजट मिलते ही सड़कों का निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा।



### यह बननी थीं सड़कें

- मुहल्ला बधौआ में अशर्फी महल से लालाराम के मकान तक नाली व सीसी सड़क।
- बधौआ में लालाराम के मकान से प्रमोद कुमार पाल के मकान तक नाली व सीसी सड़क।
- मुहल्ला बिर्राबाग पझाबा गड्ढा में चंदन दीक्षित के घर से रामशरन बाथम, सत्यदेव शर्मा के मकान, शेखर के प्लाट से सत्यदेव व नन्हें शर्मा के मकान तक नाली व सीसी सड़क।
- बिर्राबाग पझाबा गड्ढा में वेदराम के मकान से टप्पू शुक्ला व सुरेंद्र के मकान व विमल दुबे के घर से कृष्णपाल सिंह के मकान तक नाली व सीसी सड़क।
- मुहल्ला नरायनपुर में रघुवीर सदन से राजू के मकान होते हुए मुख्यमार्ग तक नाली व सीसी सड़क।
- नरायनपुर में सत्यप्रकाश उपाध्याय के मकान से अनूप गंगवार के मकान तक नाली व सीसी सड़क।
- मुहल्ला रकाबगंज ढुइंया में सलीम के मकान से अशोक यादव के प्लाट तक नाली एवं सीसी सड़क व नाली।
- मुहल्ला बनखड़िया में रमेशचंद्र के प्लाट से मुख्यमार्ग तक नाली व इंटरलाकिंग सड़क।
- मुहल्ला गढ़ी अशरफ अली में रामदत्त के मकान से शकुंतला के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग सड़क।
- मुहल्ला नरायनपुर में जीएस राजपूत के मकान से नरायनपुर लिंक रोड तक नाली व सीसी सड़क।
- नरायनपुर में राजपाल के मकान से संजय के मकान तक नाली एवं सीसी सड़क।
- रेलवे रोड मुख्यमार्ग से इमली वाली मस्जिद के पीछे सुभाष शर्मा के मकान से होते हुई सीसी सड़क व नाली।
- मुहल्ला बनखड़िया में बलवीर यादव के घर से लालाराम के मकान तक नाली एवं सीसी सड़क।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम : ॥

बिना बुलाए ही किसी भी स्थान पर चले जाना और बिना कुछ पूछें बोलना, जिन पर विश्वास नहीं किया जा सकता, ऐसे लोगो पर विश्वास करना यह सभी मूर्ख और बुरे लोगों के लक्षण हैं।

## संपादकीय

# एआई की नैतिकता

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ही नहीं बल्कि किसी भी तकनीकी का इस्तेमाल विकास या विनाश फैलाने के लिए किया जा सकता है। एआई अक्सर विवाद का शिकार बनती है। प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के बारे में दुनिया भर में कई बातचीत हो रही हैं। प्रौद्योगिकी से किस तरह सार्वजनिक कल्याण में वृद्धि हो सकती है, वो भी महत्वपूर्ण मानवीय संपर्क को हटाए बिना, जो कि सरकारों व नागरिकों के बीच संवाद के लिए बेहद अहम है। एआई, जलवायु परिवर्तन से निपटने और एसडीजी हासिल करने में योगदान दे सकती है। उदाहरण के लिए, एआई को किन भूमिकाओं में इंसानों की जगह लेनी चाहिए? व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और मानवाधिकारों के संभावित उल्लंघन के लिए क्या किया जा रहा है? उस डेटा का उपयोग कैसे किया जाना चाहिए और इसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना चाहिए? एआई टूल का उपयोग कैसे किया जा सकता है और कैसे किया जाना चाहिए, इसके लिए स्पष्ट और संक्षिप्त दिशानिर्देशों के बिना, दुरुपयोग और कानूनी परेशानी की संभावना है। हालांकि यूरोपीय संघ ने भी हाल ही में दुनिया का पहला व्यापक एआई कानून, एआई अधिनियम पारित करके एक मिसाल कायम की है। चीन ने एआई नियमों का अपना सेट विकसित किया है जो लगातार विकसित हो रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका अभी एआई विनियमन के शुरुआती चरण में है और पारित किए गए अधिकांश कानून केवल राज्य स्तर पर लागू होते हैं। एआई नैतिकता को अभी भी एक लंबी यात्रा तय करनी है कई विशेषज्ञों का तर्क है कि नैतिक एआई एक जिम्मेदार भविष्य के लिए आवश्यक है जहां हम सामाजिक भलाई, स्थिरता और समावेशन जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। यूनेस्को ने पहली बार 2021 में, एआई की नैतिकता पर अपनी सिफारिशें पेश की थीं, जब दुनिया का अधिकांश हिस्सा एक और अन्तर्राष्ट्रीय संकट, कोविड-19 महामारी से घिरा था। एआई के दोहरे इस्तेमाल को लेकर असमंजस की स्थिति इसलिए भी है क्योंकि अभी तक कोई ये समझ नहीं पाया है कि आम जीवन में इसका क्या असर होगा, फिर भी सभी एआई क्षेत्र के लीडर बनने की दौड़ में हैं। एआई टूल्स को विकसित करने वाली कंपनियों में पिछले 4-5 साल में निजी पूंजी निवेश में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। कुल मिलाकर ये कहा जा सकता है कि एआई पर अविश्वास करना एक अच्छा संकेत है। जिस तरह एआई टूल्स विकसित किए जाते हैं उसे देखते हुए इन पर पूरी तरह भरोसा करना ठीक नहीं है लेकिन साथ ही ये भी याद रखना जरूरी है कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में एआई का बेहतरीन इस्तेमाल हो सकता है। यूनेस्को की सिफारिशों ने वास्तव में हमें एआई और नियमों के बारे में आलोचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद की है।

# खेती कागज पर नहीं भूमि पर होती है



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा।**

डॉ.एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने के बाद भी वे लोग इनके नाम से अपरिचित हैं जिनके जीवन काल में हरित क्रांति का दौर रहा था। ग्राम्यांचलों में रह कर खेती करने वाले अधिकतर ऐसे किसान अब 75 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं। हरित क्रांति हुई तो मेरी उम्र भी करीब 13 वर्ष की थी। खेत कार्य कौन करता था, कैसे होता था और सरकारी मदद कितनी और कैसे मिलती थी, मुझे सब याद है। हमारे खेत में हरित क्रांति का दौर तो नहीं आया, लेकिन जमीन की कीलेबंदी (कंसोलिडेशन ऑफ़ लैंड होल्डिंग्स) सन 1964 तक हो चुकी थी। करीब आधी से अधिक हमारे खेती की जमीन में नहरी सिंचाई संभव थी। हरित क्रांति के शुरूआती दौर में भी हम पशुओं के गोबर और घरेलू कूड़ा-करकट से बनाई गई हरी खाद ही खेतों में डालते थे। ईख काटने के बाद गेहूं की फसल उन्हें कीलों में, अर्थात 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की क्यारियों में बोई जाती तो अच्छी हुआ करती। एक कीले में तीन साल में एक बार हरी खाद डाली जाती थी। घर में 30-35 पशु हुआ करते। फसल का बीज अपना खुद का होता था अर्थात 'फार्मर्स वैरायटी'। बीज को किसान लोग आपस में अदला-बदली किया करते थे।

हमारे खेत में उपज के बतौर 200 मण गेहूं और करीब 300 मण से ज्यादा चना पैदा हुआ करता था। घर में 10-12 बैल होते थे, चार हळ थे जिन्हें घर के ही चार जन जोतते थे। बहुत समय तक आधी जमीन में ही बुवाई हुआ करती क्योंकि बरसात न होने या साधन नहीं होने से यह छूट जाती थी। कुछेक बार खरीफ की फसल नहीं बोई जाती ताकि जमीन अपनी उपजाऊ शक्ति पुनर्प्राप्त कर ले। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक़ हमारे संयुक्त परिवार के पास खेती की जमीन 90 एकड़ के आसपास है। अब इसमें सिर्फ धान, गेहूं, बरसीम,ज्वार ही बोई जाती है। संयुक्त परिवार टूट जाने से अब ईख नहीं बोई जाती क्योंकि यह आदमी से काफी मेहनत करवाती है। इसके लिए मानव श्रम की बहुत जरूरत होती है जो एकल-परिवार जुटा नहीं पाते। पहले 'बाड़ी' भी बोई जाया करती। इसके मेच्योर पौधे से कपास प्राप्त होती है। पहले देसी या काली बाड़ी बोई जाती थी। आजकल हमारे इलाके में न चना होता है न बाड़ी क्योंकि यह 'उगल' जाते हैं अर्थात धरती में नमी की अधिकता के कारण या मिट्टी में कुछ पोषक तत्वों की कमी के कारण उगते ही नहीं। कभी-कभार मेथी भी बो ली जाती है। पहले बारानी खेती के बतौर आषाढ़ में खरीफ की फसल बोते समय बाजरा बोया जाता था। हमारे कुनबे के अब तो शायद 20 हिस्से हो चुके हैं। ग्यारह हिस्सों में से भी सिर्फ चार हिस्सों वाले खुदकाश्त हैं बाकी की जमीन परिवार में ही ये चार हिस्सों वाले बोते हैं और मालिक को रेंट देते हैं अर्थात सालाना कैश, जो कि प्रति एकड़ रु.25-30 हज़ार है। पूरे पश्चिमोत्तर भारत में जो किसानी और जो संयुक्त परवार सन 1960 तक थे, अब वे स्ट्रक्चरल तौर से वैसे नहीं रहे हैं। तहसील में जमीन को हस्तांतरित करवाने वालों की अब भीड़ लगी रहती है। लेकिन उस समय ऐसा नहीं था। खाता नंबर बदलवाने का जिक्र भी अगर अलग हुआ परिवार करता तो उसे बुरा-भला कहा जाता और उसे धमका कर कहा जाता कि यह बुजुर्गों के सम्मान के अनुकूल नहीं। लेकिन देखा गया कि इसका नतीजा बुरा हुआ। हमारा गांव और खेत हरित क्रांति के प्रभाव से अछूता ही रहा और किसानी करने वाले हम लोग भी। बाद में, शायद हरित क्रांति (सन 1967-1978) का दौर ख़त्म होने के बाद ही, हमारे खेतों में फसलों से अधिक उपज लेने के लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल होने लगा था। सन 1795 के बाद से फार्मर्स वेरायटीज ख़त्म हो गई और बीज लेने के लिए बीज वितरकों के यहां लाइन लगने लगी। ये बीज सरकार देती थी और वितरण या तो अनाज मंडी में दूकानदार लोग किया करते या सरकारी वितरण केंद्र से मिला करते। गांव में कोआपरेटिव सोसाइटी के दफ्तर से भी ये दोनों अर्थात बीज और रासायनिक उर्वरक मिलता था। परन्तु कोआपरेटिव सोसाइटी के सदस्यों को ही। लेकिन अब कमी के चलते इसके लिए भी मार-काट मचती है। लेने के लिए या तो शहर आना होता है या फिर बोने के लिए कुछ नहीं होगा तो खेत खाली पड़ा रहेगा। इनके वितरण में कुप्रबंधन हावी है। गांव में हल की खेती बिलकुल ख़त्म हो चुकी है। कभी 300 से अधिक हल होते थे अब करीब सौ की संख्या में ट्रेक्टर हैं। गांव की खेती की जमीन 28 हजार बीघा है यानी कि करीब 4000 हेक्टेयर। आबादी है 12 हज़ार। गांव के 30 प्रतिशत लोग नौकरी पेशा है और गांव के जो लोग बाहर चले गए हैं और अभी नाता रखे हैं उनकी संख्या भी 3 हजार से कम न होगी। गांव के लोग अपने ही घर के नौकरी पेशा लोगों को पसंद नहीं करते, क्योंकि खेती की जितनी जमीन का टाइटल इनके नाम है और इसे सगे-संबंधी बोते हैं वे इन्हें मन से उपज का पूरा हिस्सा या किराया नहीं देना चाहते, लेकिन कानूनी रूप से बाध्य हैं। कारण यह कि खेती बहुत हाड़-तोड़ काम है और बचत शायद 5 प्रतिशत भी नहीं जबकि हिस्सा करीब 40-50 प्रतिशत तो देना ही होता है।

ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा। सन 1900 के अंग्रेजों ने उत्तर प्रदेश और पंजाब में नहरों का जाल बिछा दिया और सिंचाई में बेशक हिन्दुस्तानी लोग काम करते रहे, लेकिन अंग्रेज़ अफसरों की तीखी निगाह इनके काम काज पर रहती थे। इरीगेशन चैनल्स की निगरानी खुद करने के लिए इन्होंनें नहरों के किनारे और हेड-वर्क्स पर शानदार इंस्पेक्शन बंगलों का निर्माण किया। नहरों के किनारे कैनाल इंस्पेक्शन रोड्स बनवाए जिनकी देखभाल सन 1960 तक भी शानदार तरीके से हुई। अब सब चौपट है। मौसम की मार और अब की मंहगाई ने खेती को भी चौपट कर दिया है। जिस घर में नौकरी और खेती दोनों हैं, तब यह मान कर चलें कि खेत की कमाई तो खेत में ही खप जाती है और नौकरी से मिलने वाले वेतन से घर चलाया जाता है। जिनके यहां पक्की या कच्ची नौकरी भी नहीं है, वे पशु का दूध बेचकर गुज़ारा करते हैं। मुझे पक्का विश्वास है कि एमएसपी से खेती को सस्टेन करना मुश्किल हो रहा है। यह अलग बात है कि आदतन एक किसान अपने खेत को खाली नहीं छोड़ता और अपने अलावा दूसरों के लिए भी अन्न उगाता है। अपने लिए जो पशु दूध के लिए रखे हैं उनके दूध को भी दूसरों से शेयर करता है।

**हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है।**

मेरा दावा है कि एमएसपी पर बात करने वाले लोग एक किसान के दो दुधारू पशुओं की देखभाल का पूरा काम खुद एक सप्ताह भी नहीं कर पाएंगे, खेती करना तो दूर रहा। आठवें दिन ये लोग एम्स में भर्ती होकर कराहते मिलेंगे। खेती में लगने वाली लागत का मूल्य तो एग्रीकल्चरल प्राइस कमेटी आंक लेती है लेकिन मनुष्यों का दुःख-दर्द, इनके अभाव, समय और खेत-कार्य का अलावा लगने वाला श्रम और तकलीफों का आकलन क्यों नहीं करती? मेरा मानना है है कि यह सब करने वाला सरकारी अमला अगर एक साल तक खुद खेती करके खुद तजुर्बा हासिल करे तो उसे मालूम हो जाएगा कि सब्सिडी और एमएसपी, जख्म पर मरहम मात्र लगाने वाला उपक्रम है। उन्हें मालूम हो जाएगा खेती कॉमर्स नहीं है बल्कि मुल्क के लोगों को जीवित और स्वस्थ रखने का एकमात्र उपाय है। खेती पर लिखने वाले इधर-उधर से लेकर या सरकारी वेबसाइट से डाटा लेकर लिख रहे हैं। इनके अपने वास्तविक अनुभव शून्य हैं। हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है। मेरे गांव के अधिकतर किसान क़र्ज़ के बोझ से दबे हुए हैं और इसे उतार पाएंगे, ऐसी उम्मीद भी नज़र नहीं आती।

## प्रसंगवश

# अपरिवर्तनीय सत्य



मोहन सिंह बिष्ट
पत्रकार

भारतीय हिंदू समाज में प्रचलित रूप चार वर्णों में विभाजित किया गया है जिसे मूलतः जन्म आधारित माना जाता है। सनातन संस्कृति के प्रारंभिक काल में ये वर्ण व्यवस्था जन्म आधारित न होकर कर्म आधारित थी।

वैश्विक रूप से जातियां एक समुदाय विशेष से ताल्लुक रखती हैं तथा उनका वर्ण विभाजन जन्म आधारित नहीं होता। उनके उद्गम में एक क्षेत्र विशेष आता है। वह विश्व का कोई कोना गांव का नाम अथवा किसी वरिष्ठ पारिवारिक सदस्य का नाम उसको प्राप्त सम्मान या उपाधि हो सकता है। इसके अलावा विभिन्न जातियों का स्रोत उनका पारंपरिक पेशा इत्यादि भी होता है।

भारतीय सनातन संस्कृति को मानने वाले अथवा हिंदू समुदाय के लोगों की जाति और उपनाम में एक बड़ा और अंतर है वे उपनाम या सरनेम तो बदल सकते हैं परंतु अपना वर्ण नहीं बदल सकते। दूसरी ओर धर्म आधारित व्यवस्था के मूल में प्रत्येक व्यक्ति की आस्था होती है जोकि स्वभाव से देश काल परिस्थिति के अनुसार परिवर्तनशील हो सकती हैं व्यक्ति मूल रूप से चाहे जिस वर्ण, जाति,क्षेत्र अथवा पेशे से हो उसका धर्म उसकी स्वयं की आस्था से निर्धारित होता है। इसका कारण कुछ भी हो सकता है।

आस्था में परिवर्तन कर दूसरे धर्म में आस्थावान हो सकता है अर्थात कोई भी व्यक्ति कभी भी कहीं भी अपनी धार्मिक आस्था में परिवर्तन कर सकता है। परंतु उसके बाद भी अपनी मूल जाति या उद्गम के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं कर सकता। अपनी संस्कृति में परिवर्तन नहीं कर सकता धर्म और जाति में इस बड़े भेद को समझने से काफी हद तक वर्तमान में आपसी वैमनस्यता,धर्म संप्रदाय और जातिगत शत्रुता समाप्त हो सकती है कि वास्तव में धर्म और जाति के नाम पर मनुष्य और मनुष्यता में भेद करना मात्र आधुनिक समाज की अज्ञानता है। आज विज्ञान कहता है, प्राणी मात्र का उदगम एक है तो मात्र आस्था परिवर्तन तथा वर्ण अथवा जाति विभाजन से हम अलग कैसे हो सकते हैं। यही वास्तविक सत्य है और इसी सत्य को सनातन संस्कृति कहती है। मानव जाति एक ही है यह सत्य अपरिवर्तनीय हैं।

# मौसम मस्त चुनाव का : नेताओं के रंग



डॉ . संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

**चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है।**

अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई है मगर समय नजदीक आते ही वातावरण में नर्मी गर्मी की शुरुआत हो गई है। जैसे वसंत के आने की धमक पौधों की टुंसियाहटें दे देती हैं वैसे ही हर दल के कार्यकर्ताओं की सरगर्मियां बता देती हैं कि मौसम परिवर्तित होने के लिए कसमसा रहा है। धरती के सबसे विशिष्ट, विलक्षण और विचित्र प्राणी मनुष्य के लिए चुनाव का मौसम अद्भुत आनंददायक होता है। इस मौसम में सब मगन मस्त हो जाते हैं। वसंत का उल्लास और फागुन का धमाल चाहे जितना रंग जमा ले; चुनावी मौसम का रंग सबसे आला और निराला होता है। मौसम मस्त चुनाव का, नेताओं के रंग !/ भौंचक होकर देखती,जनता भी हुड़दंग !!

राजनीति के खेल में संवेदनहीनता इतनी बढ़ गई है कि स्वार्थ में अंधे हो गए धृतराष्ट्रीय नेताओं को दुर्योधनी क्रूरता और अराजकता न तो दिखती है और नहीं समझ में आती है। जनता त्रस्त है और वे सत्ता की गद्दी को चाटते हुए मस्त हैं। अपराधी और हत्यारे सुरक्षित हैं। उनके लिए सरकार ने सुरक्षा की पूरी व्यवस्था कर रखी है। बच्चे असुरक्षित हैं इसकी फिक्र किसे है?

नेताजी की जन विश्वास यात्रा शुरू हो गई है। 5 सालों तक गायब रहने वाले अब हाथ जोड़कर उन्माद मचाते हुए जनता के बीच में दांत निपोड़ रहे हैं। अपनी-अपनी बिरादरी के लोगों के बीच नेताओं ने आना-जाना शुरू कर दिया है। जातीयता का नशा भी कैसा अनोखा होता है कि वह सबसे ज्यादा अपना ही अहित करता है। किसी भी नशे का चरित्र और प्रभाव यही तो है कि वह उसके सेवन करने वाले को ही नष्ट करता है। जातीय उन्माद सबसे पहले उसी जाति का विनाश करता है जो इसमें सम्मिलित हैं, फिर वह समाज को तोड़ता है। ऐसे में तय है कि देश कमजोर होगा ही। चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है ठीक वैसे ही जैसे जनता नेता की जीत के बाद धूल चाटती रहती है। नेता भी पूरे जोशो-खरोश में अपने भड़ास, उबाल और छल-फरेब को जनता की भावना भांप कर निकालते रहते हैं। हर दल ने अपनी जन विश्वास यात्रा निकालनी शुरू कर दी है। किसी ने भारत जोड़ो, तो किसी ने सुशासन संवाद, तो किसी ने जन विश्वास, तो किसी ने दुआ-सलाम, तो किसी ने कुछ और और नाम भले ही रख दिया है लेकिन काम और उद्देश्य सबके एक ही हैं कि आसन्न चुनाव में जनता कैसे उनके पक्ष में आ जाए। बड़े ऊंचे ऊंचे बोल, झूठ फरेब, नारे-वादे, घोषणा, आश्वासन और भाषण का दौर शुरू है। जनता भी पहली बार इस तरह के आचरण और व्यवहार को नहीं देखेगी, वह भी अभ्यस्त हो चुकी है।

विचित्र होता है चुनावी मौसम भी, और यह मौसम पूरे वातावरण में ऐसा नशा घोल देता है कि अच्छे-अच्छे लोग भी उन्माद में आ जाते हैं। सबके बोल बिगड़ जाते हैं। चौक-चौराहों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ता ही क्या आम-आवाम भी चुनावी हिसाब किताब और गणित में लग जाता है। ऐसे में दलों और नेताओं की आवाजाही तेज हो जाती है। वे आग बुझाने नहीं बल्कि उसमें घी डालकर उसे और तेज करने तथा अपनी रोटी सेंकने के लिए आते हैं।

चुनावी उन्माद का दौर शुरू है। रंग-बिरंगी पगड़ी बांधे, रंग जमाते शहर, गांव, कस्बों और गली-गली में फैल रहे हैं राजनीति के नए पुराने शोहदे। तमाम प्राणियों के गुण और आचरण को ओढ़कर आ रहे हैं ये। ऑक्टोपस की तरह अपने पंजे की गिरफ्त में लेते चले जा रहे हैं भोले-भाले लोगों को। अब तो चुनावी अभियान में भाषा का भदेस रूप स्थानीय गालियों के साथ प्रस्तुत हो रहा है। जाने किस-किस तरह का गठबंधन बनेगा। इंडिया बना तो उसका हाल बेहाल है, क्योंकि उससे प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने वाले जदयू सुप्रीमो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाहर हो गए हैं। उन्होंने पाला बदल दिया और फिर ऊंट पहाड़ के नीचे आ गया है। नरेंद्र मोदी से खार खाए हुए नीतीश कुमार बार-बार उन्हीं की शरण में आ रहे हैं। बड़ी विवशता और छटपटाहट में हैं नीतीश जी।

बसपा सुप्रीमो मायावती जाने कहां हैं?और ठीक-ठाक पता नहीं कि सपा नेता अखिलेश यादव की साइकिल की स्थिति क्या है? कांग्रेस के राजकुमार राहुल गांधी की देश-नापो चहलकदमी और मटरगश्ती का हाल क्या है? तृणमूल की आंधी ममता दीदी की नई पैंतरेबाजी कैसी है? बहुत सारी बातें हैं! उत्तर और दक्षिण भारत के अलग-अलग प्रांतों के स्थानीय क्षत्रपों का भी हाल बेहाल है। वे डांवाडोल हैं। इधर जाएं या उधर जाएं - बात नेताजी की समझ में नहीं आ रही है।

## सोशल फोरम

# स्मार्टनेस पर जोर

**इसी कारण देखिए ना , चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978– 79 में ही खोल दी।**



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

अब हम एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे है जहां स्मार्टनेस पर जोर है । हर चीज दुबली पतली छरहरी। मोटे का ज़माना गया। आदमी भी स्मार्ट, मोबाइल भी स्मार्ट। आ गया माइक्रो चिप्स का ज़माना। ट्रांजिस्टर का उपयोग करके, हमने रेडियो को छोटा बना दिया है। बाल-पतली फाइबर-ऑप्टिक केबल ने भारी तांबे के तार की जगह ले ली है। माइक्रोचिप्सों ने तो कमाल कर दिया, पता नहीं क्या-क्या अप्रचलित कर दिया ।

एक और डाटा आ रहा है कि खुली अर्थव्यवस्थाएं बंद अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में प्रति वर्ष 1.2 प्रतिशत अंक तेजी से बढ़ीं, क्योंकि आप जितने अधिक खुले होंगे, आप विचारों, बाजारों, प्रौद्योगिकियों और प्रबंधन नवाचारों के आज के विश्व नेटवर्क में उतने ही अधिक एकीकृत होंगे , समय के साथ दौड़ सकते हैं ।

इसी कारण देखिये ना , चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978- 79 में ही खोल दी। अपने ही देश में 1991 में विदेशी मुद्रा के लिए चंद्रशेखर सरकार ने सोना गिरवी रखा और उसके बाद आयी नरसिम्ह राव सरकार / मनमोहन सिंह को अर्थव्यवस्था खोलने पर मजबूर होना पड़ा ।

पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के धुर विरोधी मार्क्स महान वैज्ञानिक चिंतक थे, साम्यवाद के प्रवर्तक थे, विज्ञान की तरह बताया कि यह होगा फिर यह होगा और फिर क्रांति होगी, कहीं-कहीं हुई भी पर आज यहां तो सब उलट हो रहा है। हमारे देश के मार्क्सवादियों ने अपने देश से लिहाज़ से सिद्धांत खोजे नहीं, वे आज हर सवाल के जवाब के लिए मार्क्स को ताक रहे हैं और मार्क्स कब्र में हैं , निकलने को तैयार नही। समय और देश की मांग के मद्देनज़र उन्हें नए सिद्धांत गढ़ने होगे, धुर वाम से केंद्र की तरफ़ चलकर अपनी नई जगह बनानी और उसे मज़बूत करनी होगी।

**–फेसबुक वॉल से**

# जान है तो जहान है



डा . श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

**क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन न परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर , डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा ,पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं ।**

## स्वास्थ्य सुभाषित

जान है तो जहान है अर्थात जान बची रहेगी तो बाद में संसार का सारा आनन्द पुनः उठाया जा सकता है। मृत्यु के बाद सब कुछ व्यर्थ है। इसलिए जीवन सुरक्षित रखना सेहत दुरुस्त रखना हर व्यक्ति का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। हर आदमी को अपना खानपान ,रहन-सहन ऐसा रखना चाहिए जिससे उसकी सेहत ठीक–ठाक रहे। सेहत अच्छी रहे ।

**दृष्टांत :** कोविड महामारी के समय अधिकांश लोगों ने अपनी समस्त सार्वजनिक गतिविधियों को सीमित कर, यहां तक कि घर के बाहर निकलना, भीड़ भाड़ से बचना, स्वच्छता के नियमों का सख्ती से पालन करना, मास्क लगाना, परस्पर दूरी बनाए रखना आदि नियमों का पालन किया और उस संकट को पार किया। अपने को कोविड संक्रमण से बचाए रखने का पूरा प्रयास किया। टीका लगवाया। इन सबका प्रतिफल यह हुआ कि हमारे देश में कोविड की भयानकता अन्य देशों की अपेक्षा कम रही। कितने लोगों की जान बच गई।

इस संदर्भ में एक दूसरा अच्छा उदाहरण है उत्तरकाशी के सिलक्लायारा सुरंग दुर्घटना में फंसे 41 खनन मजदूरों का अपने जीवन को बचाने का सामूहिक प्रयास। उन सभी मजदूरों ने पत्थर की शिलाओं से रिसते जल से अपनी प्यास बुझाई, चिवड़े से भूख मिटाई तथा योगाभ्यास किया । यह सब तब तक करते रहे जब तक राहत प्रयास उन्हें बाहर निकालने में सफल हों सके। अपना जीवन बचाने का ऐसा साहसपूर्ण प्रयास विश्व इतिहास में एक कीर्तिमान स्तंभ है और ' जान है तो जहान है' का ज्वलंत उदाहरण है। जंक जहर है, जिगर कहर है। न खाये इसे/ न आएगी नैश की नौबत,न होगी हृदयाघात की आफत।

**व्याख्या :** नैश (NASH) अल्कोहल के अतिरिक्त जैसे जंक भोज्य पदार्थों के कारण जिगर में होने वाली सूजन / प्रदाह जो आगे चलकर भविष्य में सिरोसिस या यकृत कैंसर का रूप ले सकता है। जंक पदार्थों का दिल के ऊपर भी बुरा असर पड़ सकता है। आजकल युवकों में पाया जाने वाला दिल के दौरे का यह भी एक प्रमुख कारण है ।

**मांसाहार अनेक दोष / हृदय कैंसर जैव कुदोष।**

**व्याख्याः** मांसाहार विशेषतः लाल मांस खाने से दिल के दौरे की संभावना, बड़ी आंत का कैंसर तथा जैव विविधता (बायोडाइवर्सिटी) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब इस बात की साधिकारिक पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन, विकृति विज्ञानी और सिंगापुर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से प्रमाणित हो गई है । स्वास्थ्य की दृष्टि से शाकाहार सर्वोत्तम आहार है ।

**मोबाईल न असन, दिल घातक कुव्यसन**

(संकेत-असन-भोजन/खाना, दिलघातक- दिल को चोट पहुंचाने वाला/दिल को बीमार बनाने वाला, कुव्यसन- बुरी लत )

**व्याख्या :** मोबाईल को भोजन न समझे। उससे दिन -रात लिपटे न रहे। उसकी लत न लगाएं। लत की हद तक मोबाईल का प्रयोग आंखों की रोशनी पर असर डालेगा। गर्दन और कमर की हड्डियां झुक जाएंगी। सैर , व्यायाम या योग के लिए समय नहीं निकाल पाएंगें। इन सबका सम्मिलित कुफल यह होगा आपका पेट निकल आएगा। वजन बढ़ जाएगा। दिल पर बहुत बुरा असर पड़ेगा और कम उम्र में हृदयाघात (दिल के दौरे) की संभावना बढ़ जाएगी। किशोर-बच्चों को मोबाईल, लैपटॉप या टीवी सब मिलाकर दिन में दो घंटे से अधिक नहीं देखना चाहिए।

**साक्ष्य :** एसजीपीजीआई लखनऊ में किए गए एक शोध के अनुसार जो लोग दिन भर में 3 घंटे से अधिक मोबाईल का उपयोग करते हे उन्हें तोंद, बीपी, तथा शुगर की समस्या कम उम्र में सता सकती है।

**प्रकृतिस्थताः** क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। आजकल संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर,डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा, पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं उसके पीछे प्रकृतिस्थता का अभाव ही प्रमुख कारण है। जिसने अपने अंदर प्रकृतिस्थता का गुण विकसित कर लिया उसने इन तमाम बीमारियों पर सहज ही नियंत्रण प्राप्त कर लिया। इस संदर्भ में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन का एक प्रसंग बहुत ही अनुकरणीय है जिसकी चर्चा महाकवि तुलसी इस श्लोक में बहुत सुंदर तरीके से करते हैं: प्रसन्नतां या न गताभिषेकस्तथा/ न मम्ले वनवास दुःखतः। मुखाम्बुज श्रीरघुनंदनस्य में,सदास्तुसा मंजुल मंगलप्रदा।। (अयोध्याकांड श्लोक-२,श्रीरामचरितमानस) श्रीराम जनकपुर में विवाह के पश्चात अयोध्या लौट आते हैं और महाराज दशरथ गुरु वशिष्ठ से मंत्रणा के बाद उन्हें राज्याधिकार देने का सुनिश्चय करते हैं। राज्याभिषेक के तिथि की घोषणा हो जाती है। दूसरे दिन सवेरा होते-होते महारानी कैकेयी की कुमति और दुराग्रह के चलते उन्हे चौदह वर्ष वनवास की आज्ञा होती है जिसे राम 'कानन राजू ' समझ कर सहर्ष स्वीकार करते हैं। उनके चेहरे पर विषाद की एक रेखा भी नहीं उभरती। प्रस्तावित राज्याभिषेक के ठीक पहले वह हर्षोन्मत्त भी नहीं थे। ऐसा अद्भुत मानसिक संयम और संतुलन ही व्यक्ति को स्वस्थ और दीर्घायु दे सकता है। इसके विपरीति आजकल का धमाचौकड़ी पूर्ण जीवन केवल असंतोष और तनाव देता है जो अनेक असंक्रामक रोगों का सहज कारण बंनता है ।

**अभिवादनशीलताः** 'अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः। चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम्।। ' स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना करने वाले हर व्यक्ति को अपने से आयु में श्रेष्ठ हर प्राणी का उचित अभिवादन, उसका यथा संभव सेवा -सत्कार अवश्य करना चाहिए। ऐसे अभिवादनशील व्यक्ति की आयु, विद्या, कीर्ति और बल इन चारों में वृद्धि होती है। स्वस्थ और सफल जीवन जीने वाले अनेक लोगों का जीवन हमें हमेशा अभिवादनशील बने रहने की शिक्षा देता है ।

**हम दो हमारे दो :** 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।'मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने त्रेता युग के उस काल में सीमित परिवार– 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।' का ऐसा आदर्श रखा जो अब संपूर्ण विश्व को जनसंख्या विस्फोट से बचाने के लिए एक अनुकरणीय अपरिहार्यता बन गई है। ध्यातव्य है कि भारत सरकार ने बहुत वर्षों पहले अपरिमित बढ़ती हुई आबादी पर नियंत्रण पाने के लिए इस नारे की बहुत जोर शोर के साथ घोषणा की थी- 'हम दो हमारे दो'। पर हमारे मर्यादा पुरुषोत्तम तो इस बात का जीवंत उदाहरण हमारे सामने हजारों वर्ष पूर्व रख दिया था। स्वस्थ सामाजिक संरचना के लिए ऐसी संतति – संकल्पना शायद ही किसी अन्य ने प्रस्तुत किया हो।

## एक नजर

### हमले में घायल किसान ने तोड़ा दम

इटावा। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अंदावा के मजरा मड़ैया –अहिरान में हमले में घायल हुए किसान ने इलाज के दौरान मिनी पीजीआई सैफई में दम तोड़ दिया। दो दिन पूर्व किसान रामजीवन को गांव के ही नामजद लोगों ने कुल्हाड़ी से हमलाकर बुरी तरह से घायल कर दिया था। सैफई में इलाज के दौरान शनिवार की तड़के सुबह उनका निधन हो गया। मृतक के बड़े भाई सुखवीर की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी विनोद कुमार सहित उसके भाई रामवीर व चन्द्रवीर सिंह के खिलाफ मुक़दमा दर्ज कर सुरक्षा व्यवस्था हेतु घर पर फोर्स भी तैनात कर दिया है। मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा। थाना पुलिस द्वारा उक्त मुकदमे मे हत्या की धारा में तब्दील किया है। ग्राम प्रधान चरन सिंह यादव, सजंय यादव, इंद्रपाल सिंह यादव, हरनाम सिंह यादव आदि अंतिम संस्कार के समय मौजूद रहे।

### मुकदमा वापस लेने को धमकाया

इटावा। थाना जसवंतनगर में गांव मदनपुरा के महावीर सिंह ने शेषपाल यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है कि 15 मई 22 को इसने अपने भाइयों तथा अन्य साथियों के साथ मिलकर मुझ पर जानलेवा हमला करके गोली मारकर घायल कर दिया था। यह मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। इस मुकदमे को वापस लेने के लिये 21 फरवरी को कचहरी में गालीगलौज करते हुए धमकाया उस दिन वह पुलिस होने से बच गया। अब जसवंतनगर बाजार में दुकान पर सरेआम मुकदमा वापस लेने के लिए धमकाते हुए तमाचा मार दिया। जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

### आग लगने से गृहस्थी राख

भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक झोपड़ी व घर के कमरे में लगी आग से भूसा, अनाज सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।
ग्राम बदरियापूठ (बाहरपुर) में श्रीकान्ती के घर के अगले हिस्से में रखी झोपड़ी व झोपडी में रखा अनाज एकाएक धू–धूकर जलने लगा। पड़ोस में बने देवर अनिल कुमार के कमरे से धुंआ उठने लगा। पुलिस को घटना से अवगत कराते हुए लोगों ने फायर ब्रिगेड को मौके पर बुला लिया। अग्निकाण्ड में कई कुन्तल भूसा, 10 क्विंटल गेहूं, 3 क्विंटल धान सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

### शैक्षिक टूर हुआ रवाना

महेवा, इटावा। ब्लॉक क्षेत्र महेवा के अन्तर्गत सराय नरोत्तम स्थित अवध इंटरनेशनल एकेडमी का एक दिवसीय शैक्षणिक टूर स्कूल परिसर से रवाना हुआ। चेयरमैन आरडी त्रिपाठी के निर्देशानुसार व प्रधानाचार्य डॉ. ज्योति दुल्हानी के नेतृत्व में शैक्षिक टूर लखनऊ के लिए रवाना हुआ। कॉलेज की प्रधानाचार्य ने हरी झंडी दिखा कर टूर को रवाना किया। कहा कि भ्रमण भी शिक्षा का एक भाग है। जिन चीजों को व स्थलों को हम घूमकर देखते हैं, उन्हें सदैव याद रखा जाता है।

### एसएसआई मनोज धामा के स्थानांतरण पर दी विदाई

जसवंतनगर, इटावा। कोतवाली में तैनात रहे एसएसआई मनोज धामा का स्थानांतरण बरेली होने पर उनके साथी कर्मचारियों ने उन्हें विदाई दी है। प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने कहा कि पुलिस विभाग में स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है। एसएसआई मनोज धामा ऐसे अधिकारी थे जिन्होंने मेहनत कर फरियादियों की सहायता करने में अपनी तत्परता दिखाई। इस अवसर पर क्राइम इंस्पेक्टर रमेश कुमार, सिटी इंचार्ज इमरान फरीद, मंडी चौकी प्रभारी संत कुमार, उपनिरीक्षक कमल किशोर शर्मा के अलावा कोतवाली में तैनात लगभग सभी पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, विवाहिता की मौत

## सैफई जसवंतनगर मार्ग पर हुआ हादसा, पांच लोग हुए घायल, घर में मचा कोहराम

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** सैफई जसवंतनगर मार्ग पर शनिवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर लगने के बाद कार पेड़ से टकरा गई, जिससे कार में सवार नव विवाहिता की मौत हो गई। पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी होने पर दो घरों में कोहराम मच गया।


नूर हाशमी बेगम।

थाना क्षेत्र में गांव लरखौर में रहने वाले अजरुद्दीन (26) अपनी पत्नी नूर हाशिमी बेगम (22) के साथ शनिवार रात दस बजे अपने जीजा, दिवन्नपुर जनपद मैनपुरी निवासी मुनीश खान (24), बहन यासमीन बेगम (23) भांजी इनायत बानो (04) तथा दो साल के भांजा आहिल खां को कार से गांव लरखौर से सैफई चौराहा पर छोड़ने के लिए आ रहा था।

उपरोक्त मार्ग पर गांव पठा पुलिया के पास सैफई की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने कार में टक्कर मार दी। जिससे अनियंत्रित होकर कार सड़क के किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई जिसमें पत्नी नूर हाशिमी बेगम की मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने सभी घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया।


हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार। अमृत विचार

### मृतका की तीन माह पहले हुई थी शादी

- मृतका नूर हाशमी बेगम की अजरूद्दीन के साथ तीन महीने पहले शादी हुई थी। सड़क हादसे में उसकी मौत होने पर दो घरों में मातम पसर गया, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। कानूनी प्रक्रिया के तहत प्रशासनिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया।

### कंटेनर की टक्कर से तीन किशोरियां घायल

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर सरायभूपत रेलवे फाटक के समीप नगला रामफल पोस्ट राजा के बाग के रहने वाले भुवनेश की पुत्री दिव्या, जानवी और मनोज की पुत्री राधिका गांव के ही लोगों के साथ निमंत्रण खाने जा रही थी। सड़क पार करने के दौरान तेजरफ्तार कंटेनर ने मार टक्कर दी, जिसमें तीनों किशोरिया गम्भीर रूप से घायल हो गयीं। घायल हुई किशोरियों को निजी वाहन से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर ऑन ड्यूटी डॉक्टर श्याम मोहन यादव ने जानवी व राधिका की स्थिति को गंभीर देखते हुए सैफई पीजीआई के लिए रेफर कर दिया।

### मां कालिका माता मंदिर में चोरी से फैली सनसनी

ऊसराहार, इटावा। थाना के समीप कालिका माता मंदिर में शनिवार की रात चोरों ने माता का चांदी का मुकट व रुपयों से भरा दानपात्र चुराकर सनसनी फैला दी।

कस्बा ऊसराहार में थाने के समीप कालिका माता मंदिर से चोरी की जानकारी हुई तो रविवार सुबह काफी संख्या में भक्त मौके पर पहुंच गए। सूचना पर थाना प्रभारी बेंचन सिंह फोर्स सहित आए, व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल कौशल, रवि चक्रवर्ती, अरविंद गुप्ता, रवी प्रताप सिंह आदि ने पुलिस को जानकारी दी। थाना प्रभारी ने थाने में लगे कैमरे में चोरों की हलचल देखकर बताया कि दो चोर 12.40 बजे मंदिर मे घुसे है और 12.50 बजे निकल गए। पुजारी अवनीश मिश्रा ने बताया कि चोरों ने मंदिर मे माता का चांदी का मुकट व क्षत्र, कटोरी व दान पात्र चुरा ले गए। दानपात्र को साल में एक बार ही चैत्र नवरात्र में खोला जाता है इसमें काफी धन था। थाना प्रभारी ने माता के लिए चांदी का मुकट चांदी का क्षत्र व चांदी के बर्तन भेंट किए और कहा जल्द ही चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया।

# सत्र शुरू होने से पहले ही आ गईं किताबें

कार्यालय संवाददाता, इटावा।

**अमृत विचार।** सरकारी स्कूलों में कक्षा 8 तक की पढ़ाई करने वाले छात्रों को इस साल पाठ्य पुस्तकों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इस साल नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही छात्रों के हाथों में किताबें पहुंच जाएंगी। इसकी वजह यह है कि इस साल सत्र शुरू होने से दो महीने पहले ही निःशुल्क वितरण वाली किताबें जिला मुख्यालय पर पहुंच गई। जिले में कक्षा 3 से 8 के लिए कुल 9,75,975 के सापेक्ष 5,11,369 पाठ्य पुस्तकें मुख्यालय पहुंच गई हैं।

छात्रों को निशुल्क दी जाने वाली किताबों को जिला मुख्यालय पर पहुंचने के बाद डॉयट परिसर में सुरक्षित रखा गया है। छात्रों को वितरित करने के लिए जो किताबें पहुंची है उन किताबों का जिले के अधिकारी सत्यापन कर रहे हैं। इस कार्य के लिए डीएम अवनीश राय द्वारा नामित अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, उपायुक्त मनरेगा सूरज सिंह ने सत्यापन किया। इस समिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय उदय सिंह राज, प्रवक्ता डॉयट आदर्श तिवारी ने भी सत्यापन किया। इस संबंध में जिला समन्वयक मनोज धाकरे ने बताया है कि सत्यापन के बाद अब अति शीघ्र आपूर्ति की गई किताबों को बीआरसी के माध्यम से विद्यालयों में पहुंचा दिया जाएगा। यह किताबें शैक्षिक सत्र 2024-25 के शुरू होते ही बच्चों को वितरित की जायेंगी।


किताबों का सत्यापन करते बीएसए राजेश कुमार व जिला समन्वयक मनोज धाकरे। अमृत विचार



बैठक में भाग लेते डॉ. सुशील सम्राट एवं अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

# परशुराम सेवा समिति संस्कारशाला का आयोजन करेगी : दीक्षित

संवाददाता इकदिल, इटावा।

**अमृम विचार।** परशुराम सेवा समिति की बैठक समिति के प्रदेश संगठन मंत्री राहुल प्रकाश दीक्षित के आवास पर हुई। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि परशुराम सेवा समिति संस्कारशाला का आयोजन करेगी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने कहा कि समिति की प्रदेश, जिला व नगर कमेटियों का शीघ्र ही पुनर्गठन किया जायेगा। निष्क्रिय पदाधिकारियों को पद मुक्त करके सक्रिय पदाधिकारियों को जोड़ा जायेगा। इसके अलावा परशुराम जन्मोत्सव, सामाजिक कार्य, वरिष्ठ नागरिक सम्मान, पौधरोपण कराना आदि आगामी की रूपरेखा तय हुई।

बैठक में प्रमुख रूप से महामंत्री जयशिव मिश्रा, मेजर पांडेय, बृजेश मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र देव दुबे, राहुल प्रकाश दीक्षित, रोहित चौधरी, अनुभव पांडेय आदि रहे।

### दंबगों ने चाचा भतीजे को किया लहूलुहान

इकदिल, इटावा। थाना क्षेत्र के गांव कुंवरभटपुर के रहने वाले खेत मालिक योगेंद्र मिश्रा ने मारपीट व जानलेवा हमले का आरोप लगाते थाने में तहरीर देकर गांव के नामजद चार भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें कहा गया है कि शनिवार शाम के समय गांव का पड़ोसी उनके खेत में पशुओं के लिए तैयार की कई बरसिम को चोरी से काट रहे थे। तभी खेत मालिक के चाचा खेत पर पहुंच गए। बरसीम काट रहे युवकों को रोका तो गालियां देने लगे उसके बाद चाचा पर दंबगों ने हमला कर दिया। चाचा को पिटते देख युवक भी दौड़ कर पंहुचा तभी दबंगों ने धारदार हथियार से हमला कर दोनों को लहूलुहान कर दिया। और हमलावर मौके भाग गए।

# नारी शक्ति फिर से मोदी को बनाएगी पीएम : संजीव

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहें शक्ति वंदन अभियान के तहत भाजपा ने सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में एनजीओ सम्मेलन आयोजित किया। जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि आधी आबादी का नेतृत्व कर रही मातृ शक्ति का आशीर्वाद हमेशा से भाजपा को मिलता रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी नारी शक्ति वैश्विक नेता नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को साकार करेगी।

उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास के मजबूत इरादे से सत्ता में आई भाजपा सरकार ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त करने के लिए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल पास किया। कार्यक्रम में अभियान जिला सह-संयोजक राहुल राजपूत, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, कार्यक्रम संयोजक मनीषा शुक्ला, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कृपा नारायण तिवारी, मानवी मिश्र, राधा पाल, सीमा सिंह, गुड्डी बाजपेई मौजूद रहीं।

**मोदी के मिशन व लक्ष्य हमारे हथियार : शर्मा:** लोकसभा चुनाव में भरथना विधानसभा पर बड़े मतों से विजय प्राप्त करने के लिए विधानसभा संचालन समिति की प्रथम बैठक बकेवर के राधे उत्सव गार्डन में हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि भरथना विधानसभा के परिणाम आप सभी के कठिन परिश्रम के बलबूते ही लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। विधानसभा के संयोजक गोपाल मोहन शर्मा ने कहा कि संचालन समिति की बैठक युद्ध मैदान में विजय श्री प्राप्त करने के लिए महारथी के रूप में मौजूद हैं। मोदी के मिशन व लक्ष्य हमारे हथियार है। योगी जी की कानून व्यवस्था हमारी शक्ति है। विधानसभा प्रभारी राम लखन ने भी कहा कि हम सब अपनी कार्य कुशलता से लोकसभा के अंदर प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे। संचालन समिति का संचालन शिवाकांत चौधरी ने किया। इस अवसर पर हरनाथ सिंह कुशवाह, ममता कुशवाहा, प्रभाकर गुप्ता, अवधेश चतुर्वेदी, उदयवीर दोहरे, प्रदीप तिवारी, सुशील राजपूत, राजेश तिवारी, बृजेश शर्मा, सहित संचालन समिति के सभी अपेक्षित प्रतिनिधि गण मौजूद रहे।



शक्ति वंदन अभियान के कार्यक्रम को संबोधित करते संजीव चौहान।

# एक्सप्रेस वे का हब बन गया है इटावा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान इस क्षेत्र की जनता ने मार्ग के निर्माण के लिए पुरजोर मांग की थी जिसके फलस्वरूप मुख्यमंत्री त्वरित योजना के तहत 54 लाख की लागत से 530 मीटर लंबी सड़क निर्मित कर जनता को समर्पित की गई है। भाजपा सरकार में इटावा एक्सप्रेस-वे का हब बन चुका है।

प्रदीप दुबे स्मृति मार्ग का लोकार्पण करते हुए सदर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार के मुखिया सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा सपा का गढ़ होने के बावजूद इटावा के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कटौती नहीं कि गई है। शमशान घाट पर भी कुछ कार्य स्वीकृत करवाए गए हैं जो अगले चरण में शुरू होंगे, जिनमें इलेक्ट्रिक शवदाहगृह और यमुना घाट का सौंदर्यीकरण शामिल है। पूर्व सांसद, विधायक रघुराज सिंह शाक्य, करनपुरा वार्ड सभासद प्रतिनिधि सागर प्रदीप दुबे, विकास भदौरिया, विनीत पांडेय, अशोक चौहान, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, राजेंद्र वर्मा, पारस दुबे, जीत दुबे एडवोकेट, रमेश बाथम पूर्व सभासद, दिनेश सक्सेना, दिव्यांशु, मयंक सक्सेना मौजूद रहे।



सड़क का लोकार्पण करतीं सदर विधायक सरिता भदौरिया। अमृत विचार

# बीएसए ने शिक्षक नेताओं को दिया आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** विशिष्ट बीटीसी 2007 एवं उर्दू बीटीसी के शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रतिनिधि मंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार से चयन वेतनमान के संबंध में वार्ता की। अगस्त 2013 से अद्यतन जिन लोगों की सेवाकाल के 10 वर्ष पूर्ण हो चुके है। उनका चयन वेतनमान लगना है, लगातार प्रतिनिधि मंडल बीएसए से आग्रह कर रहा है लेकिन अभी तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला था। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि आप लोगों का मामला संज्ञान में है कार्यवाही गतिमान है। संबंधित लिपिक विनय राठौर ने इस बात की पुष्टि की कि अतिशीघ्र बैठक कर पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी जायेगी।

अन्य औपचारिकता पूर्ण कर ली गई है बिना किसी सिफारिश या रिश्वत के सभी लाभार्थियों को इसका लाभ इसी माह मिल जायेगा। प्रतिनधि मण्डल में राजेश जादौन, मुकेश यादव, रईश अहमद, अरुण पांडेय, राघवेंद्र मौर्य, विनोद राजपूत, अवधेश राठौर, मोहम्मद हसन, सलीम, मोहम्मद कासिफ, सतेंद्र कुमार, शिववीर सिंह, साकेत गुप्ता, विवेक गुप्ता, कुलदीप, कमल, अतहर हुसैन, उमेश कुमार, हरेंद्र कुमार, रश्मि, राहुल कुमार, राजेश कुमार, आकिल रशीद सहित कई शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप


मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

### चिकित्सीय शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़

बकेवर, इटावा। कस्बे के औरैया रोड पर डॉ बृजेश यादव के नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श शिविर में भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने इस शिविर का भरपूर लाभ उठाया। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि निर्धारित समय से लगभग एक घंटे ज्यादा तक चिकित्सकों को मरीजों को देखना पड़ा। शिविर में रीजेंसी हास्पिटल कानपुर के कैंसर स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ जितिन यादव व न्यूरो विशेषज्ञ डॉ अभिजीत सचान ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको परामर्श दिया। शिविर में मरीजों का तांता लगा रहा। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. जितिन ने बताया कि कैंसर से बचाव के लिए स्वस्थ और संतुलित आहार का सेवन करना चाहिए। हरी सब्जियां और फल जिनमें एंटीऑक्सीडेंट की उचित मात्रा पाई जाती है इसका सेवन करने से कैंसर से बचाव में मदद मिलती है। इसके अलावा रेड मीट और अल्कोहल का अधिक सेवन लिवर, कोलोरेक्टल और ब्रेस्ट कैंसर का कारण माना जाता है, इसका अधिक सेवन से बचना चाहिए। इस मौके पर डॉ बृजेश यादव, सुधीर शुक्ला, राधाकिशन यादव, नितिन, संदीप पाल उपस्थित रहे।

### जेल वाले सैयद बाबा का सालाना उर्स 27 व 28 को

इटावा। स्व. बशीर अहमद नियाजी मेवाती टोला द्वारा स्थापित हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा का सालाना 52 वां उर्स मुबारक इस वर्ष भी 27 व 28 फरवरी को पूरी शानो शौकत और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। दरगाह हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी जिम्मी बशीर व सेकेट्री इख्तियार अहमद मोनू बशीर ने जानकारी देते हुए बताया कि सालाना उर्स मुबारक सैयद एजाज हुसैन, हाफिज मोहम्द अहमद चिश्ती, हाफिज फैजान चिश्ती के संचालन में आयोजित होगा। उर्स में सलीम झंकार कव्वाल ग्वालियर, अल्ताफ हसन कव्वाल झांसी, मतलूब नियाजी कव्वाल शमशाबाद फर्रुखाबाद महफिले समां में कलाम पेश करेंगे। उर्स के दौरान लंगर की भी व्यवस्था रहेगी। दरगाह हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी जिम्मी बशीर व सेकेट्ररी इख्तियार अहमद मोनू बशीर, पप्पू बशीर, सोनू बशीर ने जनपद वासियों और श्रद्धालुओं से उर्स में भाग लेने की अपील की है।


उर्स की जानकारी देते मोनू बशीर।

### कुंडलपुर बड़े बाबा के आदिनाथ विधान का आयोजन

इटावा। श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर नशियां जी में परम पूज्य राष्ट्र गणाधिपति संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज की समाधि महोत्सव के अवसर पर कुंडलपुर के बड़े बाबा श्री आदिनाथ भगवान महामंडल विधान का आयोजन किया गया। प्रात:काल श्रीजी का अभिषेक एंव शांतिधारा निर्देशन प्रतिष्ठाचार्य पं मनीष जैन शास्त्री मुखविंद की गई। इंद्र बनकर पुजारियों ने पीलेवस्त्र पहनकर श्रीजी का अभिषेक किया। इसके उपरांत संगीत के साथ विधान प्रारंभ किया गया सभी भक्त भगवान की भक्ति मे झूम उठे। तपश्चात आचार्य भगवन को सभी श्रद्धालुओं ने विनयांजलि अर्पित की श्रीफल चढ़ाकर अपने भाव को प्रकट किये।

**अभियान** — कार्यक्रम की अध्यक्षता मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष सुनील यादव ने की, एक दिवसीय रहा कार्यक्रम

# सपा मजदूर सभा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ की भूख हड़ताल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** भाजपा सरकार में बेतहाशा महंगाई, भ्रष्टाचार, सरकारी संस्थाओं के निजीकरण निगमीकरण, बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के संविधान में दिए गए आरक्षण को खत्म करने की साजिश के विरोध में समाजवादी पार्टी मजदूर सभा की ओर से एक दिवसीय भूख हड़ताल का कार्यक्रम पार्टी कार्यालय पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राहुल निगम वारसी और पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया पधारे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष सुनील यादव ने की।

मजदूर सभा के राष्ट्रीय नेता राहुल निगम ने प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। आने वाले लोकसभा चुनाव में इस सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। कार्यक्रम को पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, उपदेश मिश्रा, अवधेश सविता, वरिष्ठ सपा नेता केके यादव, मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, सतीश सविता, राकेश राजपूत, अरविंद राजपूत, अखिलेश सविता, अभिषेक यादव सुखबीर सिंह यादव, शहर अध्यक्ष अब्दुल महबूब अंसारी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव नोमान आलम आदि ने विस्तार से विचार रखें। भरथना चौराहा निवासी अंजू यादव को मजदूर सभा की राष्ट्रीय कार्य समिति में राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया।



सपा मजदूर सभा के पदाधिकारियों का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### दरोगा की गिरफ्तारी को लेकर भूख हड़ताल पर बैठा पत्रकार

इटावा। पूर्व में इटावा जिले में यातयात प्रभारी के पद पर तैनात रहे राज कुमार शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी एवं सरकारी धन के गबन का मामला सिविल लाइन थाने में दर्ज हो चुका है। पुलिस ने अभी तक उसे गिरफ्तार नहीं किया है। उसकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर पत्रकार प्रमोद दीक्षित ने सिविल लाइन थाने के बाहर बैठकर भूख हड़ताल शुरू कर दी है। भूख हड़ताल पर बैठे प्रमोद दीक्षित ने बताया कि तत्कालीन यातायात प्रभारी ने फर्जी समन शुल्क की किताब छपवाकर लाखों रुपये का भ्रष्टाचार किया था। इसकी शिकायत की गई तो अधिकारियों ने जांच की, जिसमें मामला सही पाया गया। उसके बाद भी अधिकारी दरोगा राज कुमार शर्मा पर करवाई करने से कतराते रहे। बाद में सिविल लाइन थाने में दरोगा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। मामला दर्ज होने के बाद भी दरोगा की गिरफ्तारी नहीं की गई। आरोप है कोई मामला आने पर पुलिस पहले लोगों की गिरफ्तारी कर लेती है बाद में मामला दर्ज किया जाता है। लेकिन मामला दर्ज होने के बाद भी दरोगा की गिरफ्तारी नहीं की गई। कानून सबके लिए बराबर है जब तक दरोगा की गिरफ्तारी नही होती वह भूख हड़ताल पर बैठे रहेंगे।



अनशन पर बैठे प्रमोद दीक्षित।

### दो और गांजा तस्कर धरे गये

इटावा। एक दिन पहले ऑटो सहित गांजा तस्कर पकड़ा गया था। जिस पर सवा लाख रुपये की कीमत का गांजा बरामद हुआ था। शनिवार की रात पुलिस देखकर भागे दो गांजा तस्कर पुलिस के हाथ आ गए। दोनों से 55 हजार रुपये की कीमत का गांजा बरामद हुआ। दोनों ने शहर में गांजा तस्करों के नेटवर्क की जानकारी दी जिसपर पुलिस सक्रिय हो गई है। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह क्षेत्र में सेंगुर नदी पुल पर फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था में चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी बीच दो लोग पुलिस देखकर भागने लगे तो पुलिस ने पीछा करदोनों को पकड़ लिया। एक थाना बकेवर के गांव बेरीखेड़ा का भारत सिंह कुशवाहा और दूसरा ने थाना इकदिल का जितेंद्र है। दोनों से दो किलो 350 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

# देश के लिये नरेंद्र मोदी ही जरूरी: सुब्रत पाठक

## सांसद ने जनता के बीच लगाई जन चौपाल, गांव चलो अभियान के तहत लाभार्थियों से किया संवाद, लोगों को दी योजनाओं की जानकारी

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने गांव चलो अभियान की शुरुआत की है। अभियान के तहत रविवार को कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक ने बिधूना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा रामगढ हरचंदपुर में जन चौपाल का आयोजन किया। जिसके कन्नौज सांसद का भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान सांसद ने जनचौपाल में स्थानीय ग्रामीणों की समस्या को बारीकी से समझा। सांसद को अपने बीच पाकर ग्राम वासी भी बेहद खुश नजर आए। इस दौरान सांसद ने ग्राम वासियों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से भी संवाद किया और उन्होंने कहा कि देश के लिय मोदी ही जरूरी। चौपाल को सांसद प्रतिनिधि रिया शाक्य ,ब्लाक प्रमुख अछल्दा शरद राणा, बिधूना विधान सभा सयोजक वासुदेव प्रजापति ने जन चौपाल को सम्बोधित किया। कार्यकम के संयोजक अनिरुद्ध प्रताप सिंह व उनके पुत्र क्षेत्र पंचायत सदस्य राज्य वर्धन सिंह ने मुख्य अतिथि व सांसद प्रतिनिधि सहित ब्लाक प्रमुख शरद राणा को प्रतीक चिह्न भेंट कर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे ,जिला पंचायत सदय भरत खन्ना, सतीश दुबे, अरुण प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान उदयभान सिंह जादौन, प्रवीण कुमार शर्मा, लल्ला शर्मा, संजीव पांडेय, विजय सेंगर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। वहीं कन्नौज सांसद ने जन चौपाल के बाद दखनाई गांव में चल रही बौद्ध कथा एवं कन्हों गांव में लाभार्थियों से जनसंवाद किया।



कस्बा रामगढ़ में जनता से सीधा संवाद करते सांसद सुब्रत पाठक। अमृत विचार

### पाता ओवरब्रिज का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री

**फफूंद, औरैया।** क्षेत्र के पाता ओवर ब्रिज का 26 फरवरी को प्रधानमंत्री लोकार्पण करेंगे। जिसको लेकर स्टेशन अधीक्षक ने तैयारियां शुरू करा दी हैं। कार्यक्रम स्थल के मैदान का समतलीकरण और साफ-सफाई के साथ ही टेंट और एलईडी भी लगाई जा रही है। जिसके द्वारा प्रधानमंत्री क्षेत्र की जनता को भी संबोधित करने के साथ ही उनसे वर्चुअल संवाद भी करेंगे। क्षेत्र के औरैया-बिधूना मार्ग पर स्थित पाता रेलवे स्टेशन क्रॉसिंग पर जाम की समस्या से लोग जूझ रहे थे। जिसको लेकर केंद्र सरकार ने तीन वर्ष पूर्व रेलवे और ब्रिज कॉरपोरेशन द्वारा लगभग 35 करोड़ की लागत से गांव बनके पुरवा से लेकर गांव राजा का पुरवा तक ओवर ब्रिज का निर्माण शुरू कराया था, जो अब बनकर तैयार हो चुका है। 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ओवरब्रिज का लोकार्पण करके देश को समर्पित करेंगे और क्षेत्र के लोगों से वर्चुअल संवाद भी करेंगे। बनके पुरवा में गेट नंबर 11 के पास लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसकी तैयारी के लिए शनिवार को पाता के स्टेशन अधीक्षक इंद्रसेन की देख रेख में मैदान का समतलीकरण और साफ सफाई कराने के साथ ही वहां टेंट और एलईडी लगवाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। स्टेशन अधीक्षक ने बताया की लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सांसद, विधायक और ग्राम प्रधानों के साथ साथ क्षेत्रीय गांव की जनता से आने को कहा है।

# मोदी को फिर से पीएम बनाने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर औरैया सदर विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में व दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक दिबियापुर नगर में हुई। कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

इटावा लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी, लोकसभा संयोजक रजनीश पांडेय, लोकसभा सह प्रभारी बालक्र दास, लोकसभा सह संयोजक राकेश पाल, लोकसभा विस्तारक अतुल मिश्रा, जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री राम मिश्रा, औरैया विधानसभा प्रभारी शिववीर सिंह भदौरिया, दिबियापुर विधानसभा प्रभारी महेन्द्र मिश्रा, दिबियापुर विधानसभा संयोजक सरनाम शाक्य, नगर पंचायत अध्यक्ष दिबियापुर राघव मिश्रा, जिला महामंत्री कौशल राजपूत, जिला उपाध्यक्ष प्रेम गुप्ता ने कहा कि औरैया एवं दिबियापुर विधानसभा जिताने की जिम्मेदारी आप जैसे कर्मठ मेहनती एवं जुझारू कार्यकर्ताओं पर है। आप सभी को चुनाव के निमित्त जो भी जिम्मेदारी मिली है। उसका पूरी निष्ठा एवं मेहनत के साथ निर्वहन करें और लोकसभा चुनाव जिताकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान दें। विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति बैठक को मुख्य अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से जन-संपर्क करके उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करवाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर औरैया विस्तारक कुलदीप गुप्ता, दिबियापुर विस्तारक शिव प्रताप सिंह परमार, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री खुशबू पांडेय, जिला उपाध्यक्ष अनंग पाल सिंह तोमर, आशाराम राजपूत, अवधेश शुक्ला, राहुल गुप्ता, यशवीर आदि रहे।



बैठक के दौरान चर्चा करते भाजपाई। अमृत विचार

# टेल तक नहीं पहुंच रहा पानी, गेहूं की सिंचाई अधूरी

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** भाग्यनगर ब्लाक के मंगलपुर रजवाहा माइनरों में टेल तक पानी न पहुंचने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। कई माइनरों की तो सफाई तक नहीं कराई गई। पानी के अभाव में गेहूं में सिंचाई नहीं हो पा रही है। जल्द पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा गया तो किसानों को संकट का सामना करना पड़ेगा। लेकिन, अधिकांश माइनरों में टेल तक पानी नहीं पहुंचने से संकट बढ़ने लगा है। इससे गेहूं और मौसमी सब्जी की सिंचाई नहीं हो पा रही है।

भाग्यनगर ब्लाक के माइनर से जुड़े दर्जनों गांवों के किसानों की उम्मीदों पर सिंचाई विभाग पानी फेर रहा है। सुखमपुर, मंगलपुर माइनर का पानी टेल तक न पहुंचने से किसानों की गेहूं की सिंचाई अधूरी पड़ी है, जिससे किसान परेशान हैं। अभी तक हुई हल्की फुल्की वर्षा के कारण गेहूं की फसल को पानी की आवश्यकता नहीं पड़ी। लेकिन, अब गेहूं की फसल को पानी की जरूरत है। ऐसे में बंबा में पानी कम आने से किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि यदि यही हाल रहा तो उनके सामने खाद्यान्न का संकट उत्पन्न हो जाएगा। वह अपना और अपने परिवार का पेट कैसे भरेंगे। बंबा के किनारे के खेतों के लिए सिंचाई के साधन उपलब्ध न होने के कारण किसानों को अपनी फसल बर्बाद होने का डर लगने लगा है। वहीं, लाहा की फसल कटने के बाद मूंग की बोआई करने के लिए किसानों को पलेवा की आवश्यकता है। ऐसे में नहरों का पानी न मिल पाने के कारण मूंग की बोआई भी प्रभावित होने की आशंका है। किसान राम सिंह, राजू कुमार, सीके शुक्ला, विजय सिंह अरविन्द कुमार का कहना है कि माइनर में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा गया, जिससे गेहूं की सिंचाई प्रभावित हो रही है। इस संबंध में विभाग के जेई मनीष कुमार ने बताया जल्द ही माइनरों में ज्यादा पानी छोड़ा जायेगा।



माइनर में सफाई न होने के कारण फैली गंदगी। अमृत विचार



पुलिस की गिरफत में पकड़े गये आरोपी। अमृत विचार

# तीन शातिर टप्पेबाज पुलिस के हत्थे चढ़े

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** एक महिला को तांत्रिकों के भेष में आये तीन टप्पेबाजों ने अपना शिकार बना लिया था। पुलिस ने रविवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है ।

दो फरवरी की सांय कस्बे के नवीन बस्ती भरथना रोड निवासी कुसुमा देवी पत्नी सुरेश सिंह से टप्पेबाजों ने लगभग 17 लाख रुपये के जेवरात और दो लाख रुपये नकद ठग लिए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सीसीटीवी खंगाले और टप्पेबाजों की पहचान में जुट गई थी। कस्बे के भरथना रोड बिधूना में उप निरीक्षक सुरेश सिंह का मकान है। सुरेश सिंह की पत्नी कुसुमा देवी घर पर थी। तभी दो बाइक सवार तांत्रिक कुसुमा देवी के पास आये और उन्हें झांसे में लेकर घर के सभी जेवरात मंगवा लिये। कुछ देर बाद उन्होंने कुसुमा देवी को मौरंग मिट्टी से भरा कागज का रोल पकड़ा दिया और रफूचक्कर हो गये। उनके जाने के बाद जैसे ही महिला ने पोटली खोलकर देखी तो सोने चांदी के जेवरात और रुपये की जगह मौरंग मिट्टी आदि देखकर उनके होश उड़ गए। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीकेश भारती कस्बा इंस्पेक्टर क्राइम भूपेंद्र सिंह चौहान, कस्बा प्रभारी विनोद कुमार सिंह कठेरिया मौके पर पहुंच गए। रविवार को कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक कस्बा प्रभारी विनोद कुमार की टीम ने नवीन तहसील के पास से रफाकत पुत्र नत्थूदीन निवासी ठन्डा नाला गूलर भोज थाना गदरपुर जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड) , मोहम्मद अजीज पुत्र नत्थूदीन निवासी ठन्डा नाला गूलर भोज थाना गदरपुर जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड) , मोहम्मद रफीक पुत्र नत्थूदीन निवासी ठन्डा नाला गूलर भोज थाना गदरपुर जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड) को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया ।

# अंत्येष्टि स्थलों का कराया समतलीकरण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- यमुना तट की तमाम समस्याओं से जूझ रहे लोग

**अमृत विचार।** एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा रविवार को बदहाल पड़े गड्ढों में तब्दील यमुना तट पर स्थित अंत्येष्टि स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही यमुना तट के सौंदर्यीकरण के अंतर्गत नगर पालिका परिषद के सहयोग से जेसीबी मशीन द्वारा शमशान घाट का समतलीकरण कराया गया। इसके बाद यमुना तट पर स्थित राम झरोखा में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सुनील कुमार अवस्थी ने की।

बैठक में यमुना तट से संबंधित समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता ने बताया कि यमुना नदी में आई बाढ़ के उपरांत प्रतिवर्ष शमशान घाट पर काफी लंबी दूरी तक मिट्टी का कटान हो जाता है। जिससे अंत्येष्टि स्थल बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो जाता है। वहां पर लोगों को अपने परिजनों की अंत्येष्टि करने में काफी असुविधा हो रही थी। मृत्यु अटल सत्य यह सभी को स्वीकार करना पड़ेगा, देखी जमाने की यारी, सबको जाना बारी-बारी, उन्होंने बताया कि यमुना तट पर औरैया शहर व आसपास ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग दस अंत्येष्टियों के साथ हजारों लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है। समतल व स्वच्छ श्मशान घाट होने पर लोगों को अपने परिजनों की अंत्येष्टि करने में सहूलियत मिल सकेगी। बैठक में यमुना नदी में अनवरत गिर रहे गंदे नालों की रोकथाम, जानलेवा विश्रांत का जीर्णोद्धार, ऊपर नगर पालिका परिषद द्वारा निर्मित अंत्येष्टि स्थल में ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए अंत्येष्टि में आए लोगों हेतु प्रांगण में पंखों व पीने के ठंडे पानी हेतु वाटर कूलर की व्यवस्था, अंत्येष्टि स्थल की पैमाइश आदि जनहित की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। समिति के संस्थापक ने बताया कि जो दानवीर अपने स्मृतिशेष बुजुर्गों की स्मृति में अंत्येष्टि स्थलों का रंग-रोगन, पंखे या वाटर कूलर लगवाना चाहते हैं। उनका हृदय से स्वागत है। कार्यक्रम के समापन पर नगर पालिका परिषद की जेसीबी के चालक जीतू पाल व श्मशान घाट की प्रतिदिन सफाई करने वाले सफाई कर्मी रज्जन बाल्मीक, रामप्रसाद बाल्मीक व अजय बाल्मीक का समिति के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बैंक से सेवानिवृत शेखर गुप्ता, तेज बहादुर वर्मा, योगेश गुप्ता, देवेंद्र आर्य, दिनेश चंद्र शिवहरे, संतोष कुशवाहा, सुनील अवस्थी, हिमांशु दुबे, सतीश पोरवाल आदि रहे।



यमुना तट पर सफाई करते नगर पालिकाकर्मी। अमृत विचार

## प्रतिभागियों का सम्मान कल

**औरैया।** जनपद में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर परिवहन विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से सड़क सुरक्षा विषय पर वृहद मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया था। जिसके लिए प्रदेश स्तर पर पुरस्कार हेतु रायबरेली, इटावा एवं औरैया जनपदों का चयन किया गया है। तीन जनपदों के जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक 27 फरवरी को आयोजित समारोह कार्यक्रम में सम्मानित करेंगे।

# घर में घुसकर की मारपीट व छेड़खानी

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव भीखेपुर निवासी सरोज कुमारी पत्नी कृपाल सिंह ने थाने में दिये शिकायती पत्र में बताया कि 22 फरवरी को वह परिवार के साथ बरामदे में सोई थी। पति भागवत में निमन्त्रण खाने के लिये ग्राम रामपुर वैश्य गये थे। जेठानी घर के अन्दर एवं जेठ प्रेम सिंह दूसरी मंजिल पर सोये थे। 20 फरवरी को प्रार्थिनी का उपलो (कंडा) का बिठा बिखरा कर नष्ट कर दिया तो उसने भला बुरा कहा। इसी बात को लेकर पुरानी रंजिश के तहत पड़ोसी जीतू पुत्र ताले सिंह ग्राम भीखेपुर ने सोते हुये बरामदे में गलत नियत से दबोच लिया शोर होने पर जेठ छत से बचाने के लिए नीचे आये तो उक्त ने लाठी के वार से प्रेम सिंह का सिर फोड़ दिया। आवाज सुनकर जेठानी सुनीता पत्नी प्रेम सिंह बीच-बचाव को मौके पर आई तो आरोपी ने लाठी के प्रहार से बाये हाथ को चोटिल कर दिया। घटना के बाद रम्मू सिंह पुत्र मोतीलाल मौके पर आये और जीतू को अपने साथ ले गये जाते सम उक्त ने जान से मारने एवं झूठे केस में फंसाने की धमकी दी है।

### मारपीट कर किया घायल

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव तुरुकपुर निवासी ममता देवी पत्नी देवेन्द्र कुमार ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 24 फरवरी को समय प्रात: लगभग 6 बजे वह अपने घर के बरामदे में झाडू लगा रही थी। तभी अचानक मोहित राजपूत पुत्र तारा चन्द्र ग्राम तुरकपुर अपने साथ दो अज्ञात साथियों को लेकर आया और गाली-गलौज करने लगा तो उसने विरोध किया तो उन लोगों ने उसको को जमीन पर गिरा दिया और गला दबाते हुये लात-घूसों से पीटा।

## सार-संक्षेप



बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

### संगठन की मजबूती पर दिया जोर


**फफूंद, औरैया।** कस्बा के मोहल्ला कटरा मनेपुर में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विष्णु दत्त शुक्ला तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष गिरीश तिवारी ने किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जीत कुमारी दुबे एवं वरिष्ठ अतिथि पूर्व प्रवक्ता दयानारायण मिश्रा तथा कमलेश नारायण दुबे उपस्थित रहे। मासिक बैठक में मुख्य रूप से जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ अमरनाथ दीक्षित, नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रामजी मिश्रा, श्रीराम शंकर गौरी शंकर इंटर कॉलेज की संरक्षिका जीत कुमारी दुबे, जिला उपाध्यक्ष योगेश तिवारी, कमल नारायण दुबे आदि लोगों ने संबोधित किया। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष पंडित विष्णु दत्त शुक्ल ने कहा है मेरे अध्यक्ष बनने के बाद यदि कोई भी हमारे संगठन के विप्र जनों से टकराएगा हम लोग उसका मुंह तोड़ जवाब देंगे, साथ ही उन्होंने संगठन की मजबूती पर जोर दिया ।अपने समाज के लोगों के लिए हर संभव 24 घंटे सहायता प्रदान करता रहूंगा। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी गोपाल कृष्ण मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अंकित रंजन त्रिपाठी, सुधांशु अग्निहोत्री, रामजी मिश्रा, सुरेश कुमार अवस्थी, युवा मोर्चा जिला सचिव प्रबल शर्मा, सौरभ शुक्ला, विनोद तिवारी, गोविंद स्वरूप अवस्थी, तेजस अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### लेखपाल ने रोका सड़क पर हो रहा निर्माण कार्य

**अजीतमल, औरैया।** तहसील अजीतमल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुरायदा निवासी ने अनंतराम चौकी में लिखित शिकायत दी कि गांव की गली में अवैध निर्माण कार्य चल रहा है। जिसको रोकने के लिए राजस्व विभाग को सूचित किया गया। राजस्व विभाग से लेखपाल अखिल कुमार ने निर्माण कार्य को रोके जाने के लिए कहा। लेखपाल ने बताया कि उसको पट्टा आवंटित किया गया था। लेकिन, उसकी नापजोख करने के बाद कंफर्म किया जाएगा। रास्ते में बना रहा है या नहीं कल नापजोख कराई जाएगी। निर्माण कार्य शुरू किया जा सकता है।चौकी प्रभारी पूजा राठौर ने बताया कि 112 को सूचना दी गई थी। मौके पर चौकी प्रभारी ने पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाकर संतुष्ट कर दिया।



लेखपाल द्वारा रुकवाया गया निर्माण कार्य।



शहर के सुभाष चौराहा पर पुतला फूंकते एबीवीपी के पदाधिकारी। अमृत विचार

### एबीवीपी ने फूंका ममता बनर्जी का पुतला

**औरैया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हो रहे कुक्रत्यों व हिंसा के खिलाफ शहर के सुभाष चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। अक्रोशित कार्यकर्ताओं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंक कर नारेबाजी की। जिला संयोजक सुदीप चौहान ने कहा कि पश्चिम बंगाल में निरंकुशता अपने चरम पर है। टीएमसी की विभाजनकारी नीति राज्य के सुनहरे भविष्य को अंधेरे में धकेल रही है। आज पश्चिम बंगाल का आम जनमानस काफी डरा हुआ है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार पश्चिम बंगाल में मानवता को कुचल रहा है। तहसील संयोजक भानु प्रताप ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा संदेशखाली को बुरी तरह से झकझोर कर रख दिया है यह हिंसा कथित तौर पर टीएमसी कांग्रेस द्वार समर्थित हैं। निरंतर महिलाओं के साथ अनाचार की घटनाएं सामने आ रही है ममता बनर्जी तुष्टिकरण के नामपर मौन साधकर बैठी हुई है। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आयुष शुक्ला, नगर सह मंत्री सुधांशु यादव , आशुतोष तिवारी, नगर कि संयोजक मधुरम अवस्थी, अंकित वर्मा , हर्ष शुक्ला, पूर्व विश्विद्यालय उपाध्यक्ष,रोहित चौहान , अभय परिहार , अर्जुन पोरवाल , ऋषभ गुप्ता , क्रिश पोरवाल , उत्कर्ष विश्नोई, दीपू गुर्जर , सूर्य प्रताप कुशवाह समेत आधा सैकड़ा लोग उपस्थित रहे।

### बाजार में साइकिल हुई चोरी

**अछल्दा।** कस्बा के बघईपुर निवासी रविन्द्र कुमार पुत्र पन्नालाल साइकिल चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने थाना में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

**खुशखबरी** | अजीतमल के जसवंतपुर में चिह्नित की गई तीन एकड़ जमीन, प्रतिभाओं के निखरने को मिलेगा मौका


# जिले में बनेगा इनडोर गेम से लैस मिनी स्टेडियम

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** युवाओं के लिए शिक्षा के साथ ही खेलकूद प्रतिभा को निखारने के लिए शासन स्तर से तमाम प्रयास चल रहे हैं। बुनियादी इंतजाम के लिए जहां पहला स्टेडियम एरवाकटरा ब्लाक के बढिन में अंतिम रूप ले रहा है। वहीं दूसरी ओर नए साल के साथ ही इनडोर गेम की सुविधा से लैस मिनी स्टेडियम की सौगात भी जिले को मिल गई है।

युवा कल्याण विभाग की ओर से खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ ही अब स्टेडियम व खेल मैदानों को धरातल पर तैयार कराने की कवायद शुरू की गई है। इस प्रयास में जिले को एक मिनी स्टेडियम की सौगात मिली है। जिला प्रशासन से हुए पत्राचार के बाद अजीतमल के जसवंतपुर में तीन एकड़ जमीन मिनी स्टेडियम के लिए चिह्नित की गई है। जहां इनडोर गेम के साथ ही 400 मीटर का रनिंग ट्रैक होगा, कबड्डी से लेकर तमाम खेलों का आयोजन यहां हो सकेगा। मल्टी पर्पज इनडोर गेम के लिए भवन भी बताया जाएगा। चिह्नित की गई जमीन के बाद अब इस्टीमेट पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से मिनी स्टेडियम के निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**शिक्षण संस्थानों के इर्द गिर्द स्टेडियम को मिली प्राथमिकता:** जिले में जिला प्रशासन के पास कई जगह खेल मैदान के लिए चुनी जा चुकी है। लेकिन इनकी अहमियत को शिक्षण संस्थानों के इर्द गिर्द ज्यादा जरूरी समझा जा रहा है। युवा कल्याण विभाग की ओर से शिक्षण संस्थानों के आसपास स्टेडियम को बनाने की प्राथमिकता का प्रस्ताव जिला प्रशासन को दिया गया था। जिसे देखते हुए अजीतमल में इसे प्रमुखता से चुना गया।



अनिल कुमार सिंह, सीडीओ।

> मिनी स्टेडियम के लिए जमीन चिह्नित होने के बाद निर्माण को लेकर इस्टीमेट तैयार कराया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी की शाखा आरईएस के जरिए इस्टीमेट बनवाया जा रहा है। नए वित्तीय वर्ष से निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इनडोर गेम्स की सुविधा इस स्टेडियम में होगी।
>
> **– अनिल कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी**

### सदर विधायक एक माह से कर रहीं थीं प्रयास

जिले में इनडोर गेम्स को लेकर मिनी स्टेडियम की सौगात के लिए सदर विधायक गुड़िया कठेरिया पिछले एक माह से जुटी थीं। उत्तर प्रदेश सरकार में युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव को नवंबर माह में मांग पत्र सौंपा। जहां से दिसंबर माह के पहले सप्ताह में जिला प्रशासन को मिनी स्टेडियम के लिए जमीन चिह्नित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही स्टीमेट बनाकर शासन को भेजने के लिए कहा गया। सदर विधायक गुड़िया कठेरिया ने कहा कि युवा कल्याण मंत्री की ओर से पूरा सहयोग सम किया जा रहा है। जल्द इस्टीमेट बनाकर कार्य पूरा कराने तक लगातार ध्यान दिया जाएगा। लगातार युवा कल्याण मंत्री को इस मामले में पत्राचार के माध्यम से अवगत भी कराया जा रहा है।

### जिले को मिनी स्टेडियम की सौगात मिली है

अजीतमल के जसवंतपुर में तीन एकड़ जमीन स्टेडियम के लिए चिह्नित कर ली गई है। यहां पहली बार इनडोर गेम्स की सुविधा जिले को मिलने वाली है। खेलकूद की दिशा में जिले के लिए यह मील का पत्थर होगा। जिलाधिकारी की ओर से इस मामले में लगातार सुध लेकर तत्परता दिखाई जा रही है।

**– राजीव कुमार उपाध्याय, जिला युवा कल्याण अधिकारी**

## तार की चपेट में आने से किसान घायल

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव ढुहल्ला में शुक्रवार रात 10 बजे लगभग गेहूं की सिंचाई कर रहा एक किसान खेत के पास पड़े अंडर ग्राउंड डले तार की चपेट में आ गया। जिससे किसान का हाथ बुरी तरह झुलस गया। किसान की चीख सुनकर मौके पर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान भी दौड़ पड़े। परिवार वालों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया।

गांव ढुहल्ला निवासी राजवीर पुत्र श्री राम शुक्रवार रात को अपने खेत पर गेहूं की सिंचाई का काम कर रहे थे। फवड़ा चलाने के दौरान उसका हाथ बिजली के तार से टकरा गया, जिसके बाद वह करंट से चिपक कर झुलस गया। बेटे सुमित ने लकड़ी के सहायता से पिता को अलग किया और आवाज सुनकर आए अन्य किसान और परिवार के लोग उनको उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए।

## एक नजर

### दो आईपीएस का तबादला

**अमृत विचार, लखनऊ** : शासन ने शनिवार की देर रात दो आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। पुलिस उप महानिरीक्षक साइबर क्राइम एन कोलांची को अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज बनाया गया है, जबकि पवन कुमार को अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज से हटाकर पुलिस उप महानिरीक्षक साइबर क्राइम के पद पर तैनाती दी गई है।

### मास्टर ट्रेनर्स ने दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ** : उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशन में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान गोमती नगर लखनऊ में रविवार को एक ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत इरफान अहमद, विशेष कार्याधिकारी, न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, संतोष कुमार- ।। द्वारा किया गया।

# सत्यापन में फंसा बेटियों का शादी अनुदान

## समाप्ति की ओर वित्तीय वर्ष, 6531 आवेदन लंबित, बजट का आधा भी नहीं हुआ खर्च

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- वर्ष 2023-24 में हुए 66,032 आवेदन
- अनुदान के लिए 150 करोड़ रुपये मिला था बजट

**अमृत विचार** : पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना से कई बेटियां वंचित हो सकती हैं। इनके समय पर किए गए आवेदन जिलों पर एसडीएम और बीडीओ स्तर से सत्यापित नहीं हो पाए हैं। प्रदेश में वर्ष 2023-24 के 66,032 आवेदनों के सापेक्ष 6531 लंबित हैं।

आवेदन अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर अन्य वर्ग के हैं। इसमें 21 फरवरी तक बीडीओ के 5556 व एसडीएम स्तर से 975 आवेदनों का सत्यापन और आगे की प्रक्रिया लंबित रही। इधर, वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है।

यदि आवेदन सत्यापन कर संबंधित अधिकारियों के पोर्टल पर न बढ़ाए गए तो बजट वापस होने पर कई लाभार्थी बाहर हो जाएंगे। इस प्रक्रिया की जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति गठित है। इसके अध्यक्ष जिलाधिकारी हैं फिर भी यह स्थिति है।

### इन जिलों में ज्यादा आवेदन लंबित

प्रतापगढ़ 393, जौनपुर 298, बलिया 219, गोरखपुर 215, रायबरेली 198, गोंडा 179

> आवेदनों का सत्यापन और आगे की प्रक्रिया की जा रही है। जल्द पात्रों को योजना से लाभान्वित करेंगे। इस संबंध में सभी जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।
> -डॉ. वंदना वर्मा, निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण

### आधा बजट भी नहीं हुआ खर्च

वित्तीय वर्ष 2023-24 में शादी अनुदान के लिए 150 करोड़ रुपये बजट मिला था। इसमें फरवरी तक आधा भी खर्च नहीं हो पाया है। क्योंकि आवेदन समय पर सत्यापित नहीं हुए न आगे प्रक्रिया के लिए बढ़े। चर्चा यह भी है कि पूर्वांचल के जिलों ने बजट पहले ही सरेंडर कर दिया है। इस योजना में 20 हजार रुपये लड़की को मिलते हैं। इसके आवेदन शादी होने से 90 दिन पहले या शादी होने के 90 दिन बाद तक किए जाते हैं। इस प्रक्रिया में पेंच फंसेगा।



एंटी डेमो फ्लीट हादसे में घायल हुए लोगों का राजधानी स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में हाल-चाल लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

# 17 जिलों में एक जगह मिलेंगी आयुर्वेद होम्योपैथ व यूनानी चिकित्सकीय सेवाएं

## जिलों में बनेंगे 25, 15 और चार बिस्तर युक्त नए आयुर्वेदिक चिकित्सालय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आयुर्वेदिक चिकित्सा के 250 अस्पताल निर्माणाधीन

**अमृत विचार:** उप्र. की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं में ऐलोपैथिक अस्पतालों ही नहीं, आयुष विभाग के आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक व यूनानी चिकित्सालय भी अहम भूमिका होगी। आयुर्वेदिक अस्पतालों में ओपीडी के साथ-साथ मरीजों के लिए इंडोर सेवाएं बढ़ाने पर भी जोर दिया जाएगा। इसके लिए हर पद्धति के इलाज के लिए नए अस्पताल बनाए जायेंगे, इन अस्पतालों के लिए केन्द्र ही नहीं, जिलायोजना अंतर्गत राज्य सरकार ने भी भारी भरकम बजट जारी कर दिया है।

आयुर्वेद निदेशक डॉ.प्रकाश चंद्र सक्सेना ने बताया कि उप्र. राज्य आयुष सोसाइटी द्वारा मिले 414 करोड़ में 42 करोड़ की प्रथम किस्त मिल चुकी है। इसके अलावा जिलायोजना अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा राजकीय चिकित्सालयों के निर्माण के लिए ढ़ाई करोड़ रूपये मिले हैं। आयुष सोसाइटी के बजट से जौनपुर में 30 बिस्तर का अस्पताल निर्माणाधीन है, 11 जिलों में 50 बेडेड एकीकृत आयुष अस्पताल बनाये जायेंगे। जबकि छह जिलों में निर्मित हो चुके हैं, इनमें चिकित्सकीय सेवाएं शुरू होनी हैं। इसके अलावा राज्य सरकार में मिले 3.5 करोड़ के बजट में 25 बेड, 15 व चार बेड के नए आयुर्वेदिक अस्पताल भी बनाए जायेंगे।

आयुर्वेदिक चिकित्सा के तहत चार बेड के 250 अस्पताल निर्माणाधीन हैं, 177 अतिरिक्त प्रस्तावित हैं। इसके अलवा 15 बेड के दो अस्पताल प्रस्तावित हैं।

### 25 यूनानी अस्पतालों को मिली अपनी जमीन

यूनानी विभाग के निदेशक डॉ. अब्दुल वहीद ने बताया कि सोसाइटी द्वारा साढ़े पांच करोड़ की किस्त मिल चुकी है, 25 यूनानी अस्पतालों के भूमि मिल चुकी है, जिन पर भवन निर्माण कराया जायेगा। इसके अलावा 11 एकीकृत आयुष अस्पताल व 49 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संचालित किये जायेंगे। लखनऊ व प्रयागराज स्थित कॉलेज के संबन्ध अस्पतालों में इंडोर सेवाएं जारी हैं। होम्योपैथी निदेशक डॉ.अरविंद वर्मा ने बताया कि कई जिलों में इंडोर सेवाएं उपलब्ध हैं, निर्माणाधीन आयुष अस्पताल बनने से मरीजों को इलाज मिलना आसान हो जायेगा। हर जिले होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी कार्यालय बनने के बाद होम्योपैथिक चिकित्सकीय सेवाओं की गुणवत्ता ही नहीं, नए अस्पतालों में चिकित्सकीय सेवाएं भी बढ़ेंगी।

### निर्माणाधीन एकीकत आयुष अस्पताल

परंपरागत चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लखनऊ, वाराणसी, कानपुर नगर, कानपुर देहात, बरेली, कौशाम्बी, ललितपुर, संत कबीर नगर, सोनभद्र, अमेठी व देवरिया में 50 बिस्तर के एकीकृत आयुष अस्पताल निर्माणाधीन हैं, जबकि रायबरेली, बस्ती, जालौन, बागपत, बुलंदशहर व बलिया में अस्पताल बन चुके हैं।

## डॉ. आंबेडकर का मिशन भी है बसपा: मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि पार्टी केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि बाबा साहब डॉ भीमराव आंडेकर का मिशन भी है।

बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि बसपा आंबेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के मिशन को समर्पित मूवमेंट भी है, इस कारण इस पार्टी की नीति व कार्यशैली देश की पूंजीवादी पार्टियों से अलग है। इसे ध्यान में रखकर ही चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार भी उतारती है। उन्होंने आगे लिखा कि अब बीएसपी के सांसदों को इस कसौटी पर खरा उतरने के साथ ही स्वयं जांचना है कि क्या उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता का सही ध्यान रखा? क्या क्षेत्र में पूरा समय दिया? साथ ही, क्या उन्होंने पार्टी व मूवमेंट के हित में समय-समय पर दिये गये दिशा-निर्देशों का सही से पालन किया है? बसपा सुप्रीमो ने कहा कि ऐसे में अधिकतर लोकसभा सांसदों का टिकट दिया जाना क्या संभव है।

# एसटीएफ ने नकलचियों के मददगारों की बनाई सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गैंग लीडर मोनू और कपिल की तलाश तेज
- मथुरा का उपाध्याय बना एसटीएफ के लिए चुनौती

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक करने वाले मास्टरमाइंड तक पहुंचने की दिशा में सक्रियता तेज कर दी है। इस क्रम में परीक्षा के दौरान नकल करने वाले अभ्यर्थियों के मददगारों की सूची बनाई है। पकड़े गए सभी आरोपियों के पास पेपर किस नेटवर्क से और कहां से पहुंचा, उसका ब्रीफ तैयार कर सभी नेटवर्क को फिर से खंगालना शुरू कर दिया है। ताकि इस पूरे मामले के असल गुनहगारों तक पहुंच सके।

एसटीएफ के प्रभारी एसपी विशाल विक्रम सिंह के नेतृत्व में जांच कर रही एसटीएफ की टीम ने यू-ट्यूब पर पढ़ाने वाले शिक्षक विवेक कुमार को पूछताछ के लिए सारे सबूतों के साथ सोमवार को बुलाया है। बताया जाता है कि विवेक ही ने सबसे पहले पेपर लीक होने की सूचना पुलिस महकमें को दी थी। एसटीएफ टीम गाजियाबाद से गिरफ्तार महिला अभ्यर्थी को नकल कराने वाले गुरबचन के गैंग लीडर मोनू और कपिल की भी तलाश तेज कर दी है। पकड़ी गई महिला अभ्यर्थी रिया चौधरी को ब्लूटूथ के जरिए नकल कराने की कोशिश की जा रही थी। एसटीएफ सूत्रों के अनुसार मोनू और कपिल पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पेपर लीक करने वाले गैंग के सरगना हैं। गुरबचन के जरिए ही अभ्यर्थी का मोनू और कपिल से संपर्क हुआ था।

वहीं दूसरी तरफ एसटीएफ नीरज नाम के शख्स का भी नेटवर्क खंगाल रही है। लखनऊ के कृष्णा नगर में 18 फरवरी को अभ्यर्थी सत्य अमन को नीरज यादव ने ही वाट्सएप पर सॉल्व्ड पेपर भेजा था। लखनऊ पुलिस ने अभ्यर्थी सत्य अमन और उसके साथी नीरज को 19 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया था। नीरज ने पूछताछ में बताया था कि उसे सॉल्व्ड पेपर मुहैया कराने वाले मथुरा का ''उपाध्याय'' नाम का एक शख्स है, लेकिन मथुरा का उपाध्याय कौन है? कहां रहता है? इस बात से उसने अनभिज्ञता भी जाहिर की है। ऐसे में एसटीएफ टीम मथुरा के 'उपाध्याय' की गिरफ्तारी बड़ी चुनौती बनी हुई है। एसटीएफ और पुलिस की टीमें उसकी तलाश में मथुरा में दबिश दे रही है।



राजभवन में सम्मान कार्यक्रम के दौरान पूर्व राज्यपाल राम नाईक को पुष्प गुच्छ भेंट करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व अन्य। अमृत विचार

### पद्म भूषण के लिए मनोनीत होने पर पूर्व राज्यपाल राम नाईक सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ** : पद्म भूषण के लिए मनोनीत होने पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को पूर्व राज्यपाल राम नाईक को राजभवन में सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि राम नाईक का जीवन 'चरैवेति-चरैवेति' का उत्कृष्ट उदाहरण है। पूर्व राज्यपाल का अभिनंदन करते हुए राज्यपाल ने उन्हें बेबाक नेता व कर्मठ समाजसेवी बताया। इस मौके पर पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने कहा कि उन्हें पद्मभूषण सम्मान के लिए मनोनीत किये जाने में उत्तर प्रदेश की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, महाराष्ट्र मंडल के सदस्य, विशेष सचिव बीएन सिंह, डॉ. निशिगंधा नाईक आदि लोग शामिल हुए।

# हारी सीटें सहयोगियों को दे सकती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा अगले सप्ताह तक संभव
- बसपा छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले रितेश पांडेय का नाम भी है शामिल

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी इस लोकसभा चुनाव में साल 2019 के लोस चुनाव में हारी हुई 14 सीटों में से कुछ सीटें रालोद, सुभासपा और निषाद पार्टी को दे सकती है। वहीं कुछ सीटों पर बसपा के मौजूदा सांसदों को भी भाजपा में शामिल कराकर चुनाव लड़ाने पर विचार चल रहा है। रविवार को बसपा छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले रितेश पांडेय का नाम भी इसमें शामिल है।

दरअसल, लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा को 80 में से 16 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। इनमें से उप चुनाव में भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ में तो जीत हासिल की। वहीं, गाजीपुर, घोसी, नगीना, सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, श्रावस्ती, अंबेडकर नगर, लालगंज और जौनपुर में अभी बसपा के सांसद हैं। जबकि, मैनपुरी, मुरादाबाद और संभल में सपा के सांसद है। रायबरेली से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी सांसद हैं।

भाजपा इन हारी हुई 14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा अगले सप्ताह तक हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में सभी 14 सीटों पर प्रत्याशियों के पैनल को अंतिम रूप दिया गया। 28-29 फरवरी को प्रस्तावित भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में इस पैनल पर चर्चा के बाद प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे। वहीं संगठन का प्रयास यह भी है कि समय रहते प्रत्याशियों की घोषणा हो जाए ताकि प्रत्याशी जनता से जुड़ कर अपनी स्थिति को मजबूत करे ले।

# ज्योतिष गणना में तीसरी बार सरकार बना रही भाजपा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष संगोष्ठी के दूसरे दिन ज्योतिषाचार्यों ने रखी अपनी बात

**अमृत विचार** : ग्रहों के चाल पर ही भविष्यवाणी होती है। लोकसभा चुनाव के परिणाम की बात करें तो ग्रहों की चाल और उनकी गणना साफ बता रही है कि भाजपा देश में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। भाजपा इस बार के चुनाव में पश्चिम बंगाल में भी बड़ी सफलता हासिल करेगी। गणना के मुताबिक 23 से 26 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा का भाग्येष प्रबल है। पार्टी जब तक धर्म से जुड़ी रहेगी, तब तक सफलता की संभावना ज्यादा रहेगी। धर्म के प्रभाव से प्रसिद्धि का योग बन रहा है। ये बातें ज्योतिषाचार्य सुमेधा शर्मा ने कही।

वे त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार के दूसरे दिन व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रहों के अनुसार कांग्रेस को सफलता 27 अप्रैल के बाद वोटिंग में मिलेगी। कांग्रेस नेताओं को अपनी वाणी में नियंत्रण रखना होगा। भाषा के स्तर को ठीक करना होगा। समाजवादी पार्टी को भी 5 मई के बाद होने वाली वोटिंग में सफलता मिलेगी। इससे पहले होने वाली वोटिंग में पार्टी को नुकसान होगा। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी चुनाव की तिथि ज्ञात नहीं है। इसमें फेर बदल हो सकता है।

# अस्पतालों को मिले साढ़े तीन करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ** : वाराणसी के पं.दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल व राजधानी के बलरामपुर अस्पताल में चिकित्सकीय सेवाओं को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने साढ़े तीन करोड़ जारी किये हैं। वाराणसी के अस्पताल में चिकित्सकीय उपकरणों के साथ ही ओपीडी में मरीजों की सुविधा के लिए संसाधन जुटाए जायेंगे, वहीं बलरामपुर अस्पताल में नई अल्ट्रासाउंड स्थापित की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल से चिकित्सकीय उपकरण व अन्य संसाधन की मांग के सापेक्ष उन्हें तीन करोड़ 33 लाख 34 हजार रूपये स्वीकृत किये गये हैं, इसके अलावा बलरामपुर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन की मांग की गई थी। जिसके लिए 18 लाख रूपये दिये गये हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने बताया कि हर सोमवार केयर एप पर प्रदेश भर के अस्पताल अपनी जरूरतों को अपडेट करते हैं, केयर एप में सभी उपकरणों के संचालन की स्थिति की जानकारी देनी होती है। अगर खराब हैं तो उल्लेख करना होता है, अस्पतालों की जरूरत को पूरा करने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन में भेजा जाता है, उक्त क्रम में ही


## वर्ग पहेली-354

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।
4. बीज के लेन-देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।
5. 1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।
6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।
9. 1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा-सुनी या विवाद, झंझट-बखेड़ा
3. सुख-भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।
2. 1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।
3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।
7. 1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।
8. 1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।



### वर्ग पहेली - 353 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | मा | | 2 अ | यो | 3 नि |
| हू | | | खं | | छो |
| | 4 को | | ड | | ह |
| | 5 हि | म | पा | त | |
| | नू | | ठ | | 6 मुँ |
| 7 भै | र | वी | | | द |
| | | | 8 खि | ल | ना |

## सुडोकू-71

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 6 | | | 8 |
| | | 9 | 5 | | | | 1 | |
| | 2 | | | 1 | | 6 | | |
| 2 | | 7 | | 8 | | | | |
| | | 5 | | | | 1 | | 9 |
| | | | | 9 | | 2 | | 7 |
| | | 3 | | 2 | | | 4 | |
| | 7 | | | | 3 | 5 | | |
| 6 | 1 | | 9 | 5 | | 8 | | |

### सुडोकू - 70 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 9 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 23.15 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तरा फाल्गुनी 27 फरवरी 04.31 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** — आज किसी काम को लेकर उलझन की स्थिति है तो उसमें परिवार का सहयोग मिलेगा। रिश्तों में मजबूती आएगी और आप खुलकर अपनी बात रख पाएंगे। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। संतान पक्ष की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है

**वृष** — आज व्यापारी वर्ग को विशेष लाभ मिलेगा। कहीं से अच्छे समझौतों पर हस्ताक्षर भी हो सकते हैं जो भविष्य की दृष्टि से लाभान्वित रहेंगे। आपकी नए कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी या खुद की अस्वस्थता से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज के दिन काम का बोझ ज्यादा होगा तो वहीं घर से भी बहुत काम मिलेगा। आपको संयम बनाकर चलना होगा तभी सभी काम निपटा पाएंगे। स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा। वैवाहिक जीवन में भी कुछ हद तक अशांति बनी रहेगी।

**कर्क** — आज पेट दर्द की समस्या रह सकती है। मानसिक तनाव भी हो सकता है। किसी से मिलने का मन नहीं करेगा और पूरे दिन सुस्ती छाई रहेगी। आत्मविश्वास की कमी बनेगी। आपके प्रेम संबंधों में कसा-कसी बनी रहेगी।

**सिंह** — आज पिता या भाई में से किसी एक के साथ अवरोध उत्पन्न होगा। मन में किसी बात को लेकर आशंका रहेगी जिसका निवारण जल्दी नहीं होगा। आत आप समय को बर्बाद न करें। आपको केवल अपनी समस्याओं पर ही ध्यान देना होगा, दूसरों की समस्याओं में पड़ने से हानि हो सकती है।

**कन्या** — आज जमीन या शेयर में निवेश करने का विचार कर सकते हैं। पैसा पहले से कहीं इन्वेस्ट किया हुआ है तो उसमें लाभ मिलने के संकेत हैं। वैवाहिक और प्रेम संबंधों के लिए समय मिश्रित है। विद्यार्थी समय का सदुपयोग करने में सफल रहेंगे।

**तुला** — आज ज्यादा उत्साह में रहने से बचें क्योंकि आज के दिन उसके कारण परेशानी खड़ी हो सकती है। घर में किसी बात को लेकर मंथन होगा। अटकलें पर ध्यान और जोखिम भरे कार्य न करें। आप आलोचना और अपने शुभचिंतकों के विरोध का सामना कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज प्रेम में किसी प्रकार का धोखा मिल सकता है या किसी तीसरे व्यक्ति के द्वारा तनाव पैदा किया जा सकता है। छात्रों को अपने खर्चों पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है। नए कार्य मिलने की संभावना। कार्य के पूर्ण होने में देरी महसूस होगी।

**धनु** — आज के दिन अपनी शिक्षा से संबंधित कोई गंभीर निर्णय ना लें अन्यथा बाद में पछताना पड़ेगा। मां बाप के परामर्श को ध्यान से सुने। आपका स्वास्थ्य थोड़ा प्रतिकूल हो सकता है। संपत्ति, गृह, पारिवारिक मामलों में नई शुरुआत कर सकते हैं।

**मकर** — आज किसी प्रकार की पुरानी बीमारी से परेशान हैं तो दिन उससे आराम मिलेगा। शरीर पहले से ज्यादा तरोताजा रहेगा और स्फूर्ति बनी रहेगी। नई योजनाओं का क्रियान्वयन हो सकेगा। उच्च अधिकारियों के साथ आपकी मुलाकात होगी।

**कुंभ** — आज व्यापार में वृद्धि होगी और नई शाखाएं खुलेंगी। कहीं जॉब करते हैं तो उसमें भी बॉस आपसे खुश होंगे और इसका ईनाम भी मिल सकता है। जीवन के लिए अपने दृष्टिकोण में व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है।

**मीन** — आज के दिन भगवान हनुमान का ध्यान अवश्य लगाएं क्योंकि मंगल भारी है। घर में ही तीन बार हनुमान चालीसा पढ़ लेंगे तो संकट टल जाएगा। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है। बुद्धिमानी से अपने पैसे का उपयोग करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- पृथ्वी — सुबह : 11.49
- चाल बाज — शाम : 06.11

Utsav Gold
- कोई आप सा — सुबह : 09.45
- धूम 3 — शाम : 04.00

SONY MAX
- तारा वर्सेस बिलाल — सुबह : 09.00
- लगे रहो मुन्ना भाई — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- मेरा धर्म — सुबह : 10.30
- लूटेरे — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- ओके जानु — सुबह : 10.01
- तनु वेड्स मनु — शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम-06.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को अपनी एक्स गर्लफ्रेंड की शादी का कार्ड मिला।
मिंटू- भाई, बुरा तो लग रहा होगा।
चिंटू- हां यार, तकलीफ तो हो रही है।
मिंटू- जाएगा?
चिंटू-जाऊंगा जरूर ...
मोहब्बत अपनी जगह है और शादी का खाना अपनी जगह।

गप्पू ने बड़े प्यार से शादीशुदा आदमी से पूछा -
रात को ऑनलाइन कब आते हो?
दर्द की दीवारें हिल गईं जब उसने कहा -
बर्तन धोने के बाद ।

# हरे पेड़ों पर चल रही जबरदस्त कुल्हाड़ी



कटे पड़े हरे पेड़। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● वन विभाग एवं पुलिस को नहीं संज्ञान, पर्यावरण को हो रहा भारी नुकसान

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में हरे आम के पेड़ों का सरेआम कत्लेआम हो रहा है। बसंत ऋतु का आगमन हो चुका है। इसके साथ ही आम के पेड़ों पर बौर भी आना शुरू हो गया है ।

वन विभाग व पुलिस प्रशासन कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। जिसके चलते हरे पेड़ों पर आरा व कुल्हाड़ा चल रहा है। वन विभाग व पुलिस को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की कार्यवाही का जरा भी खौफ नहीं है। औरैया वन विभाग की शह पर हरी लकड़ी कटवाने के अक्सर आरोप-प्रत्यारोप लगते रहते हैं। ताजा मामला औरैया सदर कोतवाली थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जैतपुर का बताया जा रहा है। जहां हरी लकड़ी फलदार वृक्ष आम जैसे पेड़ों की कटान हो रही है। सरकार लगातार पर्यावरण को सुधारने के लिए हर संभव प्रयास करती है। पौधारोपण कार्यक्रम, पर्यावरण बचाने को कई स्वयं सेवी संस्थाएं करती हैं। औरैया वन विभाग की उदासीनता के चलते हरे पेड़ों की कटान से पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। इस आशय का वीडियो भी वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

बताया जाता है की कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जैतपुर में हरे पेड़ों का कटान बे रोक-टोक किया जा रहा है। जिसको लेकर बुद्धिजीवियों में आक्रोश व्याप्त है।

# मुसीबत : इस बड़े बाजार में तो पैदल चलना भी दुश्वार

**बेजार बाजार**

- शास्त्रीनगर बाजार में बिना फुटपाथ की रोड, सड़क पर पार्किंग
- बाजार के बीचोंबीच पुलिस चौकी, चौकी के गेट पर ही अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शास्त्रीनगर बाजार की मुख्य सड़क पर वाहनों की कौन कहे, पैदल भी नहीं चला जा सकता है। बाजार में अतिक्रमण इस कदर हावी है कि सड़क का फुटपाथ दिखता ही नहीं है। खरीदारी करने आने वालों को अपने वाहन दुकान के बाहर सड़क पर ही लगाने पड़ते हैं। बाजार के बीचोंबीच पुलिस चौकी है, लेकिन चौकी का गेट भी अतिक्रमण का शिकार है। कभी कोई खरीदार वाहन खड़ा कर देता है तो कभी ठेले वाले गेट के बाहर खड़े होकर सब्जी और फल बेचने लगते हैं।

शास्त्रीनगर बाजार की रोड गली से भी बदतर है। काली मठिया मंदिर से सेंट्रल पार्क तक हालत सबसे ज्यादा खराब है। इस दायरे में ही प्रमुख बाजार भी है।

बमुश्किल पांच मिनट का यह रास्ता राहगीरों को 20 मिनट में तय करना पड़ता है। यह सामान्य स्थिति है और अगर शाम का समय हो तो आधे घंटे से अधिक का समय लग सकता है।

## बाजार में ही पुलिस चौकी

बाजार के बीचोंबीच शास्त्रीनगर पुलिस चौकी है। बाजार में पुलिसकर्मी टहलते भी रहते हैं। मगर अतिक्रमण और जाम की समस्या पर ध्यान नहीं दिया जाता है। चौकी के गेट के बाहर ही ठेले वाले ठेला खड़ा करके सामान बेचने लगते हैं।



ग्वालटोली बाजार में फुटपाथ पर अतिक्रमण। अमृत विचार



कुछ इस तरह ग्वालटोली में किया गया है सड़क पर कब्जा। अमृत विचार

## मवेशियों का झुंड परेशान करता

बाजार में सब्जी और फल के करीब तीन दर्जन से अधिक ठेले खड़े होते हैं। इसके अलावा कई मिठाई व नाश्ते की दुकानें है। ठेले से फेंका जाने वाला खराब फल व सब्जी और दुकानों से निकलने वाले दोना खाने के चक्कर में बाजार में दिनभर मवेशी घूमते रहते हैं। जिससे राहगीरों को खतरा बना रहता है।

## 200 से अधिक वाहन हर समय रोड पर मिलेंगे

काली मठिया चौराहा से लेकर सेंट्रल पार्क तिराहे तक करीब 200 से अधिक वाहन सड़क पर दोनों तरफ खड़े मिल जाएंगे। दो पहिया वाहन तो लोग दुकानों के बाहर ही सड़क पर लगा देते हैं। आड़े तिरछे खड़े वाहनों से जाम लगता रहता है। इनके बीच ठेला से फेरी लगाने वाले बची कसर पूरी कर देते हैं।

बाजार होने के कारण सब्जी, फल, खाने का सामान बेचने वाले भी ठेला लेकर घूमते रहते हैं। बाजार में सुबह और शाम को खरीदारों का लोड बढ़ता है, इसी समय लोगों का आवागमन होता है। इस समय राहगीरों को जाम में फंसना पड़ता है।



बाजार में जाम की समस्या तो रोज की है। काली मठिया मंदिर में रोज दर्शन करते आते हैं। जितना समय मंदिर में दर्शन करने में नहीं लगता, उससे दोगुना समय बाजार पार करने में लग जाता है। कई बार तो 10 से 15 मिनट तक जाम में फंसे रहते हैं।

–संजू वर्मा, राहगीर



जाम की समस्या तो पूरे शहर में है। मगर यहां बाजार में जाम की समस्या पैदा की गई है। फुटपाथ छोड़ दिया जाए तो उसपर वाहन और ठेले वाले खड़े हो जाएंगे। बीच सड़क आवागमन के लिए ठीक रहेगी। मगर यहां फुटपाथ है नहीं और सड़क पर वाहन खड़े होते हैं।

–प्रीति शर्मा, शास्त्रीनगर



जाम की समस्या तो हर बाजार में होती है। शहर में तो हर रोड पर है। मगर शास्त्रीनगर बजार में तो मनमानी के कारण जाम लगता है। यहां कोई यातायात व्यवस्था के बारे मे सोचता ही नहीं है। ठेले वालों को एक किनारे खड़ा करा दिया तो भी कुछ राहत मिल जाएगी।

–अहमद खान, राहगीर



पुलिस चौकी बाजार के बीच में है। पुलिसकर्मी अगर दो-तीन दिन में आते-जाते समय हिदायत देते रहे तो समस्या इतनी नहीं होगी। मगर पुलिसकर्मी जाम समेत अन्य समस्याएं देखने के बाद भी कुछ नहीं कहते हैं। न ही बाजार में अतिक्रमण अभियान चलाया जाता है।

–पंकज निगम, शास्त्रीनगर कालोनी

# गैस गीजर से बाथरूम में बनी गैस से महिला की मौत

## बीते डेढ़ सप्ताह पूर्व हुई थी शादी , परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** कंचौसी चौकी क्षेत्र के कंचौसी गांव में गैस गीजर के कारण एक नवविवाहिता की जान चली गई। बाथरूम में गीजर से गैस बनने के कारण नवविवाहिता बेहोश हो गई । परिजनों ने बाथरूम का दरवाजा तोड़कर नवविवाहिता को बाहर निकाला। परिजन उसे सौ शैया अस्पताल चिचौली ले गए। जहां डॉक्टरों ने नव विवाहिता को मृत घोषित कर दिया। नव विवाहिता की मौत की खबर पर मायका पक्ष के लोग भी पहुंच गए। महिला की शादी बीते 14 फरवरी को हुई थी।



चित्रा।

कंचौसी गांव निवासी चित्रा पत्नी अश्वनी गुप्ता रविवार सुबह करीब नौ बजे बाथरूम में नहाने के लिए गईं थीं। काफी देर तक वह बाथरूम से बाहर नहीं आईं तो स्वजनों को चिंता हो गई। चित्रा को आवाज भी लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। आसपास के लोग भी एकत्रित हो गए। परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया। बाथरूम के अंदर चित्रा बेहोशी की हालत में जमीन पर पड़ी थी। परिजन उनको निजी चिकित्सक के यहां ले गए। यहां चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी, जिला अस्पताल में चित्रा को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने नव विवाहिता की मौत की खबर मायका पक्ष को दी। चित्रा का विवाह बीते 14 फरवरी को कंचौसी गांव थाना दिबियापुर निवासी अश्वनी गुप्ता के साथ हुआ था। अश्वनी अपने दूसरे मकान में गया था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। चौकी प्रभारी ज्ञानेद्र कुमार ने बताया पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# सदाचार ही श्रीमद्भागवत कथा का मूल मंत्र : पं सुदीप

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** शिव मंदिर भिखरा गढी पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्री वृंदावन धाम मथुरा के भगवताचार्य पंडित सुदीप कृष्णदेव जी महाराज ने कहा कि सदाचार ही श्रीमद्भागवत कथा का मूल मंत्र है ऐसे में सभी को सदाचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का मौका उन्हीं भक्तों को मिलता है। जिन पर ईश्वर की असीम कृपा होती है। मनुष्य योनि योनियों में सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि इसी योनी में यज्ञ दान तप जप पूजा पाठ होते हैं और अगले जन्मों में मानव को इन्हीं पुण्यों का फल प्राप्त होता है।



कथा सुनाते पं. सुदीप।

भागवताचार्य ने कहा कि इस कलयुग में जीव आसुरी प्रवृत्ति का हो गया है इससे पार पाने के लिए श्रीमद्भागवत कथा उत्तम साधन है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी आदि बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। भगवताचार्य पंडित सुदीप कृष्णदेव जी महाराज ने पूतना अघासुर बकासुर आदि राक्षसों के वध आदि प्रसंग का भी वर्णन किया। उन्होंने गोवर्धन लीला का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि जब जीव को अहंकार हो जाता है तो ईश्वर उसे दूर करते हैं। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक कृष्ण प्रताप सिंह सेंगर, रमा सेंगर, सुनील सेंगर, धीर प्रताप सिंह सेंगर, वीर प्रताप रहे।

# मारपीट में नौ नामजद व पांच अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**अछल्दा, औरैया।** थानाक्षेत्र के गांव नगला झाल( घसारा) निवासी लज्जाराम पुत्र स्वरु मेवाराम ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 23 फरवरी की सुबह वह अपने जानवर को बाधने गये थे। वहीं पर रमेश चन्द्र पुत्र रामवक्श, रवि उर्फ राहुल पुत्र रमेश चन्द्र, शिवम पुत्र रमेश चन्द्र, हाकीम पुत्र सिपाहीलाल, कमला देवी पत्नी रामवक्श, रामबक्श पुत्र स्व. ख्यालीराम, शीला देवी पत्नी रमेश चन्द्र, रवि की पत्नी व शिवम की पत्नी व 4,5 अज्ञात लोग ने पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की नियत से एक राय होकर लाठी-डंडा, सरिया, घारदार कुल्हाड़ी व फावड़ा से लैस होकर गाली-गलौज देते हुये मारने पीटने लगे।

# कैंसर परामर्श शिविर में 75 मरीजों का हुआ परीक्षण

**इटावा।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन इटावा एवं पुष्पा सेवा फाउंडेशन आगरा के सहयोग से इटावा और आसपास के क्षेत्रों की जनता के लिए को आईएमए भवन, पक्का तालाब इटावा में निःशुल्क कैंसर परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में इटावा, जसवंतनगर, औरैया, भरथना से कुल 75 मरीज आए जिनमें से 30 मरीजों में गंभीर कैंसर के लक्षण पाए गए। इस शिविर में जाने माने कैंसर सर्जन डॉ.सुरेंद्र सिंह, कैंसर विशेषज्ञ डॉ.पूनम गौतम, मुख रोग विशेषज्ञ डॉ.मोहित श्रीवास्तव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.रजनी रावत, डॉ.ममता सिंह, डॉ.मीनल टंडन मेहरोत्रा द्वारा मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया।

पुष्पा सेवा फाउंडेशन के अभिनव वर्मा ने बताया कि शिविर में कैंसर सम्बंधित जाँचे मुख की जांच, महिलाओं में स्तन सम्बंधित जांच, गर्भाशय के संक्रमण की जांच, अन्य कैंसर सम्बंधित आवश्यक जांचें की गईं। शिविर का शुभारंभ यूपी आईएमए अध्यक्ष डा. एम. एम. पालीवाल, आईएमए इटावा अध्यक्ष डॉ.एस. सी.गुप्ता व सचिव डा.डी. के.सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

# बाइकों की भिड़ंत में छह घायल

**अजीतमल, औरैया।** अयाना थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरादगंज-अयाना मार्ग पर जसवंतपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास दो बाइकें आमने-सामने से टकरा गई। इसमें छह लोग घायल हो गए। घायल युवक गांव रहटौली निवासी गोपाल गुर्जर अपनी पत्नी प्रीती व दो वर्षीय पुत्री नित्या के साथ रिश्तेदारी में जाने के लिए निकला था। मुरादगंज अयाना मार्ग पर जसवंतपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे कि उनकी बाइक सामने से आ रहे गांव कौतेपुर निवासी बाइक सवार शनि, पूजा व राधा से टकरा गई। इसमें सभी छह लोग बुरी तरह से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे एसआई हेमंत कुमार ने घायलों को सीएचसी अयाना में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद शनि, प्रीति व नित्या को सैफई रेफर कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा ने लगाई फांसी

**औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के असेनी गांव में कक्षा 12 की छात्रा ने घर में ही कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। छोटी बहन ने शोर मचाया तो आसपास के लोग जमा हो गए ।

असेनी गांव निवासी कक्षा 12 की छात्रा शिवानी पुत्री हरिश्चंद्र ने अपने घर के कमरे में लगे कुंडे में लटक कर फांसी लगाकर जान दे दी। उसकी छोटी बहन सुनैना ने फंदे पर लटका देखा तो शोर मचाना शुरू कर दिया आसपास के लोग जमा हो गए सूचना पर गांव के प्रधान पहुंच गए और उन्होंने पुलिस को सूचना दी । मृतिका का पिता ई रिक्शा चलाता है मां बेटी खेत पर गई थी मृतिका अपने पीछे बहन सुनैना, साधना, कामिनी व भाई अनुज को छोड़ गई है। घटना के संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया छात्र के शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# ससुरालीजनों पर लगाया मारपीट का आरोप

**औरैया।** अछल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम बोडेपुर निवासी शान्ती देवी पत्नी स्व. जयराम ने रविवार को अछल्दा थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि अपने पुत्र दीपेंद्र उर्फ छोटू के साथ बीती रात अपने घर में सो रही थी। तभी उसके पुत्र दीपेंद्र के ससुरालीजन प्रदीप कुमार पुत्र राम औतार व दो अज्ञात व्यक्ति निवासी लोहन्ना जिला इटावा कार से शराब के नशे में उसके घर पर आए और गाली-गलौज करने लगे। गालियां देने से मना करने पर उन लोगों ने उसे व उसके पुत्र दीपेंद्र को लात-घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया।

# लोक सभा चुनाव में युवाओं की भूमिका रहेगी अहम : नीरज चतुर्वेदी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा दिबियापुर विधानसभा के दिबियापुर मंडल के तहत दिबियापुर के पीडब्ल्यूडी डाक बंगला में नमो युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से पीएम मोदी के नेतृत्व में चल रही केन्द्र सरकार की योजनाओं व उनकी उपलब्धियों को इटावा लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी नीरज चतुर्वेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं औरैया विधानसभा के प्रभारी शिववीर सिंह भदौरिया, भाजयुमो की प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी डॉ. ऋचा राजपूत ने बखान कर कहा कि युवा देश की रीढ़ है और आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में युवाओं की सबसे अहम भूमिका रहने वाली है। प्रत्येक युवा से संपर्क का ऐसा लक्ष्य लेकर भारतीय जनता पार्टी काम कर रही है। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री अंकुर तिवारी ने किया। इस अवसर पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कन्हैया पांडेय, भाजपा जिला महामंत्री कौशल राजपूत, यशवीर सिकरवार पूर्व मंडल अध्यक्ष अजीतमल (बाबरपुर), राजा भदौरिया, अक्षय त्रिपाठी, गौरव पांडेय, रितेश शुक्ला, राहुल गुप्ता, अंकित दुबे युवा मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपाई। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मै **प्रदीप कुमार राय पुत्र स्व0 सन्त कुमार राय, निवासी–2/753, सेक्टर एच कुर्सी रोड, जानकीपुरम्, लखनऊ** –226021, श्रुति राज गुप्ता पत्नी अमित राज गुप्ता जोकि मेरी पुत्री व दामाद है जो ग्राम–तिवारीपुर, तहसील बक्शी का तालाब जिला–लखनऊ के है से सभी रिश्ते समाप्त कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य एवं लेन–देन के वह स्वयं जिम्मेदार होगे। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 0148340 का अंकपत्र यात्रा के दौरान कहीं खो गया है। – **प्रियंका पुत्री अखिलेश निवासिनी– ग्राम कुरसैना तहसील जसवंतनगर, जिला– इटावा**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम AQEEL AHMAD AZEEZ था अब मैने बदलकर अपना नाम AQEEL AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AQEEL AHMAD S/O: ABDUL AZIZ R/O: VILL SAMMANPUR MACHLI GAON, AMBEDKAR NAGAR

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SALMA KHATOON था अब मैने बदलकर अपना नाम SALMA BEGAM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। SALMA BEGAM W/O: MOHAMMAD WASEEM R/O: GHASIYARAN TOLA NANPARA, BAHRAICH

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मनोज कुमार मिश्रा पुत्र श्री कैलाश नाथ मिश्रा, निवासी– ग्राम शेखुई कलां, पोस्ट–ज्योनार, जिला– बलरामपुर,** मेरी वर्ष 2015–16 एम0बी0ए0 जिसका रोल नं0–एम–2152310686 सेमेस्टर लेबल प्रथम एवं चतुर्थ जिनका मूल अंक पत्र की मूल प्रति वास्वत में कहीं खो गयी है ।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम उत्तम गुप्ता के स्थान पर अब उत्तम शुक्ला लिखा एवं पढ़ा जाए। – **उत्तम शुक्ला, स्व0 श्री लक्ष्मी नारायण शुक्ला, मोहल्ला आर्य नगर, नगर पंचायत कोइरीपुर, जनपद सुल्तानपुर, मो0– 842 9289 467**

खेल के मैदान से

विजेता टीम के कप्तान को शील्ड, 5 हजार 100 रुपया व उपविजेता टीम के कप्तान को शील्ड, 3 हजार 100 रुपया का इनाम मिला

# वॉलीबाल : सिसाहट विजेता व हैंवरा बना उपविजेता

संवाददाता भरथना, इटावा

**अमृत विचार।** भरथना नगर के आधा सैकड़ा से अधिक समाजसेवियों की स्मृति में आदर्श वॉलीबाल क्लब भरथना के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के दूसरे व अंतिम दिवस पर बाहर से आयी विभिन्न टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे। कांटे की टक्कर के बीच चले मुकाबले में सिसाहट वॉलीबाल क्लब की टीम विजेता व हैंवरा वॉलीबाल क्लब की टीम उपविजेता रही। दोनों टीमों के कप्तानों को शील्ड व नकद पुरस्कार भेंटकर सम्मानित करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।



विजेता टीम कप्तान को सम्मानित करते विनोद यादव कक्का व पालिकाध्यक्ष अजय कुमार।

भरथना कस्बा के मुहल्ला जवाहर रोड स्थित मिडिल स्कूल प्रांगण में आदर्श वॉलीबाल क्लब भरथना के तत्वावधान में आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता के दूसरे व अन्तिम दिन विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। खिलाड़ियों की जबरदस्त खेल प्रतिभा को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में खेलप्रेमी प्रांगण में डटे रहे। द्वितीय दिवस पर चली प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में सिसाहट- विवेक विहार वॉलीबाल टीम व मुडैना- हैंवरा वॉलीबाल टीम व हैंवरा-मथुरा वॉलीबाल टीम के बीच मुकाबला हुआ। वहीं फाइनल में पहुंची सिसाहट वॉलीबाल टीम व हैंवरा वॉलीबाल टीम के बीच कडा मुकाबला हुआ। जिसमें कडे संघर्ष के उपरान्त सिसाहट वॉलीबाल टीम ने विजयश्री हासिल की तथा उपविजेता की भूमिका में हैंवरा वॉलीबाल टीम रही। प्रतियोगिता में बतौर अतिथि मौजूद पूर्व मंत्री विनोद यादव कक्का व पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू ने क्लब की तरफ से विजेता सिसाहट वॉलीबाल टीम के कप्तान को शील्ड, 5 हजार 100 रुपया नकद व उपविजेता हैंवरा वॉलीबाल टीम के कप्तान को शील्ड, 3 हजार 100 रुपया नगद पुरस्कार के साथ चैयरमैन अजय कुमार यादव गुल्लू ने स्वयं विजेता टीम को 2 हजार 100 रूपये व उपविजेता टीम को 1 हजार 100 रूपये पुरूस्कार स्वरूप भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं वेट लिफ्टिंग के अभिषेक उर्फ हैप्पी विधूना को भी नकद एक हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष सुखराम सिन्धी, शिवमोहन सिंह चौहान, सतेन्द्र यादव टिल्लू, अरविन्द दुबे पप्पू, राधेश्याम उत्तमानी आदि रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खरगपुर ,वि0ख0 चौबेपुर कानपुर नगर**

पत्रांक मेमो/पंचम/पन्द्रहवां वि0आ0/मनरेगा/ग्रा0 पं0/टेन्डर/ दि0 24.02.2024

**अल्प कालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

महामहिम राज्यपाल की ओर से अद्योहस्ताक्षरी द्वारा **ग्राम पंचायत खरगपुर** विकास खण्ड चौबेपुर के जी0एस0टी0 धारकों से वर्ष 23–24 में **ग्राम पंचायत खरगपुर** विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर ग्राम पंचायत की बैठक में अनुमोदित कार्य योजना में प्रस्तावित कार्य के निर्माण कार्य के लिये दि0 **01/03/2024** तक अपरान्ह **1.00** बजे तक निविदा आमन्त्रित की जाती है। विकित निविदाये निविदा बाक्स में निर्धारित समय के अन्दर डाली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदाये स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से दि0 **26/02/2024** पूर्वान्ह से **01/03/2024** प्रत्येक कार्य दिवस में मु 200.00 नकद जमा कर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाये दि0 **01/03/2024** को कार्यालय के कार्य दिवस में अपरान्ह तीन बजे तक ग्राम पंचायत **खरगपुर** के कार्यालय कक्ष में निविदा दाताओं की उपस्थिति में गठित समिति के द्वारा खोली जायेगी। सचिव ग्राम पंचायत **खरगपुर** को यह अधिकार होगा कि किसी या सभी निविदाओ को बिना कारण बताए निरस्त कर दे। प्राक्कलन स्वीकृत के पश्चात एवं कार्य की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार सामग्री की मात्रा घट बढ सकती है।

–:कार्यो का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0 | कार्य व कार्यस्थल का नाम | कार्य की अनुमानित सामग्री/स्वीकृत लागत (लाख में) | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | काली कढही के पास मेन रोड से नुनहा नरसिंह सीमा तक खडंजा निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 200 | 1 माह |
| 2 | कृपाल सिंह के मकान से टेक राम पाण्डेय के मकान तक इण्टरलाकिंग/सी0सी0रोड मरम्मत | प्राक्कलन के अनुसार | 200 | 1 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानो में आवश्यकतानुसार पटिया निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 200 | 1 माह |
| 4 | मोहन सिंह के दरवाजे से रमेश सिंह के मकान तक इण्टरलाकिंग /सी0सी0रोड व नाली मरम्मत निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 200 | 1 माह |
| 5 | श्रीकृष्ण शुक्ला के मकान से हरिवंश सिंह के मकान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 200 | 1 माह |
| 6 | जय नारायण अवस्थी के मकान के सामने से शिव बहादुर सिंह के मकान तक सी0सी0रोड/इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 200 | 1 माह |
| 7 | कृष्ण पाल सिंह के मकान के सामने से शिव बहादुर के मकान तक सी0सी0रोड/इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 200 | 1 माह |

**रामेन्द्र तिवारी**
प्रधान
ग्राम पंचायत खरगपुर
विकास खण्ड –चौबेपुर कानपुर नगर

**रोहन कनौजिया**
सचिव
ग्राम पंचायत खरगपुर
विकास खण्ड –चौबेपुर कानपुर नगर

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 985 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| गेहूं दड़ा | 2525–2550 |
| आरआर 21 | 2700–2750 |
| गेहूं फारम | 2800–2850 |
| जौ | 2000–2100 |
| ज्वार | 2600–4000 |
| बाजरा | 2125–2175 |
| मकाई | 2000–2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200–5400 |
| अरहर | 7500–8000 |
| मसूर | 5500–5600 |
| मटर | 4200–4300 |
| उड़द हरा | 10000–10200 |
| उड़द काला | 6000–8000 |
| मूंग | 8500–8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहर फूल | 14500–14700 |
| अरहर स्पेशल1 | 12200–12400 |
| चना दाल | 7050–7150 |
| मटर दाल | 5050–5150 |
| म्सूर मलका | 6900–6950 |
| मसूर दाल | 7100–7150 |
| उड़द दाल | 9000– 12000 |
| उड़द धोवा | 10500– 13000 |
| मूंग दाल | 8800–10300 |
| मूंग धोवा | 9800–11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 – 2300 |
| बासमती नं1. | 8500 – 10000 |
| सेला | 2500 – 3000 |
| बासमती नं2. | 6500 – 7500 |
| **किराना-मेवा (प्रति क्वि.)** | |
| कली मिर्च | 55000–70000 |
| बड़ीइलायची | 85000–120000 |
| सोंठ | 30000–40500 |
| धनिया | 6000–13000 |
| लालमिर्च | 28000–34000 |
| जीरा | 58000–62000 |
| अजवाइन | 20000–28000। |

# अंगूठा लगाने पर मिलेंगे अनुदानित बीज

## उर्वरक की तर्ज पर पीओएस से होगी बिक्री, अनुदान काटकर सिर्फ लिया जाएगा कृषक अंश

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में उर्वरकों की तरह अनुदानित बीजों की बिक्री बायोमैट्रिक प्वांइट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन से की जाएगी। साथ ही बीज खरीदने पर किसानों को पहले से अधिक रुपये नहीं देने पड़ेंगे, जो सरकार बाद में डीबीटी यानी अनुदान के तौर पर उनके खातों में भेजती है।

नई व्यवस्था में अनुदान काटकर सिर्फ कृष अंश ही लिया जाएगा। इससे किसानों को और राहत मिलेगी। बायोमैट्रिक आधार बेस्ड प्रणाली में अंगूठा लगाने पर किसान की पहचान होगी और उनका पूरा विवरण पीओएस मशीन पर दर्शाएगा। इसमें खतौनी, आधार व बैंक खाता विवरण आदि नहीं देना

● चल रहा परीक्षण, खरीफ 2024-25 में लागू करने की तैयारी



पड़ेगा। जो मैनुअली व्यवस्था में किसान देते आ रहे हैं। सरकार का पीओएस लागू करने का मकसद यह भी है कि इसमें बीजों की खरीद में फर्जीवाड़ा नहीं हो पाएगा। पीओएस का कृषि विभाग एक एजेंसी के साथ मलिहाबाद में परीक्षण कर रहा है। इसे मार्च तक पूरा कर खरीफ 2024-25 में पीओएस मशीन लागू करने की तैयारी है।

### किसानों को नहीं करनी पड़ेगी खोज, खत्म होगा झंझट

बायोमैट्रिक व्यवस्था में किसानों का पंजीयन, रसीद, टोकन, फीडिंग, बैंक विवरण, डीबीटी भेजना आदि कार्य नहीं होंगे। बीज खरीदने वाले किसानों की तलाश और सत्यापन का भी झंझट खत्म होगा। इन सब प्रक्रिया में विभाग के साथ किसानों का समय बचेगा और फौरन लाभ मिलेगा। वास्तविक किसानों को ही योजना का लाभ मिलेगा और इनकी पहचान आसान होगी।

### मिनी किट बांटने में मिली थी सफलता

प्रदेश सरकार ने खरीफ और रबी में बीजों की मिनी किट पीओएस मशीन से बांटे थे। इस प्रक्रिया में काफी आसानी हुई और किसानों को भागदौड़ नहीं करनी पड़ी और न ही किसी तरह के अभिलेख देने पड़े। ठीक इसी तर्ज पर धान, गेहूं, मक्का, दलहन, तिलहन, श्री अन्न डेंचा आदि के अनुदानित बीज पीओएस से बिक्री किए जाएंगे।

> पीओएस से अनुदानित बीजों की बिक्री का परीक्षण चल रहा है। इसमें किसानों के साथ विभाग का काम आसान होगा। पारदर्शिता आएगी और सत्यापन आसान होगा। पहले से अधिक रुपये भी नहीं देने होंगे।
>
> –**बलराम वर्मा**, उपनिदेशक कृषि, लखनऊ

## दस वर्षों में 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गईं

**नई दिल्ली।** मृदा स्वास्थ्य में सुधार और खेती में किसानों की लागत को कम करने के लिए 2014-15 से देश भर में लगभग 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। इसके अलावा, सरकार ने किसानों को 23.58 लाख मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी मुफ्त वितरित किए हैं। इस कदम का उद्देश्य उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देना, लागत में कटौती करना और फसल उत्पादकता को बढ़ावा देना है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि किसानों के कल्याण के मूल में मृदा स्वास्थ्य है। सरकार वर्ष 2014-15 से मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता पर राष्ट्रीय परियोजना के तहत मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजनाएं लागू कर रही है।

# एफपीआई ने बॉन्ड में किया 18,500 करोड़ रु. का निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

● जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये से अधिक किए थे निवेश

भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन सूचकांक में शामिल करने के फैसले की वजह से देश के ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का रुझान मजबूत बना हुआ है। इस महीने अबतक एफपीआई ने भारतीय बॉन्ड बाजार में 18,500 करोड़ रुपये डाले हैं।

इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने भारतीय बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये से अधिक डाले थे। यह पिछले छह साल में किसी एक माह में उनके निवेश का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इससे पहले जून 2017 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये का निवेश किया था।फिडेलफोलियो के संस्थापक एवं स्मॉलकेस प्रबंधक किस्लय उपाध्याय ने कहा, 'इस वर्ष वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में भारत के प्रवेश के साथ आगे चलकर भारतीय ऋण बाजार में प्रवाह स्थिर रहेगा। इसके अलावा इस वर्ष जून में जेपी मॉर्गन सूचकांक में भारत सरकार के बॉन्ड के शामिल होने से पहले भी गतिविधियों में तेजी देखने को मिल सकती हैं।'

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस महीने अबतक एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 424 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650–47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,500 |
| चांदी तैयार | 72,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 714 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 71,900। |

# देश में विलय–अधिग्रहण सौदों की संख्या में 10% की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

● पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 793 रही संख्या

भारत में 2023 के दौरान विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदों की संख्या सालाना आधार पर 10 प्रतिशत गिरकर 793 रह गई। पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में एमएंडए के लिए कुल घोषित सौदे के मूल्य में 38 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पीई (प्राइवेट इक्विटी) निवेश कुल 36 अरब अमेरिकी डॉलर था। यह राशि 2022 के मुकाबले 36 प्रतिशत की भारी गिरावट को दर्शाती है। इस गिरावट के बावजूद प्रति सौदा



औसत निवेश 2022 में 4.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 4.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। पीडब्ल्यूसी इंडिया के पार्टनर दिनेश अरोड़ा ने कहा पूरे साल सीमित सौदों के बावजूद आखिरी तिमाही में कुछ गतिविधियां हुईं, जिससे हमें 2024 में तेजी की उम्मीद है।

## आईओसी, ओएनजीसी व गेल पर लगातार तीसरी तिमाही जुर्माना लगा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज तेल और गैस कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), ओएनजीसी और गेल (इंडिया) पर उनके निदेशक मंडल में निदेशकों की अनिवार्य संख्या रखने के मानदंड को पूरा नहीं करने के चलते लगातार तीसरी तिमाही में जुर्माना लगाया गया है। शेयर बाजार पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, आईओसी, ओएनजीसी और ओआईएल, गेल व तेल रिफाइनरी एचपीसीएल एवं मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) पर कुल 32.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# एक दशक में दोगुना हुआ परिवारों का मासिक खर्च

नई दिल्ली, एजेंसी

● राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय के ताजा अध्ययन में खुलासा

देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है। राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन से यह जानकारी मिली है। आधिकारिक बयान के अनुसार, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत एनएसएसओ ने अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के दौरान परिवारों का उपभोग खर्च सर्वे (एचसीईएस) आयोजित किया।

इस सर्वेक्षण का उद्देश्य देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों के लिए



घरेलू मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) और इसके वितरण का अलग-अलग अनुमान तैयार करना है। सर्वेक्षण के अनुसार, मौजूदा कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में औसत एमपीसीई (बिना वैकल्पिक आंकड़ों के) 2011-12 के 2,630 रुपये से 2022-23 में दोगुना से अधिक होकर 6,459 रुपये हो गया है। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में यह 1,430 रुपये से बढ़कर 3,773 रुपये हो गया है। अध्ययन के अनुसार, 2011-12 की कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में औसत एमपीसीई (बिना वैकल्पिक आंकड़ों के) 2011-12 के 2,630 रुपये से बढ़कर 2022-23 में 3,510 रुपये हो गया है।

इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में यह 1,430 रुपये से बढ़कर 2,008 रुपये हो गया है। इससे पता चला कि शहरी क्षेत्रों में मौजूदा कीमतों पर औसत एमपीसीई (वैकल्पिक आंकड़ों के साथ) भी 2011-12 के 2,630 रुपये से बढ़कर 2022-23 में 6,521 रुपये हो गया है।



# भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में छू रहीं नई ऊंचाइयां

## रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 110वीं और अपने मौजूदा काल की आखिरी कड़ी में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'नारी शक्ति' की प्रशंसा की और कहा कि वे हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 110वीं कड़ी में कहा कि आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को सलाम करने का अवसर है।

मोदी ने कहा, 'आज देश में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां नारी शक्ति पीछे रह गई हो। एक अन्य क्षेत्र जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है, वह प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता है।' उन्होंने कहा कि देश की 'मातृशक्ति' धरती मां को



### 'तीन माह बाद 111वीं कड़ी में नई ऊर्जा के साथ मिलूंगा'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 'मन की बात' का प्रसारण अगले तीन महीने नहीं होगा और इसके बाद आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी में वह नई ऊर्जा के साथ लोगों से मिलेंगे। इस कार्यक्रम की 110वीं कड़ी में मोदी ने मार्च के महीने में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने की संभावना जताई। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह 'मन की बात' की बहुत बड़ी सफलता है कि इसकी पिछली 110 कड़ियों को 'सरकार की परछाई से भी दूर' रखा गया है।

बचाने में बड़ी भूमिका निभा रही है, जो रसायनों के कारण पीड़ा और कठिनाइयों का सामना कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को देश के हर कोने में पहुंचा रही हैं। आज अगर जल जीवन मिशन के तहत देश में इतना काम हो रहा है तो उसमें जल समितियों की बड़ी भूमिका रही है। इन जल समितियों का नेतृत्व केवल महिलाओं के पास है।'

**सीतापुर की ड्रोन दीदी से की बात:** प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ साल पहले तक किसने सोचा होगा कि भारत में भी गांवों में रहने वाली महिलाएं ड्रोन उड़ाएंगी। उन्होंने कहा, 'लेकिन आज यह संभव हो रहा है। आज हर गांव में ड्रोन दीदी की कितनी चर्चा है। 'नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी' हर किसी की जुबान पर है।' प्रधानमंत्री ने यूपी के सीतापुर की 'ड्रोन दीदी' सुनीता से भी बात की। सुनीता ने अपने ड्रोन प्रशिक्षण के बारे में बात की और बताया कि यह खेती में कैसे मदद करता है।

उन्होंने कहा, 'महान कवि भरतियार जी ने कहा है कि दुनिया तभी समृद्ध होगी, जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है। बहनें-बेटियां जल संरक्षण के लिए भरसक प्रयास कर रही हैं।' मोदी ने महाराष्ट्र की कल्याणी प्रफुल्ल पाटिल से भी बात की और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने के लिए उनके काम की सराहना की। उन्होंने कहा, 'चाहे सुनीता जी हों या कल्याणी जी, विभिन्न क्षेत्रों में नारी शक्ति की सफलता बहुत प्रेरणादायक है। मैं एक बार फिर हमारी नारी शक्ति की इस भावना की हृदय से सराहना करता हूं।'

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों के जीवन में प्रौद्योगिकी के बढ़ते महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'मोबाइल फोन और डिजिटल गैजेट्स हर किसी के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। डिजिटल गैजेट्स की मदद से अब हमें जंगली जानवरों के साथ संतुलन बनाने में मदद मिल रही है।'

# संविधान बदलने के किए जा रहे प्रयास

बेंगलुरु, एजेंसी

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने लगाए आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को दावा किया कि संविधान को बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को चेताया कि अगर वे आगामी लोकसभा चुनाव में मजबूती से और एकजुट होकर खड़े नहीं हुए तो भारत में निश्चित रूप से तानाशाही होगी। वह यहां 'संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन-2024' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

खरगे ने दावा किया, 'कई लोग संविधान को मिटाने या बदलने की कोशिश कर रहे हैं। यदि आप आगामी चुनाव में मजबूत और एकजुट नहीं होते हैं और यदि संविधान प्रभावित होता है, तो यह निश्चित है कि आने वाले दिनों में इस देश में तानाशाही होगी। क्या आप तानाशाही चाहते हैं या न्याय के साथ जीवन जीना चाहते हैं, यह



'संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन' में खरगे, येचुरी व अन्य नेता।

(तय करना) महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा कि अगर संविधान बचेगा, तो इस देश की एकता बचेगी। अगर लोकतंत्र बचा रहेगा, तो हर कोई समृद्धि के साथ रह सकता है, लेकिन आज केंद्र में ऐसी सरकार नहीं है, जो या तो संविधान की रक्षा करती हो या संविधान को ध्यान में रखकर काम करती हो। कांग्रेस अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इसीलिए संविधान की रक्षा करना और उसका पालन करना सबसे महत्वपूर्ण है। खरगे ने नागरिकों से एक निश्चित विचारधारा थोपने की कोशिश करके उन्हें गुमराह करने के प्रयासों से सावधान रहने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा संविधान को हटाकर नया संविधान बनाने की साजिश की जा रही है।

## एक नजर

### संघ कार्यालय के खाली मैदान में मिला हथगोला

**भिंड।** शहर में स्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यालय परिसर के खाली मैदान में एक निष्क्रिय हथगोला मिला है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह 30 से 35 साल पुराना है। पुलिस अधीक्षक असित यादव ने कहा कि हथगोला संभवत: पास के इलाके से संघ कार्यालय परिसर में पहुंचा, जहां पहले डीडी गांव में पुलिस फायरिंग रेंज थी। उन्होंने बताया कि खोजी कुत्तों के साथ एक बम निरोधक दस्ते को मौके पर भेजा गया और पाया गया कि हथगोला निष्क्रिय था।

### कांग्रेस विधायक वेंकटप्पा नाइक का निधन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के शोरापुर से कांग्रेस विधायक राजा वेंकटप्पा नाइक का रविवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 64 वर्ष के थे और दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ। वेंकटप्पा नाइक के निधन की पुष्टि 'मणिपाल अस्पताल' ने अपराह्न 1 बजकर करीब 50 मिनट पर की। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि उनके परिवार ने निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। चार बार के विधायक को हाल ही में कर्नाटक राज्य भंडारण निगम के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

## वायुसेना विमान से लाया गया लिवर, पूर्व सैनिक की जान बची

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सेना के एक अस्पताल से चिकित्सकों के एक दल को लिवर लाने के लिए पुणे ले जाने के वास्ते बहुत कम समय में भारतीय वायुसेना के डोर्नियर विमान को तैनात किया गया, जिससे यहां एक पूर्व सैन्य कर्मी की जान बचाई गई। वायुसेना ने रविवार को विमान और चिकित्सकों के दल की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा कीं।

## बीजापुर में आईईडी विस्फोट में जवान शहीद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक 'प्रेशर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) में रविवार को विस्फोट होने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मिरतुर थाना क्षेत्र के बेचापाल पदमपारा गांव के पास अपराह्न करीब 3.30 बजे घटी। सीएएफ का एक दल इलाके में नियंत्रण हासिल करने के अभियान पर निकला हुआ था। उन्होंने कहा कि बेचापाल पुलिस शिविर से कुतुलपारा गांव की तरफ यह अभियान शुरू किया गया था। अधिकारी ने बताया कि जब यह दल शिविर के पास पहुंचा, तो सीएएफ की 19वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल राम आशीष यादव का पैर गलती से प्रेशर आईईडी पर पड़ गया और विस्फोट होने से उनकी मृत्यु हो गई।

## अरुणाचल में कांग्रेस-एनपीपी के दो-दो विधायक भाजपा में शामिल

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में चुनाव से पहले कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के दो-दो विधायक सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री निनोंग ईरिंग (पासीघाट पश्चिम सीट) और वांगलिन लोवांगडांग (बोरदुरिया-बोगापानी निर्वाचन क्षेत्र) और एनपीपी के मुच्चू मीठी (रोइंग विधानसभा) और गोकर बसर (बसर विधानसभा) यहां स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में एक समारोह के दौरान पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए।

## इनेलो नेता की झज्जर में गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़।** हरियाणा के झज्जर जिले में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी की अज्ञात हमलावरों ने रविवार को गोली मारकर हत्या कर दी।

पूर्व विधायक राठी एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में जा रहे थे। इसी दौरान झज्जर के बहादुरगढ़ शहर में कार सवार हमलावरों ने उन पर हमला किया। इनेलो नेता अभय चौटाला ने को बताया कि राठी की झज्जर जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने सरकार पर राठी की जान को खतरा होने के बावजूद सुरक्षा मुहैया कराने में विफल रहने का आरोप लगाया और राज्य के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# बिहार के कैमूर में भीषण सड़क हादसा, नौ की मौत

पटना, एजेंसी

● दुर्घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर लगा लंबा जाम

बिहार के कैमूर जिले में रविवार देर शाम एनएच-2 पर भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना मोहनिया थाना क्षेत्र में देवकली के समीप हुई। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो सवार सासाराम की तरफ से वाराणसी की तरफ जा रहा है। वाहन जैसे ही देवकली गांव के समीप पहुंचा, एक बाइक सवार को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ



चला गया, जहां सामने से आ रहे कंटेनर में टकरा गया। इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार, बाइक चालक सहित कुल नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद एनएच-2 पर गाड़ियों का लंबा जाम लग गया, जहां सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

## दो दशक से फरार सिमी का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के 47 वर्षीय एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। सिमी के सदस्य ने कई भोले-भाले युवाओं को गुमराह करने के अलावा प्रतिबंधित संगठन की एक पत्रिका का संपादन भी किया था। पुलिस के मुताबिक, हनीफ शेख पिछले 22 साल से फरार था। अधिकारियों ने बताया कि उसे 22 फरवरी को महाराष्ट्र के जलगांव जिले के भुसावल से पकड़ा गया, जहां वह अपनी पहचान बदलकर एक उर्दू स्कूल में शिक्षक था। वर्ष 2001 में राष्ट्रीय राजधानी के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस थाने में उसके खिलाफ राजद्रोह और यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# कस्टडी में रेप के 275 मामले हुए दर्ज, सर्वाधिक यूपी में

नई दिल्ली, एजेंसी

● एनसीआरबी ने वर्ष 2017 से 2022 तक के आंकड़े किए जारी, दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार 2017 से 2022 तक हिरासत में बलात्कार के 270 से अधिक मामले दर्ज किए गए। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इन घटनाओं के लिए कानून प्रवर्तन प्रणालियों में संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार बताया है।

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, अपराधियों में पुलिसकर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य और जेलों, सुधार गृहों, हिरासत स्थलों एवं अस्पतालों के कर्मचारी शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार,



2017 में 89 में मामले दर्ज किए गए थे, जो 2018 में घटकर 60, वर्ष 2019 में 47, वर्ष 2020 में 29, वर्ष 2021 में 26 और 2022 में 24 रह गए। इससे पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में ऐसे मामलों में धीरे-धीरे कमी आई है। हिरासत

**यह लोग होते हैं अपराधी:** एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, अपराधियों में पुलिसकर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य के अलावा जेलों, सुधार गृहों, हिरासत स्थलों एवं अस्पतालों के कर्मचारी भी शामिल हैं। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इन घटनाओं के लिए कानून प्रवर्तन प्रणालियों में संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार बताया है।

में बलात्कार के मामले भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) के तहत दर्ज किए जाते हैं। वर्ष 2017 के बाद से हिरासत में बलात्कार के दर्ज किए गए 275 मामलों में से, सबसे अधिक 92 मामले यूपी में दर्ज किए गए। इसके बाद 43 मामलों के साथ मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा।

'पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया' की कार्यकारी निदेशक पूनम मुत्तरेजा ने कहा, "हिरासत व्यवस्था दुर्व्यवहार के लिए ऐसे अवसर प्रदान करती है, जहां सरकारी कर्मचारी अक्सर अपनी शक्ति का इस्तेमाल यौन इच्छा पूरी करने के लिए करते हैं।"

पूनम मुत्तरेजा ने कहा, "ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां महिलाओं को उनके संरक्षण या उनकी कमजोर स्थिति, जैसे तस्करी या घरेलू हिंसा के कारण हिरासत में लिया गया और उनके साथ यौन हिंसा की गई, जो प्रशासनिक संरक्षण की आड़ में शक्ति के दुरुपयोग को दर्शाता है।"

## एक नजर

### महाराष्ट्र राज्य परिवहन बस में लगी आग, बाल-बाल बचे यात्री

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे में रविवार को राज्य परिवहन की एक बस में आग लगने से उसमें यात्रा कर रहे लगभग 45 यात्री बाल-बाल बच गए। यह घटना सुबह के 8:18 मिनट की है। यह घटना तब घटी जब बस 40-45 यात्रियों को लेकर पड़ोसी रायगढ़ जिले के खोपट बस डिपो से पाली की तरफ जा रही थी। बस में अचानक से आग लग गई। घटना की जानकारी पाकर पुलिस ने आपदा प्रबंधन सेल को इसकी सूचना दी। स्थानीय दमकल और आपदा प्रबंधन सेल के कर्मचारियों ने यात्रियों को बस से बाहर निकाला इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। आग लगने का कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।



**आगरा।** विश्व की धरोहर ताजमहल की साए में सालों पुरानी पुष्प प्रदर्शनी को अध्यात्म से सजाया गया है। इस बार प्रदर्शनी ताजमहल के पार्श्व में लगाई गई है। पर्यटक प्रदर्शनी में फूलों से बनाई हनुमान, सीता, जटायु और जामवंत की आकृति के साथ-साथ ताजमहल का भी दीदार कर सकेंगे।

### प्रख्यात फिल्मकार कुमार साहनी का बंगाल के अस्पताल में निधन

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के प्रख्यात फिल्म निर्माता कुमार साहनी का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



उन्होंने माया दर्पण, चार अध्याय और कस्बा जैसी फिल्मों का निर्देशन किया। साहनी की करीबी दोस्त और अभिनेत्री मीता वशिष्ठ ने बताया कि निर्देशक का शनिवार रात कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। कुमार के साथ काम कर चुकीं वशिष्ठ ने कहा, बीमारी के कारण उनका निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। अभिनेत्री ने कहा साहनी के परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं।

### इजराइल-हमास युद्धविराम के प्रयास में जुटे अमेरिका-अरब देश

**वाशिंगटन।** करीब पांच महीने से जारी गाजा युद्ध में दूसरी बार युद्धविराम की स्थितियां बन रही हैं। यह युद्धविराम भी सीमित समय के लिए होगा और इसका मुख्य उद्देश्य गाजा में बंधक बने करीब 130 इजराइली नागरिकों को मुक्त कराना होगा। इन हमलों के बीच इजराइली सेना ने विस्थापितों के बीच बचकर भाग रहे कई हमास लड़ाकों को पकड़ा है। अमेरिका और अरब देश में युद्धविराम का प्रयास कर रहे हैं। पेरिस में हुई बैठक से युद्ध समाधान होने की संभावना है।

# पाकिस्तान के पंजाब में सीएम का चुनाव आज, मरियम नवाज पर टिकी निगाहें

## नवाज शरीफ की पार्टी के पास पंजाब विधानसभा में है दो-तिहाई बहुमत

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री



नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनेंगी। आज मुख्यमंत्री के रूप में निर्वाचित होने जा रही हैं। शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पंजाब विधानसभा में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर दोनों पद हासिल कर लिए हैं।

पंजाब विधानसभा के सचिव आमेर हबीब ने कहा, 'पंजाब के मुख्यमंत्री का चुनाव सोमवार को होगा। उम्मीदवार रविवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

चूंकि, पाकिस्तान के इतिहास में पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरियम का पहली महिला मुख्यमंत्री बनना तय माना जा रहा है क्योंकि उनकी पार्टी के पास अब पंजाब विधानसभा में दो-तिहाई बहुमत है। इसलिए पद को अपने नाम करने में कोई समस्या नहीं आएगी। बता दें, मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव पीएमएल-एन की मरियम नवाज और पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार राणा आफताब अहमद के बीच होगा। पंजाब विधानसभा के मैराथन सत्र में शनिवार को विधायकों ने गुप्त मतदान के जरिए पीएमएल-एन नेता मलिक अहमद खान को सदन का संरक्षक और जहीर इकबाल चन्नार को उपमुख्यमंत्री चुना। मलिक अहमद खान शरीफ के वफादार हैं, जिन्होंने पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार मलिक अहमद खान बच्छार को हराया था।

### खैबर पख्तूनख्वा में लगातार तीसरी बार बनेगी पीटीआई सरकार

पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री



इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) लगातार तीसरी बार खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) में सरकार बनाने को तैयार है। इसके लिए 28 फरवरी को विधानसभा सत्र बुलाया गया है। राज्यपाल के कार्यलय से जारी आदेश के अनुसार 'खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) प्रांत के राज्यपाल हाजी गुलाम अली ने शनिवार को प्रांत के मुख्यमंत्री के चुनाव के लिए 28 फरवरी को प्रांतीय विधानसभा का सत्र बुलाया है। केपीके विधानसभा में आरक्षित सीटों पर निर्वाचित 10 महिलाओं और चार अल्पसंख्यकों सहित कुल 145 सदस्य हैं।

### 9 मार्च को होगा राष्ट्रपति चुनाव, आसिफ अली जरदारी रेस में आगे

पाकिस्तान में हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लग रहे हैं। इन आरोपों से बेखबर पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति चुनाव कराने की तैयारी कर ली है। चुनाव आयोग ने 9 मार्च को राष्ट्रपति चुनाव कराने का एलान कर दिया है। पाकिस्तान के उच्च सदन सीनेट से आधे सदस्य अपना छह साल का कार्यकाल पूरा कर जल्द ही रिटायर होने वाले हैं। ऐसे में सीनेटर्स के रिटायरमेंट से दो दिन पहले 9 मार्च को राष्ट्रपति पद का चुनाव कराया जाएगा। पाकिस्तान का राष्ट्रपति बनने की रेस में पीपीपी नेता आसिफ अली जरदारी सबसे आगे हैं। पीपीपी के एक नेता ने बताया कि मौजूदा सीनेटर्स राष्ट्रपति का चुनाव करेंगे। नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व में छह पार्टियां आसिफ अली जरदारी को समर्थन दे रहे हैं।

## कुलगाम में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड चार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी चार आतंकियों को गिरफ्तार कर पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को बताया है कि, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) यूए (पी) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले पर कार्रवाई करते हुए, 1 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और 18 बीएन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ कुलगाम में चार आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार कर, उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया है।

आतंकवादी सहयोगियों की पहचान जहूर अहमद पंडित, बसीर हुसैन पंडित, इम्तियाज गुल और गुलजार अहमद खार के रूप में की गई है। सभी वानपोरा के रहने वाले हैं। पुलिस ने कहा कि उनके कब्जे से एक पिस्तौल, दो पिस्तौल मैगजीन, 20 पिस्तौल राउंड, चार यूबीजी और 24 इंसास राउंड बरामद किए गए हैं। पुलिस ने कहा-मामले की जांच जारी है।

## हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर अमेरिका-ब्रिटेन का हमला



रविवार को यमन में अमेरिका-ब्रिटेन के हवाई हमले के बाद ठिकानों से उठता धुआं।

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका और ब्रिटिश सेना द्वारा हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर कार्रवाई जारी है। अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने ये कार्रवाई लाल लागर और अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों द्वारा जहाजों पर किए जा रहे हमले के जवाब में की है।

अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने शनिवार को यमन में एक दर्जन से अधिक हूती ठिकानों को तबाह किया है। अमेरिका ने यमन के सबसे अधिक आबादी वाले हिस्सों पर नियंत्रण रखने वाले हूती विद्रोहियों को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया है कि ये सैन्य कार्रवाई यमन में आठ स्थानों पर की गई है, जिसमें हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों को तबाह किया गया है।

इनमें भूमिगत हथियार और मिसाइल भंडारण सुविधाएं, वायु रक्षा प्रणाली, रडार और एक हेलीकॉप्टर शामिल थे। बता दें कि अमेरिका और ब्रिटिश सेना की इस कार्रवाई को ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड का समर्थन मिला है। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित समाचार एजेंसी अल मसीरा टीवी ने शनिवार को कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन की सेना ने राजधानी सना में सिलसिलेवार हमले किए हैं।

## मुझे मारना चाहते हैं फडणवीस मनोज जरांगे ने लगाया आरोप

**मुंबई, एजेंसी**



- कहा आंदोलन को कमजोर करने की साजिश की जा रही

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने राज्य सरकार पर सरकारी नौकरियों और शिक्षा में समुदाय के लिए आरक्षण के लिए चल रहे उनके आंदोलन को कमजोर करने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा- आंदोलन को कमजोर करने के लिए साजिश की जा रही है। मनोज जरांगे ने रविवार को एलान किया कि वह महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास के बाहर प्रदर्शन करेंगे। जालना के अंतरवाली सराटी में जरांगे ने करीब एक घंटे तक भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने फडणवीस के खिलाफ कई आरोप लगाए। जरांगे ने कहा, कुछ लोगों को मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए लालच दिया जा रहा है। उन पर दबाव डाला जा रहा है। इन साजिशों के पीछे फडणवीस का हाथ है। वह मुझे मारना चाहते हैं। मैं सागर बंगले (मुंबई के मालाबार हिल में फडणवीस का आधिकारिक आवास) तक मार्च करने के लिए तैयार हूं। इस एलान ने उनके समर्थकों को हैरान कर दिया।

इस एलान से सभा स्थल पर अफरातफरी मच गई। जरांगे के समर्थक बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे। उनमें से जब कुछ ने उनका माइक्रोफोन छीनने की कोशिश की तो जरांगे ने कहा कि वह अकेले मुंबई तक मार्च करेंगे।

## यूएई में नई भर्ती नीति से भारतीयों की नौकरी में कटौती की आशंका

**दुबई, एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में नौकरियों में नई नीति लागू करने से भारतीयों की नौकरियों पर व्यापक असर पड़ने की आशंका पैदा हो गई है। नई नीति के तहत प्रत्येक कंपनी को 20 फीसदी कर्मचारी विविध नागरिकता के रखने होंगे।

यूएई सरकार ने इसे कार्यबल में अधिक विविधता का नाम दिया है। यूएई की सरकार का कहना है कि इससे कार्यक्षेत्र में अलग-अलग देशों के लोगों की भागीदारी में वृद्धि होगी। संयुक्त अरब अमीरात में आम चलन है कि अभी जिस भी नागरिकता के कंपनी मालिक होते हैं उनका प्रयास होता है कि वे अपने देश के नागरिकों ही नौकरी पर रखें। कई भारतीय अथवा यूं कहें कि किसी भी अन्य नागरिकता के मालिक की कोशिश होती है कि अपने ही देश के लोगों को ही रखते हैं। नए नियम से भारतीय उद्यमियों को भी 20% जॉब्स अन्य देशों के लोगों को देने होंगे। यूएई में वर्तमान में 39 लाख भारतीयों में से 35 लाख वर्कफोर्स में हैं।

## बंगाल : लोस चुनाव से पहले तैनात होंगी केंद्रीय बलों की 150 कंपनियां

**कोलकाता, एजेंसी**

बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति और पूर्व में चुनावी हिंसा के इतिहास को देखते हुए केंद्रीय चुनाव आयोग ने एक अभूतपूर्व फैसले में लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही राज्य में केंद्रीय बलों को भेजने का फैसला किया है।

केंद्रीय चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया कि चुनाव की घोषणा से पहले मार्च के पहले सप्ताह में ही केंद्रीय बलों की 150 कंपनियां बंगाल पहुंच जाएगी। इनमें 100 कंपनी एक मार्च को जबकि बाकी 50 कंपनी सात मार्च को पहुंचेगी। चुनाव की तैयारियों के संबंध में स्थिति का जायजा लेने के लिए चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ तीन मार्च को बंगाल के दौरे पर आने वाली है, जो पांच मार्च तक यहां रहेगी। उससे पहले ही केंद्रीय बलों को भेजने का निर्णय लिया गया है। 10 मार्च के बाद देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा का



अनुमान है। आयोग के अनुसार, शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने और मतदाताओं में विश्वास जगाने के लिए चुनाव से काफी पहले से ही राज्य के संवेदनशील हिस्सों में केंद्रीय बलों की तैनाती का निर्णय लिया गया है।

बंगाल के चुनावी इतिहास में यह पहली बार है जब चुनाव की घोषणा से पहले ही केंद्रीय बलों की तैनाती होने जा रही है। राज्य में मुख्य विपक्षी भाजपा ने आयोग के इस फैसले का स्वागत किया है।

## आज केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** मानहानि मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा।

2018 में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ध्रुव राठी की ओर से जारी एक वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा करने से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में जारी समन को हाईकोर्ट के आदेश में बरकरार रखा गया था। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ इस मामले पर सोमवार को सुनवाई कर सकता है। पांच फरवरी को दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि कथित अपमानजनक सामग्री को दोबारा पोस्ट करने पर मानहानि का कानून लागू होगा।

### किसानों का हंगामा...





**पेरिस :** फ्रांस में किसान आंदोलन तेज होता जा रहा है। किसान लालफीताशाही, खाद्य पदार्थों के आयात और यूरोपीय संघ की पर्यावरण नीतियों का विरोध कर रहे हैं। इस क्रम में कृषि मेले के अंदर किसानों ने हंगामा किया। उनका पुलिस से भी सामना हुआ। उन्होंने राष्ट्रपति मैक्रों के खिलाफ नारेबाजी कर इस्तीफे की मांग की। कई किसानों को गिरफ्तार भी किया गया है। कुछ प्रदर्शनकारियों ने नेताओं के घर के बाहर दीवार बनाकर विरोध जताया। उनका कहना था कि वह भ्रष्ट नेताओं का रास्ता ही बंद कर देंगे। ● एजेंसी

## मणिपुर में छापेमारी के दौरान हथियार-विस्फोटक बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एक अन्य छापेमारी में पश्चिमी इंफाल जिले के कीसपंत से तीन लोगों को किया गिरफ्तार

मणिपुर पुलिस ने चुराचांदपुर जिले के दो गांवों में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। सुरक्षा बलों ने हाओलेनजांग गांव के बाहरी इलाके में चार आग्नेयास्त्र, एक मोर्टार और गोला-बारूद जब्त किया। एक अधिकारी ने बताया कि उनके पास से 120 रुपये के नकली नोट भी मिले।

वहीं एक अन्य छापेमारी में पश्चिमी इंफाल जिले के कीसपंत जंक्शन से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से दो एसएलआर राइफलें भी जब्त की गई है। एक अधिकारी ने बताया कि उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है। असम के कर्बी आंगलोंग जिले में तीन लोगों को भारी हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान चलाया, जिसके तहत आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद आरोपी पुलिस को उस स्थान पर ले गए, जहां उन्होंने हथियार छिपाकर रखा था। हथियार प्लास्टिक के पैकेट में लपेटकर रखा हुआ था। हथियार में एके श्रृंखला वाली राइफल्स और मैगजीन्स भी शामिल थी।

## महिलाओं के स्थायी कमीशन मामले में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) की महिला अधिकारी प्रियंका त्यागी की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा, जिसमें भारतीय तटरक्षक बल में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने की मांग की गई है।

हालांकि, पहले की सुनवाई में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने से इन्कार करने के लिए केंद्र और भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि आईसीजी में महिलाओं के उत्थान के लिए ऐसी नीति बनानी चाहिए, जो महिलाओं के लिए ईमानदारी से काम करें। कोर्ट ने केंद्र से कहा- सेना और नौसेना महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन दे रही है, तो तटरक्षक बल को अछूता नहीं रखा जा सकता।

## भारत-जापान सैन्य अभ्यास शुरू दो सप्ताह तक दिखाएंगे ताकत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और जापान ने रविवार को राजस्थान के 'महाजन फील्ड फायरिंग रेंज' में दो सप्ताह का सैन्य अभ्यास शुरू किया। यह अभ्यास आम सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने को लेकर सहयोग बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच अभ्यास 'धर्म गार्जियन' भारत-जापान सामरिक सहयोग के व्यापक ढांचे के तहत आयोजित किया जा रहा है। यह एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है और बारी-बारी से भारत व जापान में आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों की टुकड़ी में 40-40 जवान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया



कि जापानी दल का प्रतिनिधित्व 34वीं इन्फैंट्री रेजिमेंट के जवान कर रहे हैं जबकि भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन कर रही है।

भारतीय सेना ने कहा कि अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग और संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए दोनों पक्षों की क्षमताओं को बढ़ाना है। उन्होंने आगे कहा कि इस दौरान अस्थायी ऑपरेटिंग बेस को तैयार करना, एक खुफिया-निगरानी और टोही ग्रिड बनाना जैसे अभ्यास किए जाएंगे।

## प्राइमरी चुनाव में ट्रंप की बड़ी जीत, निक्की को दी शिकस्त

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- साउथ कैरोलाइना जीत के बाद राष्ट्रपति पद की दौड़ में एक कदम और आगे बढ़े ट्रंप




अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ में डोनाल्ड ट्रंप को बड़ी सफलता मिली है। डोनाल्ड ट्रंप ने साउथ कैरोलिना में हुए रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव जीत लिया है। उन्होंने निक्की हेली को उनके गृह राज्य में मात दी है।

मीडिया के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले आयोवा, न्यू हैम्पशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स और निक्की हेली के गृह राज्य साउथ कैरोलिना में जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही ट्रंप राष्ट्रपति पद की दौड़ में एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप से साउथ कैरोलिना में मिली हार के बाद निक्की हेली ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही यह साफ कर दिया है कि कैरोलिना में चाहे कुछ भी हो जाए, मैं राष्ट्रपति पद की रेस को आगे भी जारी रखूंगी। मैं अपने शब्दों पर कायम रहने वाली महिला हूं। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की जीत से निक्की हेली पर दबाव बढ़ेगा, जो 2011 से 2017 तक साउथ कैरोलिना की पूर्व गवर्नर थीं। हालांकि, उन्होंने साउथ कैरोलिना में मिली हार के बाद 5 मार्च को होने वाले 'सुपर मंगलवार' के जरिये राष्ट्रपति पद की रेस में बने रहने का संकल्प लिया है। निक्की हेली ने हाल के दिनों में कहा था कि वह 5 मार्च को होने वाले रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव के लिए सीधे मिशिगन जाएंगी।

## राष्ट्रपति बाइडन ने शी जिनपिंग को बताया रूस का राष्ट्रपति

- अमेरिकी राष्ट्रपति की याददाश्त पर फिर उठे गंभीर सवाल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को उनकी कमजोर याददाश्त और बढ़ती उम्र के चलते कई बार आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा है।

अब एक बार फिर जो बाइडन गलती कर गए हैं। दरअसल एक कार्यक्रम में बोलते हुए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को जो बाइडन ने रूस का राष्ट्रपति बता दिया। बाइडन ने तुरंत ही उन्होंने खुद को सही किया और जिनपिंग को चीन का राष्ट्रपति बताया। बाइडन ने पुराना किस्सा बताते हुए कहा कि 'वह (बराक ओबामा) चाहते थे कि मैं शी जिनपिंग के बारे में जानकारी हासिल करूं क्योंकि ये साफ था कि वे (जिनपिंग) रूस के राष्ट्रपति बनने जा रहे थे, नहीं चीन के।

**आयोजन** मुकेश अंबानी के बेटे अनंत के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में एक हजार से ज्यादा वीआईपी मेहमानों को न्योता, बिल गेट्स, इवांका, जुकरबर्ग भी होंगे शामिल

# शाही जश्न... अनंत-राधिका का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन 1 से 3 मार्च तक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत, और एनकोर हेल्थकेयर के सीईओ वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका जुलाई को मुंबई में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इससे पहले 1 से 3 मार्च तक गुजरात के जामनगर में प्री- वेडिंग सेलिब्रेशन होगा।

रिलायंस टाउनशिप में जश्न की तैयारियां जोरों पर हैं। देश-दुनिया की दिग्गज हस्तियां इस सेलिब्रेशन में शामिल होंगी। सूत्रों के मुताबिक एक हजार मेहमानों को निमंत्रण भेजा गया है। शादी से पहले होने वाले समारोहों में बड़े उद्योगपतियों, फिल्मी सितारों से लेकर क्रिकेटरों को शामिल होने का न्योता दिया गया है। 1 मार्च को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक मुंबई और दिल्ली से विशेष चार्टर्ड विमान स उपलब्ध



रहेंगे, जो मेहमानों को जामनगर लेकर स पहुंचेंगे। उन्हें 3 घंटे के भीतर लॉन्ड्री सेवा मिल जाएगी। हर मेहमान के लिए अलग हेयर अ स्टाइलिस्ट, साड़ी ड्रेपर और मेकअप सर्विस उपलब्ध रहेगी। मेहमानों को मनपसंद खाने के ने साथ मेडिकल सुविधाएं भी दी जाएंगी। **तीनों दिन की अलग थीम, वैसा ही ड्रेस कोडः** पहले दिन की थीम 'इवनिंग इन एवरलैंड' रखी गई है, इसके लिए ड्रेस कोड 'एलिगेंट कॉकटेल रहेगा।

अगले दिन की थीम 'ए वॉक ऑन द वाइल्डसाइड' है, इसमें ड्रेस कोड थीम जंगल फीवर रखा है। इसमें मेहमानों को सिंपल ड्रेस और आरामदेह फुटवियर पहनने का आग्रह किया जाएगा। इसके बाद मेला रूज इवेंट होगा। इसमें चमकदार भारतीय ड्रेसेस अहम रहेंगी। तीसरे दिन की थीम टस्कर टेल्स रखी गई है। इसमें ड्रेस कोड कैजुअल ठाठ रखा गया है। इस इवेंट में जामनगर की संस्कृति से प्रेरित पारंपरिक ड्रेसेस पर फोकस रहेगा। समापन इवेंट का शीर्षक हस्ताक्षर है। इसमें ड्रेस कोड हेरिटेज वियर रहेगा।







### विदेश के मेहमानों को भी मिला न्योता

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की बेटी इवांका, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग, माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स, अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण, वॉल्ट डिज्नी के सीईओ बॉब इगर, ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक, एडनोक के सीईओ सुल्तान अहमद अल जाबेर शामिल हैं। भारतीय उद्योग जगत के दिग्गजों गौतम अडाणी, टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन, आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला, गोदरेज परिवार, इन्फोसिस के प्रमुख नंदन नीलेकणि, आरपीएसजी समूह के प्रमुख संजीव गोयनका, विप्रो के ऋषद प्रेमजी, बैंकर उदय कोटक को भी इन समारोहों के लिए आमंत्रित किया गया है।

### बाहुबली की टीम सेट तैयार कर रही

प्री- वेडिंग सेलिब्रेशन के लिए दो महीने से भव्य मुंब सेट का निर्माण चल रहा है। बाहुबली फिल्म ने में सेट डिजाइनर्स इसे तैयार कर रहे हैं। सेट बेट की डिजाइन शीश महल जैसी रखी गई है। इसके अलावा गुजरात की महिलाएं शादी के लिए बांधनी स्कार्फ तैयार कर रही हैं। रिलायंस फाउंडेशन ने इससे जुड़ा वीडियो शेयर किया, चेयरपर्सन नीता अंबानी भी इन महिलाओं के साथ नजर आ रहीं हैं।